लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार


वर्ष 5, अंक 348, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 3 नवंबर 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कैसे मिले पराली जलाने की दुश्वारियों से निजात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 31.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06:25 सूर्यास्त 05:26



59 वर्ष के हुए सुपरस्टार शाहरुख खान...13

## मथुरा में गोवर्धन पूजा



मथुरा में शनिवार को श्रद्धा एवं उल्लास से गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन पर्वत की सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए निकल पड़े जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर भक्त गोवर्धन पहाड़ी पर एक मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं। ● एजेंसी

# दर्शन, पूजन, फतवा और मंदिर शुद्धिकरण का सियासी रण

## सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम ने शिवलिंग का किया जलाभिषेक, भक्तों ने गंगाजल से शुद्ध किया वनखंडेश्वर मंदिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने दीपावली पर पी रोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाया और दीप जलाए। इस घटना के बाद उनके खिलाफ फतवा आ गया और शनिवार सुबह कुछ भक्तों ने मंदिर पहुंचकर गंगा जल से शुद्धिकरण किया। सपा प्रत्याशी गुरुवार रात वनखंडेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पुष्प अर्पित किए। देवी-देवताओं की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर जीत की प्रार्थना की। शनिवार को महेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय, पार्षद विवेक शर्मा, बाला जी सेवा समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल आदि ने मंदिर का शुद्धिकरण किया। इस बीच आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने नसीम की मंदिर में पूजा के खिलाफ फतवा जारी कर दिया कि उन्हें तौबा करनी चाहिए।



वनखंडेश्वर मंदिर में पूजन करतीं सीसामऊ सीट से सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी। ● अमृत विचार

### सोलंकी परिवार ने कभी विरोध और फतवे की नहीं की परवाह

सोलंकी परिवार हमेशा से वनखंडेश्वर मंदिर में हाथ जोड़ता रहा है और फतवे या विरोध की परवाह नहीं की। प्रत्याशी नसीम सोलंकी के ससुर पूर्व विधायक स्वर्गीय हाजी मुश्ताक सोलंकी ने जब मंदिर में हवन किया था, तब उनके खिलाफ इस्लाम से खारिज होने का फतवा आ गया था। इस पर उनके समर्थकों ने फतवा लेने वाले के यहां धावा बोल दिया था। हाजी मुश्ताक के पुत्र तत्कालीन विधायक इरफान ने वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव से पहले मंदिर को अपनी निधि से 50 लाख रुपये दिए थे।

### मैं तकलीफ में, जहां कोई कहता, वहां चली जाती हूं

प्रत्याशी नसीम सोलंकी का कहना है कि मैं तकलीफ में हूं, जहां कोई कहता है, वहां चली जाती हूं। इसमें वोट बैंक जैसी राजनीति नहीं है। हमें हर वर्ग का वोट मिलता है। हमारे मजहब में यह नहीं बोला गया है कि आप दूसरे मजहब का निरादर करें।

### मुख्य पुजारी बोले- मंदिर को न बनाएं राजनीति का अड्डा

वनखंडेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी राम नरेश मिश्रा ने कहा कि मंदिर को राजनीति का अड्डा बनाना उचित नहीं है। मंदिर समिति व पुजारियों द्वारा कोई शुद्धिकरण कार्यक्रम नहीं किया गया है। यह काम कुछ भक्तों ने धार्मिक भावना को ठेस पहुंचने के कारण किया है।




# लश्कर के शीर्ष आतंकी समेत तीन ढेर, चार सुरक्षाकर्मी घायल

## श्रीनगर के खानयार इलाके और अनंतनाग में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में शनिवार को अलग-अलग मुठभेड़ों में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकवादी सहित तीन आतंकवादी मारे गए जबकि चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के अनंतनाग जिले में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि श्रीनगर में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने पुराने श्रीनगर के खानयार इलाके में शुक्रवार की रात संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान के बाद आज फिर से शुरू किया। इसी दौरान वहां मौजूद आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी और सेना के जवाबी हमले के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। श्रीनगर में दो साल से अधिक समय बीतने के बाद पहली बार मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शहर के खानियार इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) वीके. बिरदी ने कहा कि घेराबंदी के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियों की बौछार कर दी गई।

उन्होंने कहा कि इसके बाद अभियान शुरू हुआ जो सुबह से शाम तक चला। ऑपरेशन में लश्कर का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। बिरदी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान उस्मान लश्करी उर्फ छोटा वलीद के रूप में की है। आईजी ने कहा कि निरीक्षक मसरूर अहमद वानी की हत्या में उस्मान लश्करी की भूमिका और संलिप्तता सामने आई है। पुलिस निरीक्षक मसरूर को पिछले साल नवंबर में श्रीनगर के ईदगाह मैदान में क्रिकेट खेलते समय गोली मार दी गई थी। एक महीने बाद नई दिल्ली के एम्स में उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में आखिरी मुठभेड़ 20 सितंबर, 2022 को नौगाम इलाके में हुई थी, जिसमें अंसार गजवत-उल-हिंद के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे। प्रदेश में अनंतनाग जिले में एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अनंतनाग के लारनू इलाके में तब शुरू हुई जब इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी पर संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान अभी भी जारी है।



श्रीनगर के खानयार इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाकर्मी।

### बांदीपोरा में भी आतंकियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है, जहां शुक्रवार देर रात गोलीबारी हुई थी। सेना ने कहा कि कल देर शाम बांदीपोरा के पनार इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी गई और जब आतंकवादियों को चुनौती दी गई, तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जंगल की ओर भाग गए। तलाशी अभियान चल रहा है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में उत्तर प्रदेश के दो श्रमिकों पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाने के कुछ घंटों बाद बांदीपोरा में गोलीबारी की घटना हुई।

# पकौड़ी ज्यादा बिकने पर ठेलेवाले की पीटकर हत्या

## थाना कैंट क्षेत्र के बारीनगला में पिता-पुत्रों ने लाठी-डंडों से किया हमला

संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र में गांव बारीनगला की बाजार में दुकान (ठेला) पर ज्यादा पकौड़ी बिकने के विवाद में पिता-पुत्रों ने पड़ोसी पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। परिजन घायल को जिला अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि एक फरार है।

गांव बारीनगला निवासी अरविंद ने बताया कि उनके पिता राजीव सक्सेना (35) एक साल पहले बुखारा-फरीदपुर मार्ग पर एक फैक्ट्री के सामने चाट-पकौड़ी की दुकान लगाते थे। एक साल पहले फैक्ट्री बंद होने की वजह से गांव में बुधवार और रविवार को लगने वाली बाजार में दुकान लगाने लगे। बाजार में गांव के ही मेवाराम और उनके दो बेटे सुनील और मुनील भी दुकान लगाते हैं। उनके पिता की दुकान पर अधिक ग्राहक आकर पकौड़ी खरीदने लगे और मेवाराम की दुकान पर ग्राहक कम हो गए। इससे तीनों पिता-पुत्र उनके पिता से रंजिश मानने लगे। तीनों ने कई बार उनके पिता से कहीं और दुकान लगाने को कहा। शनिवार शाम करीब 7:30 राजीव घर के बाहर खड़े थे, तभी मेवाराम, सुनील और मुनील हाथों में लाठी डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और हमला कर दिया। परिजन राजीव को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। अरविंद ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ प्रथम पंकज मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मेवाराम और सुनील को हिरासत में ले लिया, जबकि मुनील फरार हो गया। राजीव की मौत से उनकी पत्नी अनीता, बेटे अरविंद, कुलदीप, दीपक और बेटी स्वाति बेहाल हैं।



घटनास्थल पर पहुंचे एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव।



राजीव सक्सेना

● अपनी दुकान की बिक्री घट जाने से नाराज थे आरोपी

"बारीनगला में दो पक्षों में पकौड़ी का ठेला लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसमें राजीव की चोट लगने से मौत हो गई। दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है। -**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

## एक नजर

### दुर्घटनावश गोली चलने से सैनिक की जान गई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के रावलपोरा इलाके में तैनात सैनिक की राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की पहचान नहीं हो पाई है।

### पटाखों में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया शहर में शुक्रवार को पटाखा फोड़ने के दौरान आग लगने से तीन बच्चों की जलकर मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घटना उलुबेरिया के बाजारपारा इलाके में शुक्रवार शाम को काजल शेख के घर में हुई और तीन बच्चों में से एक उसके परिवार का था जबकि अन्य पड़ोसी थे।

### चीमा ने पीएचएचपीसी के एडीजी का पद संभाला

**चंडीगढ़।** मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीसी) के 13वें अतिरिक्त निदेशक जनरल (एडीजी) के रूप में कार्यभार संभाला है। नई भूमिका में चीमा एनसीसी निदेशालय की देखरेख करेंगे, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में आठ समूह मुख्यालय शामिल हैं।

### शिवसेना (हिंद) नेता के घर पर फेंका पेट्रोल बम

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना स्थित मॉडल टाउन में शनिवार तड़के शिवसेना (हिंद) के एक नेता के आवास पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल बम फेंका। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवारों को शिवसेना (हिंद) की सिख इकाई के नेता हरजोत सिंह खुराना के घर की ओर बोतल फेंकते देखा जा सकता है।

# गर्म खिचड़ी का भगौना पलटा, 10 श्रद्धालु झुलसे

मथुरा, एजेंसी

● वृंदावन के गौरी गोपाल आश्रम में भोजन वितरण में हुई घटना

मथुरा में वृंदावन के गौरी गोपाल आश्रम में भोजन वितरण के दौरान एक कर्मचारी का पैर फिसल जाने से गर्म खिचड़ी से भरा भगौना श्रद्धालुओं पर पलट गया जिससे पश्चिम बंगाल की 10 महिलाएं झुलस गईं।

अधिकारियों ने बताया कि सभी महिलाओं को आश्रम की एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसीं दो श्रद्धालुओं को तुरंत आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम बंगाल के कुछ श्रद्धालुओं का एक समूह वृंदावन आया हुआ है। शुक्रवार सुबह सभी श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग संत कॉलोनी स्थित गौरी गोपाल आश्रम पहुंचे जहां सभी श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए कतार में खड़े थे लेकिन तभी खिचड़ी से भरा भगौना लेकर आ रहे एक कर्मचारी का पैर फिसल गया जिससे गर्म खिचड़ी श्रद्धालुओं के ऊपर गिर गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान 10 महिला श्रद्धालु झुलस गईं।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में पाया गया गोला-बारूद



● दुबई से दिल्ली पहुंची थी उड़ान, पुलिस कर रही जांच

**नई दिल्ली।** दुबई से दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट में गोला-बारूद मिला। सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट के स्टाफ ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और मामले की सूचना पुलिस को दी। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक 27 अक्तूबर को दुबई से दिल्ली में उतरने के बाद उड़ान एआई-916 की एक सीट की जेब में एक गोला-बारूद, कारतूस पाया गया था। सभी यात्रियों को उतारने के बाद तुरंत हवाईअड्डा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में जांच की जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने तय सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए तुरंत एयरपोर्ट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# लॉरेंस के भाई अनमोल को अमेरिका से लाने की तैयारी

मुंबई, एजेंसी



● मुंबई पुलिस ने प्रत्यर्पण के लिए गृह मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण का एक प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा है। अनमोल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या सहित कुछ चर्चित मामलों में नामजद आरोपी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने मुंबई पुलिस को अनमोल बिश्नोई के उनके देश में मौजूद होने की सूचना दी, जिसके बाद यह प्रस्ताव भेजा गया है। पिछले महीने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि वह भगोड़े अपराधी अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करना चाहती है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा है, जिसे वहां से विदेश मंत्रालय को भेजा जाएगा।

# जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत, एक घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के पास शनिवार को तीन हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। माना जा रहा है कि ये हाथी उसी झुंड का हिस्सा हैं, जिसके 10 हाथी इस सप्ताह की शुरुआत में मृत पाए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बीटीआर से करीब 10 किलोमीटर दूर देवरा गांव में रामरतन यादव (50) शौच के लिए गए थे तभी हाथियों ने उनपर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद तीनों हाथियों ने बीटीआर के बफर जोन के ब्राहे गांव में भैरव कोल (35) को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया और बांका गांव में मालू साहू (32) को घायल कर दिया। इससे टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में दहशत है। यह पूछे जाने पर कि क्या तीनों हाथी झुंड का हिस्सा हैं, जिसपर उमरिया प्रभागीय वन अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि हाथियों पर नजर रखी जा रही है और उनकी पहचान के बारे में कोई भी अंतिम निर्णय निगरानी प्रक्रिया से डेटा एकत्र करने के बाद ही होगा।

● बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे गांवों में दहशत

# संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

नई दिल्ली, एजेंसी

● पेश हो सकता है एक राष्ट्र-एक चुनाव और वक्फ विधेयक
● जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जा प्रस्ताव पर चर्चा संभव

18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल पेश किए जा सकते हैं, जिनमें एक राष्ट्र-एक चुनाव और वक्फ विधेयक शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी सत्र में पास किया जा सकता है।

शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। दरअसल विपक्षी दल एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध कर रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। उधर सरकार इस बिल पर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। इस बिल के विरोध में विपक्षी दल सदन में हंगामा कर सकते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही कहा है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 शीतकालीन सत्र में पारित किया जाएगा। इस सत्र के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। संसद का संयुक्त सत्र 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जा सकता है। वक्फ विधेयक पर बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है।

# आठ दवाओं की कीमतें बढ़ाने पर प्रधानमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आठ आवश्यक दवाओं की कीमतें बढ़ाने के एक हालिया फैसले पर चिंता व्यक्त की है और मूल्य निर्धारण के असर का आकलन करने लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति बनाने का आग्रह किया। टैगोर ने 25 अक्टूबर की तिथि वाले पत्र में कहा कि वह राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली आठ दवाओं की अधिकतम कीमतों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के हालिया फैसले के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए यह पत्र लिख रहे हैं।

**कारोबार** मैनमेड हीरे ने असली के भाव गिराए, अब बड़े पैमाने पर यही बिक रहा, मैनमेड और प्राकृतिक हीरे के दाम में 3 .25 लाख रुपये कैरेट का फर्क

# सोना से हार गया हीरा... लैब वाले हीरे से बिक्री भी हुई ठप

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** सोने ने भाव के सामने हीरा नतमस्तक है। छह साल पहले तक हीरा चार लाख रुपये कैरेट तो सोना 31438 रुपये का 10 ग्राम था। तब से सोने के दाम लगातार बढ़ रहे लेकिन हीरे के घट गए। छह साल में सोना 250 प्रतिशत बढ़कर 80 हजार पार है तो हीरा 12 फीसदी से ज्यादा घटकर 3.50 लाख रुपये कैरेट पर आ गया। मैनमेड हीरा या लैब वाला हीरा (एलजीडी) इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है। हीरे की रीसेल वैल्यू कम होना भी हीरे के दामों में कमी का कारण माना जा रहा है।

सराफा बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि मैनमेड हीरे के आने के बाद हीरे के भाव गिरे हैं। मैनमेड हीरे की चमक असली जैसी ही होती तो है। महिलाएं मैनमेड हीरे के गहने पहन कर सस्ते में शौक पूरे कर लेती हैं। कीमत कम होने से इसकी बिक्री ज्यादा होती है। असली हीरा अब 3.50 लाख से 3.60 लाख रुपये कैरेट तो मैनमेड 25 से 35 हज़ार रुपये कैरेट है। असली और नकली हीरे को विशेषज्ञ ही पहचान सकता है। हर ज्वेलर के पास हीरा परखने वाली आधुनिक मशीन भी नहीं है, यह मशीन 15 से 50 लाख तक की है और इसी कारण हर विक्रेता इसे नहीं रखता। ऐसे में खरीदार को विक्रेता पर यकीन करने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आभूषण कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि मैनमेड हीरे ने असली हीरे के दाम भी गिरा दिए हैं। अब हीरे से ज्यादा लोग सोना खरीद रहे हैं। निवेश के मद्देनज़र भी लोग सोने को ही प्राथमिकता देते हैं। हां, जिन्हें हीरे से ही प्यार है, वे भविष्य में मुनाफे की नहीं सोचते। इस धनतेरस में हीरे के मुकाबले सोने के गहने ज्यादा बिके।



### ऐसे तैयार होता है मैनमेड हीरा

कृत्रिम हीरा बनाने के लिए कार्बनयुक्त गैस भरे वैक्यूम चैंबर में रखा जाता है और चैंबर को 800 से 900 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर गर्म किया जाता है। चमक आने के बाद तराश कर और पैक कर बाजार में उतारा जाता है। असली हीरा जमीन /खान के भीतर से सैकड़ों साल बाद निकलता है। फिर इसे तराशा जाता है।

### खरीदने में बरतें सावधानी

प्रतिष्ठित आभूषण कारोबारी से ही खरीदें। बिल और गारंटी कार्ड लें और उसकी री-सेल वैल्यू भी जान लें। प्रतिष्ठित संस्थान का सर्टिफिकेट भी लें, जिसमें लिखा हो कि यह हीरा असली और परख पर खरा है।

### पांच हजार रुपये में हीरे की अंगूठी, एक लाख का सेट...

हीरा विशेषज्ञ श्रेयांश कपूर ने बताया 2018 में मैनमेड हीरा आने के बाद असली हीरे के दाम कम होते गए। अब मात्र पांच हज़ार में हीरे की अंगूठी, 10 से 20 हज़ार में ईयरिंग और एक से डेढ़ लाख तक में सेट उपलब्ध है। एक कैरेट हीरे में सौ सेंट होते हैं। अंगूठी तो पांच से सौ सेंट तक की बनती है। सोने के दाम एक साल में 32 % तक बढ़ गए जबकि हीरे के स्थिर हैं।

## एक नजर

### कुल्हाड़ी मारकर पत्नी को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम रानीगंज निवासी तेजवती ने सुनगढ़ी पुलिस को बताया कि उसकी शादी ग्राम जंगरौली पुल निवासी अशोक कुमार से हुई है। चार अक्टूबर की शाम पांच बजे पति शराब पीकर घर आया और उससे बेवजह गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर हमलावर हो गया। कुल्हाडी से सिर पर बार करके लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर पड़ोस की जगदेवी, मीना देवी, आकाश कुमार व विकास पहुंच गए और उसे बचाया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सुनगढ़ी इलाके से किशोर लापता, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी क्षेत्र की कांशीराम आवास कॉलोनी नौगवां पकड़िया निवासी तुसलीम ने पुलिस को बताया कि एक नवंबर को उसका 14 वर्षीय पुत्र आरिश घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजन ने उसे तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। वह मोबाइल अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जिला अस्पताल से बाइक चोरी, एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खैरुल्लाहशाह निवासी सलीम मियां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अक्टूबर को वह बाइक पर सवार होकर मां की दवाई लेने जिला अस्पताल गए थे। अपनी बाइक जिला अस्पताल परिसर में पीछे की तरफ खड़ी की थी। सुबह साढ़े दस बजे जब वह दवा लेकर वापस आए तो बाइक नदारद थी। बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाशने के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रयो, मैं तो गोवर्धन को जाऊं..

## घरों और मंदिरों में परंपरागत तरीके से की गई गोवर्धन की पूजा, छप्पन भोग लगाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिले में शनिवार को गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना परंपरागत तरीके से की गई। घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ ही संकीर्तन हुए। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लोगों ने अपने और परिवार की खुशहाली के लिए मनौतियां मांगी। दिनभर भजन कीर्तन का दौर चला। घरों में गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर पूजा अर्चना की गई। छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया।

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में श्री गिरिराज महाराज का दिव्य पूजन एवं अन्नकूट महोत्सव अग्रवाल सभा भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और भजन गाए। गणेश वंदना के साथ संकीर्तनकर्ताओं ने कार्यक्रम की शुरुआत की। हनुमान चालीसा का पाठ, गुरु वंदना, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे.., हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे.., महामंत्र का उच्च स्वर से नाम संकीर्तन किया गया। गिरिराज महाराज की महिमा का वर्णन करते हुए भक्तों ने श्रीगोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रयो, मैं तो गोवर्धन को जाऊं.., मेरे वीर ना माने मेरो मनवा। छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज। तेरो सब संकट मिट जाए तू पूजा कर गोवर्धन की। गिरिराज धरण हम तेरी शरण आदि सुंदर भजन गाकर सभी भक्तजनों को नृत्य करने पर विवश कर दिया। सभी भक्त पुष्प वर्षा के साथ गिरिराज महाराज की जय जयकार कर रहे थे। सभी ने श्री गिरिराज महाराज की परिक्रमा की। फिर श्री गिरिराज महाराज की दिव्य आरती की गई। कार्यक्रम में बरेली पूरनपुर कलीनगर माधोटांडा न्यूरिया मझोला आदि से भक्तगण बड़ी संख्या में पधारे। श्री गिरिराज महाराज की तलहटी में श्री मानसी गंगा के दिव्य दर्शन सभी को हो रहे थे। मंडल के संकीर्तनकार अजय पांडे, शिवम सैनी, शशांक अग्रवाल, कमल यादव ने गणेश व गुरु वंदना के साथ संकीर्तन की शुरुआत की। इस मौके पर संकीर्तन मंडल के संरक्षक डॉ.एसके अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्र, प्रमोद पंत, अतुल अग्रवाल, दीपक गोयल, अवधेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, मुरली मनोहर अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अभिषेक सिंह गोल्डी, शिवम सहगल, शौर्य अग्रवाल, अटल शुक्ला, ब्रजेश कुमार आदि रहे।



अग्रवाल सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में भजन गाते श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

# बीसलपुर में श्रद्धापूर्वक की गई गोवर्धन महाराज की पूजा

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** नगर सहित क्षेत्र भर में गोवर्धन पूजा श्रद्धा पूर्वक हुई। शनिवार सुबह से ही पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। महिलाओं ने उपवास रखकर घरों के आंगन में गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाते भगवान श्री कृष्ण की सुंदर मूर्ति गोबर से बनाई। आकर्षक ढंग से रंगोली सजाई गई और पूजा अर्चना की। गोवर्धन पूजन के भजन गाए।

मोहल्ला दुबे स्थित एक बरात घर में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज गुप्ता की ओर से कार्यक्रम कर कन्याओं को उपहार दिए गए। इस मौके पर राजेश दुबे, शिवेंद्र शुक्ला, अशोक दीक्षित, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। ग्रामीण अंचलों में भी गोवर्धन पूजा का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। ग्राम पस्तोर कुइयां में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व ग्राम प्रधान कांति मिश्रा की ओर से गोवर्धन पर्वत की सुंदर रंगोली गोबर से सजाई गई। उसका पूजन किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा संचालित बालाजी मढ़ी मंदिर पर गोवर्धन पर्व के अवसर पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर एक बजे सर्वप्रथम कन्याओं को भोज कराकर उपहार दिए गए। फिर ब्रह्म भोज के बाद भंडारा शुरू हुआ। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन किए गए। प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल,प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार मिश्र,रामकुमार , डॉ. सर्वेश अग्रवाल, धनंजय भदौरिया, वीरेंद्र लोहिया, प्रमोद अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।



बीसलपुर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार



गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा करती महिला। ● अमृत विचार

# बिलसंडा में परंपरागत तरीके से मना गोवर्धन पर्व



कान्हा गोशाला में गोपूजन करते बिलसंडा चेयरमैन डीके गुप्ता।

- सभासदों के साथ कान्हा गोशाला पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष
- गाय को स्नान कराने के बाद किया पूजन, चना गुड़ खिलाया

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** गोवर्धन पूजा नगर सहित पूरे क्षेत्र में परंपरागत तरीके से हुई। घरों में महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर उन पर खील, पेड़ा, दूब घास चढ़ाकर पूजा अर्चना की।

गोवर्धन पूजा के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता सभासदों के साथ नगर में स्थित कान्हा गोशाला पहुंचे। उन्होंने गायों को स्नान कराकर उनके पैर पूजन किए। इसके बाद गुड़ चना और मिठाई खिलाकर गोवंश के मस्तिष्क पर रोली का तिलक लगाया।

गोवंश का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण के युग से चली आ रही है। गोमाता की पूजा अवश्य करें। इस मौके पर सभासद सुधांशु पारासर, रामकिशोर प्रजापति, मोहम्मद रफीक अंसारी,रजत सागर,सलीम मंसूरी,भाजपा नगर अअध्यक्ष विक्रम गंगवार, जलालुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारत हिन्दू महासभा पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण



**पीलीभीत :** अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से शनिवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया। मुहिम के संयोजक प्रेम सागर शर्मा की अगुवाई में एकता सरोवर पर नीम का पौधा लगाया गया। इसके अलावा कई अन्य पौधे भी रोपित किए गए। कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। कार्यकर्ताओं ने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, मयंक जायसवाल, शलभ सिंह, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, अनिल कुमार, चेतन श्रीवास्तव, अनुज आदि मौजूद रहे।

## गोशाला में पूजा के बाद विधायक और अफसरों ने की गोसेवा

- गोशाला में आश्रित गोवंश को चना व गुड़ खिलाया

**पीलीभीत, अमृत विचारः** गोशाला पहुंचे बरखेड़ा विधायक और डीएम व अधिकारियों ने गोवर्धन पूजा की। गायों को गुड़ और फल खिलाए। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, डीएम संजय कुमार शनिवार को हरकिशनापुर, बसंतापुर गोशाला, खाईखेड़ा गोशाला पहुंचे। जहां उन्होंने विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। पूजन के बाद सभी ने गोशाला में आश्रित गोवंश को गुड़ और फल खिलाए। विधायक ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए सभी से गाय को पूजने और उनकी सेवा करने की अपील की।



बरखेड़ा में गोवर्धन पूजा करते विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। ● अमृत विचार



गोशाला पहुंचे डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

# जंगली हाथियों ने रौंदी गन्ने की फसल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** एक महीने बाद जंगल से निकले हाथियों ने फिर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। किसानों की गन्ने की फसल रौंद डाली। हाथियों की दस्तक के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं।

करीब तीन महीने पहले सेहरामऊ क्षेत्र में जंगली हाथियों ने दस्तक दी थी। हाथियों के झुंड धान और गन्ने की फसलों को रौंद रहे थे। लगभग एक महीने पहले हाथी जंगल में लौट गए। मगर शुक्रवार रात दोबारा जंगल से निकले हाथियों ने दस्तक दी। हाथियों का झुंड खंजनपुर गांव के पास पहुंचा। इसके बाद गांव के राकेश कश्यप, धनंजय सिंह, बब्बू, महेश, रावेंद्र आदि की गन्ने की फसल रौंद कर नष्ट कर दी। शनिवार सुबह किसानों को जानकारी लगी तो वह खेतों की ओर पहुंचे। इस दौरान खेत में हाथियों का गोबर और उनके पैरों के निशान मिले। गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचाया।

## वाहन की टक्कर से बालिका की मौत

**पूरनपुरः** कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द के रहने वाले अनूप कुमार की बेटी शिखा देवी शनिवार को बालामनी रोड पर जा रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन ने बालिका को टक्कर मार दी। वाहन चालक घायल बालिका को मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने परिजनों को हादसे के बारे में बताया। इस पर परिजन मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में बच्ची को सीएचसी लेकर आए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

# सीओ से मिले सपा नेता, ज्ञापन दिया

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को सीओ से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सपा नेता संजय खान पर दर्ज किए गए दुष्कर्म के मुकदमे को फर्जी बताते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होने के बाद सीओ पूरनपुर को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष संजय खान पर बीते दिनों दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया था। उनका आरोप है कि खुद को पीड़ित दर्शाने वाली महिला इससे पहले भी कई लोगों पर फर्जी मुकदमे लिखवा चुकी है। इस महिला से संजय खान का दूर -दूर तक कोई वास्ता नहीं है। विरोधियों द्वारा महिला को आगे करके फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ये भी कहा कि करीब एक सप्ताह से संजय खान अपने बच्चे के इलाज को लेकर बरेली के एक निजी अस्पताल में हैं। इस बीच वह पूरनपुर आए ही नहीं है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं पर लिखे जा रहे मुकदमों को एक पक्षीय कार्रवाई बताया। इसे उत्पीड़न बताते हुए सियासी लाभ लेने की साजिश करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि फर्जी मुकदमे व उत्पीड़न नहीं रोका गया तो आंदोलन किया जाएगा। सीओ पूरनपुर विशाल चौधरी ने निष्पक्ष विवेचना कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक अरशद खान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र, उमाशंकर यादव,अजय भारती, पवन सिंह यादव,नोमान अली वारसी,हाजी लाडले,तौफीक अहमद क़ादरी,इमरान खान,राजपाल भारती,अहीद खान, अकील खान,अमन यादव,जाहिद खां,नदीम खान,कैलाश यादव आदि थे।



सीओ पूरनपुर को ज्ञापन देने पहुंचे सपा नेता। ● अमृत विचार

- मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

# भैयादूज से एक दिन पहले बसें और ट्रेनें फुल, सीट को लेकर मशक्कत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भैयादूज से एक दिन पहले भाइयों के घर जाने वाली बहनों को सफर के दौरान बसों और ट्रेनों में भारी मशक्त करने पड़ी। रेलवे जंक्शन, रोडवेज व अन्य लोकल रूटों पर यात्रियों की भीड़ रहने से सवारी को लेकर मारामारी रही। ग्रामीण इलाकों में डग्गामार वाहन सहारा बने।

भैया दूज पर्व रविवार को मनाया जाएगा। दूर दराज रहने वाली बहनें एक दिन पहले शनिवार को ही अपने घर से निकल पड़े। इससे रेलवे जंक्शन, रोडवेज व अन्य रूटों पर भीड़-भाड़ देखने को मिली। रेलवे जंक्शन पर महिलाओं की भीड़ ज्यादा रही। वहीं, पांच नवंबर से शुरु होने वाली छठ पूजा को लेकर पहले से ट्रेनों में भीड़ चल रही है। भैया-दूज के एक दिन पहले शनिवार को ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची।

टनकपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। इस वजह से किसी भी यात्री को तत्काल में रिजर्वेशन नहीं मिल सका। सामान्य दिनों की तुलना ट्रेनों में 20 फीसदी तक यात्रियों की बढ़ोतरी बीते कई दिनों से देखने को मिल रही है। रोडवेज बस स्टैंड और शहर के प्रमुख चौराहों पर दिनभर यात्री सवारी का इंतजार करते नजर आए। सिर्फ बरेली रूट पर जाने आने वाले यात्रियों को समय से बस मिलती रही। टनकपुर, पूरनपुर, बिलसंडा, मैलानी पलिया, लखीमपुर खीरी के रूटों पर यात्रियों को बसें नहीं मिल सकीं। बीसलपुर रूट पर यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। किसी ने मैजिक तो कोई प्राइवेट बस में अपनी मंजिल तक पहुंचा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में यात्रियों को ई-रिक्शा, पिकअप, मैजिक आदि से सफर करना पड़ा। वहीं, बरेली से टनकपुर को आने जाने वाली ट्रेनों में भीड़ देखने को मिली। देर रात तक हाईवे पर लोगों के आने जाने का सिलसिला जारी रहा।



रेलवे जंक्शन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़ । ● अमृत विचार

- परिवहन निगम ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए कसी कमर, बढ़ाए गए रोडवेज बसों के फेरे
- मिठाई की दुकानों पर रही भीड़ जमकर हुई खरीदारी, अच्छे कारोबार से व्यापारी खुश

### मिठाई की दुकानों पर दिनभर रही ग्राहकों की भीड़

जिले में दिवाली पर 10 से 15 करोड़ की मिठाई बिकने का अनुमान था, जिसकी वजह से मिठाई की दुकानों के सभी काउंटर खाली हो गए थे। भैया दूज के लिए कई दिनों से मिठाई बनाई जा रही है। शुक्रवार देर रात तक मिठाई बनाने का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद शनिवार सुबह से ही मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ना शुरु हो गई। मिठाई को लेकर दिन भर मारामारी मची रही। कारोबारियों की मानें तो दिवाली की तरह सेल रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### दुकानों पर सजे उपहार, गोले-मेवा की आई बहार

भैयादूज पर भाई का तिलक लगाने के साथ गोला देने का रिवाज है। भैया दूज को लेकर बाजार में दुकानों पर उपहार और गोले मेवा सजाए गए। ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। इस बार गोला 220 से 250 रुपये किलो तक बिका। जबकि पिछली बार गोला 200 रुपये किलो बिका था। वहीं बहनों को उपहार देने के लिए गिफ्ट गैलरी भी गुलजार हैं। काजू,बादाम, किशमिश आदि मेवा के गिफ्ट पैक की बिक्री हो रही है। इसके अलावा अन्य तरह के उपहार भी लोग खरीदारी कर रहे हैं।



बीसलपुर रोड पर मैजिक में बैठते यात्री। ● अमृत विचार



ट्रेन आने के बाद पीलीभीत स्टेशन से बाहर निकलते यात्री। ● अमृत विचार

### परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए

भैया दूज को लेकर परिवहन निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। भाई-बहनों की सुविधा के लिए रोडवेज की ओर से स्थानीय मार्ग पर चलने वाली बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। साथ ही लंबी दूरी वाले मार्गों पर अधिक बसों का संचालन होगा। जिससे यात्रियों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। पीलीभीत डिपो से 103 बसों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 96 बसें निगम की और सात अनुबंधित हैं। भैया दूज को लेकर अधिकारियों ने लोकल मार्गों पर बसों के फेरे बढ़ाने के साथ ही सवारियों की संख्या के सापेक्ष बसों के संचालन शुरु करा दिया है। एआरएम पवन कुमार श्रीवास्तव के अनुसार दिल्ली मार्ग पर अधिक सवारियां निकलने का अनुमान है। इस वजह से दिल्ली मार्ग पर अधिक गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। मौजूदा समय में इस मार्ग पर करीब 40 बसों का संचालन किया जा रहा है। अब इस मार्ग पर 12 बसें और बढ़ा दी गई हैं। इसी तरह कानपुर पर तीन, मथुरा दो, अलीगढ़, दो, लखनऊ तीन और हरिद्वार रुट पर तीन बसों का संचालन कराया जा रहा है। लोकल रुटों में पूरनपुर मार्ग पर करीब सात और बीसलपुर मार्ग पर छह बसों का संचालन हो रहा है। इन मार्गों पर बसों के फेरे बढ़ाकर लोगों को यात्रा कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

मास्टर कूपन सं.-10
उपहार ही उपहार
03.11.2024

# तराई के किसानों के लिए मुसीबत बना पराली प्रबंधन

## लाखों की बेलर मशीन खरीदकर बनाए पराली के बंडल, अब ढूंढे नहीं मिल रहे खरीददार, बेलर संचालक इधर-उधर भटकने को मजबूर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** खेतों में पराली (फसल अवशेष) जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। सरकार की ओर की गई सख्ती के बाद स्थानीय स्तर पर फरमान जारी किया गया। किसानों को पराली जलाने के बजाय उसे गोशालाओं में दान देने और बेलर मशीनो से बंडलिंग कर बिक्री करने की राय दी गई। इस पर कुछ किसानों ने लाखों रुपये की बेलर मशीनें खरीद लीं। दिन-रात मेहनत करके क्विंटलों पराली के बंडल बना लिए। मगर, अब बेलर मशीन संचालक पराली के बंडलों की बिक्री करने को इधर-उधर भटक रहे हैं। बताते हैं कि कुछ फैक्ट्री पराली बंडल लेने को तैयार हैं, लेकिन उनके दाम इतने कम है कि इन बेलर मशीन संचालकों को खासा घाटा हो रहा है।

तराई के इस कृषि प्रधान जिले में बड़े पैमाने पर किसानों ने धान की पैदावार की है। अक्टूबर माह के शुरु से धान की कटाई शुरू हो गई थी। इसके साथ जिला प्रशासन की ओर से पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना डालने के साथ उन्हें पीएम सम्मान निधि व अन्य योजनाओं से वंचित करने एवं शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी भी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी सुझाव दिया गया कि वे खेतों में पराली न जलाकर उसे गोवंश के चारे के लिए गोशाला भिजवा दें या फिर बेलर मशीनों से पराली की बंडलिंग कर उन्हें बिक्री करें। इस पर कुछ किसानों ने इनकम बढ़ाने की चाह में लाखों रुपये कीमत की बेलर मशीनें खरीद लीं। इनमें से कुछ किसानों ने कृषि विभाग की सहायता से बेलर मशीनें खरीदीं। धान कटाई के साथ खेतों में बड़े पैमाने पर बेलर मशीनों के माध्यम से पराली की बडलिंग कर एक स्थान पर एकत्र करना शुरू कर दिया। चूंकि इस काम में बेलर मशीन संचालकों को किसान को कोई पैसा नहीं देना होता है। इसलिए एक-एक बेलर मशीन संचालक ने दिन-रात मेहनत करके बड़ी मात्रा में पराली की बंडलिग कर डाली और खेतों को कुछ दिन के लिए किराए पर लेकर ढेर लगा दिए।


खेत में पराली पर चलाई जा रही बेलर मशीन। ● अमृत विचार


खेत में इकट्ठा करके रखे गए पराली के बंडल। ● अमृत विचार

- खेतों में पड़े 14 हजार मीट्रिक टन पराली के बंडल, बिक्री के लिए भटक रहे बेलर संचालक

> बेलर मशीन संचालकों का मामला संज्ञान में है। जनपद में बड़ी मात्रा में पराली बंडल बनाए गए हैं। इनकी बिक्री से संबंधित व्यवस्था की जा रही है। फैक्ट्री संचालकों से वार्ता हुई है। जल्द ही कोई हल निकाला जाएगा। - **नरेंद्र पाल**, उप कृषि निदेशक

### चौतरफा परेशानियों से घिरे 50 से अधिक बेलर मशीन संचालक

कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में इस समय करीब 14 हजार मीट्रिक टन पराली बंडल मौजूद है। 50 से अधिक बेलर मशीन संचालक हैं। पराली बंडलों की एचपीसीएल बदायूं और उत्तराखंड की कुछ फैक्ट्रियों द्वारा खरीद की जाती है। मगर इस बार खरीद न के बराबर है। बेलर मशीन संचालकों के मुताबिक एसपीसीएल बदायूं इस बार खरीद ही नहीं कर रहा है। वहीं, उत्तराखंड की कुछ फैक्ट्रियां पराली बंडल खरीद तो रही हैं, मगर उनके दाम इतने कम है कि उससे इन बेलर मशीन संचालकों को खासा घाटा होने की आशंका है। पराली बंडलों की बिक्री न होने से इन बेलर मशीन संचालकों की चिंता बढ़ने लगी है। उन्हें डर है कि एक ही स्थान पर कई-कई दिनों से रखे बंडल सड़ न जाएं। उन्हें यह भी डर सता रहा है कि यदि पराली बंडलों की समय से बिक्री नहीं हुई तो मजदूरों, ट्रैक्टर चालकों और डीजल का बकाया कहां से चुकता करेंगे। फिलहाल इसी उधेड़बुन में उलझे बेलर मशीन संचालक अब पराली बंडलों की बिक्री के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इन बेलर मशीन संचालकों का कहना है कि पराली बंडलों की बिक्री तो पहले से नहीं हो रही है, ऊपर से जहां पराली बंडल डंप किए गए हैं, उसका किराया बढ़ता जा रहा है। जहां खेतों में पराली बंडल डंप किए गए हैं, वहां के किसान खेत खाली करने को दबाव बना रहे हैं। ऐसे में बेलर मशील संचालक प्रशासन की ओर टकटकी लगाए हैं। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन जरूर कोई न कोई इसका हल निकाल ही लेगा।

### एक क्विंटल बंडल बनाने में आती है 120 रुपये की लागत

बेलर मशीन संचालकों के मुताबिक एक एकड़ में करीब 15 क्विंटल पराली बंडल तैयार होते हैं। उत्तराखंड की फैक्ट्रियां 170-180 रुपये क्विंटल की दर से पराली बंडल खरीद रही है। जबकि एक क्विंटल का पराली बंडल बनाने में करीब 120 रुपये की लागत आती है। ऐसे में उन्हें बड़ा घाटा होगा। पिछले वर्ष 340 रुपये प्रति क्विंटल दर से पराली बंडलों की बिक्री हुई थी।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को परिजन ने पकड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया और पिटाई लगा दी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने युवक को पिता को हिरासत में ले लिया। दोनों का निकाह कराने को लेकर पंचायत चलती रही।

- शिकायत पर पुलिस ने पिता को हिरासत में लिया

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का गांव के रहने युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। शुक्रवार रात युवक प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। आहट पर परिजन जाग गए। उन्होंने युवक को पकड़ लिया। जानकारी लगने पर गांव के लोग एकत्र हो गए। इस बीच युवक भाग गया। युवती के परिजनों ने पुलिस से मामले की शिकायत की। युवक के भागने पर पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके बाद दोनों पक्षों में निकाह को लेकर समझौता के प्रयास तेज कर दिए गए।प्रेम प्रसंग का मामला चर्चा में रहा। थाना प्रभारी उपासना पांडे ने बताया कि युवक को बुलाया लिया गया है।दोनों पक्षो में समझौते की बात चल रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम महादेवा के नफीस अहमद ने बताया कि उसका भाई नन्हे रेहड़ी लगाकर मक्का बेचता है। वह बीते दिनों ग्राम सायर गया था। इस बीच घर पर कुछ मेहमान आ आ गए। इस पर वह एक अन्य रिश्तेदार बबलू के साथ नन्हे को बुलाने ग्राम सायर जा रहे थे। जब वहां पहुंचे तो देखा कि अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने नन्हे की रेहड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रेहड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और भाई घायल हो गया। घायल नन्हे को बरेली ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने के आरोपी पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को कोतवाली बीसलपुर के गांव बैरा निवासी अरुण मिश्रा, उसकी मां रेखा देवी, भाई अजीत मिश्रा 10 अक्टूबर को बहला फुसलाकर ले गए। उस वक्त परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री का पता नहीं चल सका। आरोपियों ने कॉल कर मारने की भी धमकी दी। पुत्री की जान को खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल कर रही है।

### बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पतरसिया की निवासी अनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति हरिपाल तीस अक्टूबर की शाम छह बजे कस्बा बरखेड़ा गए थे। तहेरे जेठ कृपाल और देवर अमरपाल भी पीछे से आ रहे थे। तभी पीलीभीत की तरफ से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें पति की मौत हो गई। बरखेड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने मामले में टक्कर मारने वाली बाइक के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# वन स्टॉप सेंटर से भागी संवासिनी का 48 घंटे बाद भी सुराग नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शनिवार को एएसपी ने वन स्टॉप सेंटर जाकर बालिकाओं और पुलिस कर्मियों से पूछताछ की

**अमृत विचार :** दिवाली की रात वन स्टॉप सेंटर से भागी संवासिनी का 48 घंटे बाद भी पुलिस पता नहीं लगा सकी है। पुलिस टीम संवासिनी के घर और रिश्तेदारों समेत कई अन्य लोगों के पास पहुंची, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिवार वाले भी उसके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दे सके। उधर, दूसरे दिन शनिवार क एएसपी ने भी वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जानकारी की।

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर से दिवाली की रात करीब 12 बजे तीन संवासिनी खिड़की की जाली निकालकर फरार हो गई थीं। इनमें दो संवासिनी को जीआरपी ने रेलवे जंक्शन पर जीआरपी कर लिया था। पकड़ी गई संवासिनियों ने बताया कि तीसरी लड़की ने उन्हें भागने के लिए उकसाया था। वह बिलसंडा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि दिवाली की वजह से सुरक्षा में लगाई गई दो होमगार्ड ड्यूटी पर नहीं आई थी। सिर्फ एक महिला सिपाही ही वहां मौजूद थी। उसे भी जानकारी तब लगी, जब शेष संवासिनियों ने शोर मचाया। पुलिस अफसरों ने भागी हुई संवासिनी की तलाश के लिए तीन टीमें लगाई है। जोकि उसकी तलाश कर रही हैं। फरार संवासिनी के घर और अन्य जगह दबिश दी गई, लेकिन शनिवार को भी उसका पता नहीं चल सका। एएसपी वीरेंद्र सिंह ने सेंटर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए जांच शुरु कर दी है। उन्होंने रेलवे जंक्शन से पकड़ी गई संवासिनियों के बयान दर्ज करने के अलावा वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ से जानकारी जुटाई। ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाली दोनों होमगार्ड के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिला होमगार्ड कमांडेंट को पत्र लिखा गया है।

> वन स्टॉप सेंटर से भागी तीसरी संवासिनी की तलाश के लिए टीमें लगी हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरागरसी चल रही है। जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। - **राजीव कुमार सिंह**, सदर कोतवाल

# जुआ खेलते आठ पकड़े, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाने में तैनात दरोगा हिमांशु राय को शुक्रवार को सूचना मिली कि गंगोत्रीपुरम कॉलोनी में खाली स्थान पर जुआ हो रहा है। इस पर उन्होंने पुलिस बल के साथ छापा मारा। मौके पर आठ लोगों को पकड़ लिया। इनमें अजहर निवासी गुलाबी खेत मोहल्ला शेर मोहम्मद के पास से 330 रुपये, कृष्ण निवासी गैस चौराहा से 400 रुपये, बब्लू निवासी मोहल्ला बशीर खां से 150 रुपये, सोमपाल निवासी मोहल्ला तुलाराम से 200 रुपये, विशाल यादव निवासी गैस चौराहा से 50 रुपये, मोहनलाल निवासी मोहल्ला नखासा से 1000 रुपये, संजीव कुमार निवासी मोहल्ला नखासा से 250 रूपये, आनंद कुमार निवासी मोहल्ला बशीर खां से 100 रुपये बरामद किए। मौके से ताश की गड्डी और 4400 रुपये बरामद हुए।

# पटाखे की चिंगारी से रुई की दुकान जली

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** पटाखा की चिंगारी से रुई की दुकान में आग लग गई। इससे दुकान में रखे सजाई-गद्दे और रुई जल उठी। जिसे ग्रामीणों की मदद से बुझाया गया।

कस्बा न्यूरिया के रहने वाले राजू मौर्य की मझोला-सितारगंज मार्ग पर रुई की दुकान है। शुक्रवार देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे। दिवाली के दूसरे दिन भी जमकर आतिशबाजी की जा रही थी। इसी बीच देर रात पटाखा से निकली चिंगारी से दुकान में रखी रुई के ढेर में आग लग गई। कुछ ही देर में ने वहां रखे सामान को चपेट में ले लिया। हालांकि आग भीषण नहीं हुई लेकिन दुकान में रखे रजाई-गद्दे सुलगते रहे। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने जब बंद दुकान से धुआं निकलते देखा तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना व्यापारी दी गई। हालांकि उस वक्त वह घर पर नहीं थे। व्यापारी के परिवार के सदस्य आनन-फानन में दुकान पर पहुंच गए। इसके बाद दुकान खोलकर देखा तो भीतर कुछ रखा सामान जल रहा था। उसमें से धुआं उठ रहा था। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू किया गया। व्यापारी ने बताया कि कुछ रजाई गद्दे आदि बिस्तर जल गए हैं। बाकी सामान आग की चपेट में आने से बच गया। अगर आग बढ़ती तो हादसा भीषण हो सकता था।


हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- बंद दुकान से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने व्यापारी को बुलाया
- मझोला-सितारगंज मार्ग पर हुआ हादसा, लोगों ने बुझाई आग

# ससुराल में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 27 फरवरी को हुई थी शादी पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। मायके वालों ने जहर देकर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली जनपद के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूला कमरूलनिशां निवासी छत्रपाल ने जहानाबाद पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री शशि गंगवार की शादी 27 फ़रवरी 2024 को ग्राम चक्रतीर्थ निवासी प्रमोद कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति प्रमोद कुमार, जेठ सौरभ, शिवकुमार, देवर पंकज, जेठानी कृष्णा देवी, प्रीति, सास मनी, ससुर बाबूराम संतुष्ट नहीं थे। शशि के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में दो तोला सोने की चेन, एलईडी और दो लाख रुपये की मांग करते थे। इसके पूरा न होने पर शशि को प्रताड़ित किया जाता था। कई बार पंचायत की गई, लेकिन ससुरालियों का व्यवहार नहीं बदला। 30 जून को थाना जहानाबाद में शिकायती पत्र दिया गया था। उसके बाद समझा बुझाकर शशि को ससुराल भेज दिया। दो नवंबर को सूचना मिली कि शशि की जहर देकर हत्या कर दी गई है। इसके बाद मायके पक्ष के लोग शशि की ससुराल पहुंचे। फिर पुलिस को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट ने भी घटनास्थल पर सुरागरसी की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# दो लाख न मिलने पर विवाहिता को पीटकर निकाला

**बीसलपुर, अमृत विचारः** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की पिटाई की। इसके बाद एक साल की बच्ची संग घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तहरीर में ग्राम भौरूआ के पृथ्वीराज सिंह ने बताया कि उसकी पुत्री पिंकी देवी की शादी छह साल पहले बदायूं जनपद के उझानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदनपुर निवासी सामोघ सिंह से हुई थी। ससुराल वाले दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। कई बार जान लेने की कोशिश की गई। 22 अक्टूबर को ससुरालियों ने मारपीट कर एक साल की बच्ची संग पुत्री को घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। कोतवाली पुलिस ने मामले में पति समोघ सिंह, ससुर राम अवतार, सास विमला देवी और प्रेमपाल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।


# पीटीआर में आयोजित होगा स्कूल इन एक्वेटिक वाइल्ड लाइफ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## देश के कई राज्यों और नेपाल के युवा लेंगे भाग, जलीय जैवविविधता का वैज्ञानिक तरीके से करेंगे अध्ययन

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पहली बार स्कूल इन एक्वेटिक वाइल्ड लाइफ बायोलॉजी एंड कंजर्वेशन का आयोजित किया जाएगा। छह दिन चलने वाले इस स्कूल में पड़ोसी देश नेपाल, पश्चिमी बंगाल समेत कई राज्यों के होनहार युवा भाग लेंगे। पीटीआर मुख्यालय पर चार नवंबर से शुरू होने वाले इस स्कूल में चयनित युवा एक विशेष कोर्स के माध्यम से जलीय जैव विविधता, टेलीमेट्री टेक्निक से जलीय वन्यजीवों के अस्तित्व और उनके संवर्धन व वन्य जीवन से जुड़े पहलुओं को जानेंगे।

पिछले दिनों पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाली एमथ्रीएम फाउंडेशन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर तीन साल के लिए एमओयू साइन किया। इसके तहत एमथ्रीएम फाउंडेशन अपनी सहयोगी संस्थाओं के साथ टाइगर रिजर्व में वन जीवन कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इसके तहत टाइगर रिजर्व को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा समेत जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व प्रशासन ने एमथ्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से एक छह दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसे स्कूल इन एक्वेटिक वाइल्ड लाइफ बायोलॉजी एंड कंजर्वेशन का नाम दिया गया है। इस छह दिवसीय आयोजन के लिए केवल उन्हीं होनहार युवाओं का चयन किया जा रहा है, जिन्हें वनों एवं वन्यजीवों में दिलचस्पी है, और इसके बारे में उन्हें प्राथमिक जानकारी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पहली बार आयोजित होने वाले इस आयोजन में चयनित युवाओं के लिए एक विशेष कोर्स तैयार किया गया है। वन अफसरों की मानें तो यह देश में अपनी तरह का पहला सप्ताह भर का कोर्स है, जिसे छात्रों को जलीय वातावरण में वैज्ञानिक रूप से मजबूत अध्ययन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। चार सत्रों पर आधारित इस कोर्स का उद्देश्य जलीय जैव विविधता के अध्ययन की समग्र समझ प्रदान करना है। इस कोर्स के माध्यम से चयनित युवा जलीय जीवों और उनके पर्यावरण के बीच जटिल संबंधों को विशेष अनुसंधान के माध्यम से पता चलाएंगें। साथ ही वनजीवन से जुड़े पहलुओं के बारे में जानेंगे।



पीलीभीत टाईगर रिजर्व।

### एमथ्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से तीन साल तक चलेगा स्कूल

इस छह दिवसीय विशेष स्कूल में हिस्सा लेने के लिए देश भर से बड़ी संख्या में युवा आवेदन करते हैं। विभिन्न चरणों से गुजरने के बाद युवाओं का चयन किया जा रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के मुताबिक इसमें पड़ोसी देश नेपाल से छह युवाओं के अलावा पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार समेत देश के अन्य राज्यों के युवा शामिल होंगे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में यह स्कूल सोमवार चार से नौ नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में यह स्कूल एमथ्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से तीन साल तक चलाया जाएगा।

- टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर चार नवंबर से होगी शुरुआत

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एमथ्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से एक छह दिवसीय स्कूल आयोजित किया जाएगा। इसमें नेपाल समेत देश के कई राज्यों से चयनित युवा हिस्सा लेंगे। 04 नवंबर से इसकी शुरूआत होने जा रही है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# दोस्ती के नाम पर फंसाया, कैफे में बुलाकर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल वायरल करने की दी धमकी
- आरोपी के दोस्तों ने भी किया ब्लैकमेल, पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक युवती से दोस्ती करने के बाद युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाते हुए उसे कैफे बुलाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने युवती की आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने वीडियो अपने दोस्तों को भेज दी। फिर आरोपी के संग उसके दोस्तों ने भी पीड़िता का यौन शोषण किया। पीड़िता ने परिवार वालों को घटना के बारे में जानकारी दी। अब इस मामले में पीड़िता की मां ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री की दोस्ती अगस्त 2023 में शहर के बल्लभनगर कॉलोनी निवासी शिवम माथुर नाम के लड़के से सोशल साइट्स के माध्यम से हुई थी। शिवम ने उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर मिलने के लिए कई बार कैफे पर बुलाया। अक्टूबर 2023 में उसकी पुत्री के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना ली। इसके बाद वह लगातार उसके फोटो -वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए यौन शोषण करता रहा। आरोपी ने धमकाकर 50 हजार रुपये भी ले लिए। फोटो वायरल करने की धमकी देकर अपने दोस्त आकिब अंसारी से बात करने के लिए बोला। आकिब ने उसकी बेटी को ऑनलाइन काम करने के लिए और दूसरे लोगों को भी फंसाने के लिए दबाव बनाया। आकिब ने उसकी दूसरी बेटी के नंबर से ओटीपी पूछकर उस नंबर से व्हाट्सएप अकाउंट भी बना लिया। आकिब ने भी उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आकिब ने फोटो और वीडियो आवास विकास कॉलोनी के आसिफ व गांधी स्टेडियम रोड के निवासी विपल वर्मा जोकि वर्तमान में आशुतोष सिटी बरेली में रहता है। उसे भी भेज दिए। अभी भी समस्त आरोपी बेटी को परेशान कर रहे हैं। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### नानी के घर जा रही 11 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, मां की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नानी के घर से मट्ठा लेने जा रही 11 साल की बच्ची को मोहल्ले के एक युवक ने रास्ते में रोक लिया और अश्लील हरकतें कीं। बच्ची के शोर मचाने पर रुपये देकर चुप कराने लगा और फिर डराने लगा। पीड़िता की मां की मां की तहरीर पर सदर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सदर कोतवाली में दी गई तहरीर में एक महिला ने बताया कि उसकी 11 साल की पुत्री 30 अक्टूबर को मोहल्ले में अपनी नानी के घर मट्ठा लेने जा रही थी। इस दौरान मोहल्ले के 35 वर्षीय नन्हू ने उसे रास्ते में रोक लिया और अश्लील हरकत करने लगा। आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब बच्ची ने शोर मचाया तो 50 रुपये देकर चुप कराने लगा। फिर भी बच्ची चुप नहीं हुई तो मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजन को पूरी घटना बताई। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# भाकियू नेता के घर हमला, चार घायल

संवाददाता, बिलसंडा

- घर के सामने जुआ खेलने से मना करने पर किया था हमला

**अमृत विचारः** घर के सामने जुआ खेलने से मना करने पर कुछ लोगों ने भाकियू नेता के घर में घुसकर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान धारदार हथियार से भी वार किए। घटना में भाकियू नेता समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। दूसरे पक्ष ने भी हमला करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव नवदिया मरौरी के रहने वाले भाकियू नेता ओम प्रकाश की पत्नी गीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही कुछ लोग शुक्रवार को उनके घर के सामने जुआ खेल रहे थे। आरोपी जुआ खेलते वक्त काफी शोर भी मचा रहे थे। पुत्र आकाश ने बाहर जाकर जब घर के सामने जुआ खेलने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। इस पर पुत्र घर के भीतर आ गया। पीछे से आरोपी भी घर में घुस आए और हमला कर दिया। धारदार हथियार से वार किए गए। पीड़िता के अलावा पति ओमप्रकाश, पुत्र आकाश, जेठ कृष्णा को भी पीटा। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुए धमकाया। घटना की सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस गांव पहुंची और उन्हें सीएचसी लेकर आई। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की ओर से कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दूसरे पक्ष की ओर से घटना की अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


मारपीट में घायल पीड़ित पक्ष।


क्या आप नि:संतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर

डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
• समय पर महावारी न होना • असंतुलित हार्मोन्स
• अण्डो का न बनना • अधिक उम्र • नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
• शुक्राणु निल होना • शुक्राणु का कम होना
• शुक्राणुओं की गति धीमी होना

उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• Hysteroscopy • Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024 पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/ रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात: 10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें


डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)

श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रात:- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
• नशे की आदत
• डिमोशिया
• याद्दाश्त कम होना
• बच्चों में चंचलता
• पागलपन बुदबुदाना
• बिस्तर गीला करना
• बेवजह शक करना
• नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# मछली पकड़ने गया युवक देवहा में डूबा, 20 घंटे बाद मिला शव

## नदी में दूसरे सिरे पर जाल बांधने जाने के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, बरखेड़ा


हादसे के बाद देवहा नदी किनारे घाट पर लगी भीड़। ● अमृत विचार


देवहा नदी में युवक को तलाश करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मछली पकड़ने गए एक युवक की देवहा नदी में डूबकर मौत हो गई। उसके साथ गांव के तीन अन्य लोग गए थे, जिन्होंने घर लौटकर मृतक के परिवार वालों को घटना की सूचना दी। दूसरे दिन शनिवार सुबह ग्रामीणों ने नदी में तलाशने के बाद युवक का शव बाहर निकाला।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिरौनिया ब्रह्मदेव गौंटिया निवासी भगवानदास (32) पुत्र सुंदरलाल मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह गांव के नेवाराम, इतवारीलाल और बाबूराम के साथ पड़ोस के गांव नवदिया शरीफगंज के बाहर से गुजर रही देवहा नदी में मछली पकड़ने गया था। उन्होंने एक तरफ जाल बांध दिया और घाट के दूसरी तरफ जाल बांधने के लिए भगवानदास नदी के पानी में उतर गया। जहां पानी की गहराई अधिक होने के कारण वह डूब गया। बाकी तीनों लोग जाल में फंसी मछलियों को लेकर घर लौट गए। उन्होंने भगवानदास के डूबने की जानकारी उसके परिजनों को दी। शनिवार सुबह भगवान दास के परिवार वाले समेत ग्रामीणों के साथ देवहा नदी के घाट पर जा पहुंचे। नेवाराम, इतवारीलाल और बाबूराम को भी साथ लाया गया। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। इससे कुछ ही देर में इंस्पेक्टर बरखेड़ा मुकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार बीसलपुर अवधेश कुमार टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। कुछ ग्रामीणों ने नदी में कूदकर भगवानदास की तलाश शुरू कर दी। अफसरों ने गोताखोर बुलाकर नदी में उतार दिए। करीब बीस घंटे बाद भगवानदास का शव देवहा नदी से बरामद कर लिया गया।

### पहले मछली बनाकर खाई, फिर हादसे की सूचना दी

बताते हैं कि भगवानदास के नदी में डूबने के बाद उसके साथ गए तीनों युवक जाल में फंसी मछलियां लेकर अपने घर लौटे। उन्होंने पहले मछलियां बनाकर खाईं। इसके बाद घटना की जानकारी भगवानदास के परिजनों को दी। हालांकि मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### मगरमच्छ को लेकर आशंकित रहे लोग

भगवानदास के नदी में डूबने का पता लगने पर उसकी पत्नी प्रीति कुमारी शनिवार को सुबह ही ढाई साल की बेटी प्रज्ञा को गोद में लिए देवहा नदी घाट पर चल रहे रेस्क्यू को निहारती रही। वह पति की सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती रही। ग्रामीणों के मुताबिक देवहा नदी में मगरमच्छ रहते हैं। परिवार वालों को आशंका थी कि भगवानदास को मगरमच्छ न निगल जाए। हालांकि ग्रामीण जब तक तलाश पाए तब तक भगवानदास की मौत हो चुकी थी।

> मछली पकड़ने गया एक युवक देवहा नदी में डूब गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। युवक का शव बरामद कर लिया गया है। – मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

## दीपक जलाने से रोका तो पिटाई की रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचार :** दिवाली पर तालाब में दीपक जलाने गई महिला की पिटाई कर दी गई। क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष की निवासी पुष्पा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अक्टूबर की रात नौ बजे दिवाली पर दीपक प्रज्ज्वलित करने गई थी। इस दौरान गांव के ही सलीम शाह, दिलदार शाह, अफजाल शाह, इश्तियाक शाह, वकील शाह, शकील शाह दीपक जलाने से इनकार करने लगे। विरोध करने पर महिला की पिटाई कर दी गई। परिवार के अन्य लोग पहुंचे और बीच बचाव का प्रयास किया तो इनकी भी पिटाई कर दी। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्वास्थ्य कर्मियों को भैया दूज से पहले मिला वेतन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● शिकायत का सीएमओ ने लिया संज्ञान तो जारी हुआ वेतन

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारियों को वेतन और बोनस देने की घोषणा दिवाली से पहले कर दी गई थी। मगर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को दिवाली पर वेतन नहीं मिल सका। इसको लेकर कर्मचारियों ने सीएमओ से उनके आवास पर भेंट कर वेतन न मिलने की शिकायत की थी। सीएमओ ने मामले का संज्ञान लिया और फिर कर्मचारियों को एक नवंबर को वेतन रिलीज कर दिया।

दिवाली पर सभी सरकारी कर्मचारियों को बोनस और दिवाली पर वेतन जारी करने के निर्देश दिए थे। मगर स्वास्थ्य विभाग में पटल प्रभारियों की हीलाहवाली के चलते स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन जारी नहीं किया जा सका। इस पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चंदन सिंह, संयोजक राजीव कुमार, गौरव सक्सेना, अरशद खान, मिढ़ईलाल, अकरम रजा, हरदीप, समीर खान समेत कई पदाधिकारियों ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की थी। उन्हें दिवाली की बधाई देते हुए वेतन न मिलने की बात से भी अवगत कराया। सीएमओ ने तत्काल कर्मचारियों का वेतन रिलीज करने के आदेश दिए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## खेत पर गई महिला को सांप ने डसा

**पूरनपुर :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया खास की रहने वाली सरोजा देवी पत्नी भारत शनिवार को अपने खेत पर पराली इकट्ठा कर रही थीं। पराली में बैठे सांप ने महिला को डस लिया। जिसमें महिला की हालत बिगड़ गई। घर पहुंचकर महिला ने परिजनों को बताया। परिजन ने महिला को सीएचसी भर्ती कराया है।

## घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट

**पूरनपुर :** नगर के मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह अपने घर में थे। मोहल्ले के ही सुनील पुत्र जगदीश ने घर में घुसकर गाली गलौज की। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। आसपास के लोगों ने बमुश्किल बचाया।

## महिलाओं ने की गोवर्धन पूजा

**पूरनपुर :** क्षेत्रभर में गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर गोवर्धन महाराज की पूजा की। घरों में गाय के गोबर से महिलाओं ने गोवर्धन की प्रतिमा बनाई। इसके साथ ही गोबर से अन्य प्रतिमाएं भी बनाई गईं। विधि विधान से गोवर्धन महाराज की पूजा की गई। भोग लगाया गया। घरों में पर्व को लेकर भजन कीर्तन भी हुए। परिवार की खुशियों की मनौती मांगी गई। प्रसाद वितरण के साथ पूजा संपन्न हुई।

## चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना के मोहल्ला लेखपाल कॉलोनी निवासी सौरभ शर्मा (20) मुरादाबाद किसी काम से गया था। वह मुरादाबाद से डाउन लाइन की आनंद बिहार-मुजफ्फरनगर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन पर बरेली के लिए सवार हुआ। नींद आई तो वह सीट पर सो गया। इस दौरान बरेली स्टेशन से लखनऊ के लिए ट्रेन चल दी। नींद खुली तो यात्रियों से पूछा कि बरेली रेलवे स्टेशन निकल गया। यात्रियों ने बताया कि बरेली रेलवे स्टेशन निकल गया है। रात नौ बजे ट्रेन कटरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। ट्रेन धीरे होने पर उतरने लगा तो ट्रेन की चपेट में आ गया। लोको पायलट ने रेलवे कंट्रोल व कटरा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस पर मृतक के परिवार वाले कटरा स्टेशन पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

# मंदिर से लौट रही महिला की चेन लूटी, कैमरे में कैद हुई घटना

## सीओ सिटी ने किया मौका मुआयना, लुटेरे की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीछे से पैदल आया लुटेरा, चेन तोड़ने के बाद फरार हुआ
- महिला ने लुटेरे का पीछा किया पर मदद को नहीं आया कोई

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन में सख्त सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शहर के सराफा बाजार के समीप एक महिला से चेन लूट ली गई। पीड़ित महिला मंदिर में पूजा करने के बाद अपने घर लौट रही थी। रास्ते में मिला एक एक युवक झपट्टा मारकर महिला के गले में पड़ी चेन तोड़कर ले गया।

सूचना मिलने पर सीओ सिटी कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें आरोपी की फोटो कैद मिली। पुलिस ने लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी मीरा गुप्ता पत्नी सुरेंद्र गुप्ता शनिवार शाम मंदिर में गोवर्धन की पूजा करने के बाद अपने घर लौट रही थीं । जैसे ही वह चौक चौराहे से शनि देव मंदिर की ओर बढ़ी। तभी पीछे से आए युवक ने झपट्टा मारकर मीरा के गले में पड़ी सोने की चैन तोड़ ली और भाग गया। मीरा ने शोर मचाते हुए आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमें एक युवक महिला की चेन खींचते दिख रहा है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले में सुरागरसी की जा रही है

## प्रादेशिक प्रतियोगिता में भाग लेंगे खिलाड़ी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पंद्रह अक्टूबर को शाहजहांपुर जनपद में संपन्न हुई मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पीलीभीत के छात्र-छात्राओं का चयन बरेली मंडल की एथलीट टीम में हुआ है। जिसमें बालिका वर्ग से भावना, काजल, मंजू राजपूत, कशिश, गीतिका गिरी, जबकि बालक वर्ग से ताजिम खान, गुरप्रीत सिंह, हरीश चन्द्र, अर्पित कुमार, मोहम्मद अवि, अर्पित कुमार, ऋषि कुमार, शशांक गुप्ता हैं। जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि चयनित खिलाड़ी चार नवंबर को बनारस में होने वाली प्रादेशिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। डीआईओएस डॉ.अचल कुमार मिश्र, विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, अखलाक हसन खां, नरेंद्र सिंह, डॉ. सुरेंद्र कुमार गंगवार, डॉ.योगेश गंगवार, शिक्षक संजय पांडे, संजय सरकार ने बधाई दी है।

# अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में महिला समेत नौ लोग घायल, दो रेफर

संवाददाता, बरखेड़ा

- वाहनों की तेज रफ्तार बनी हादसों की वजह
- ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते वाहन चालक

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर शनिवार को हुए हादसों में महिला सहित नौ लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर दो को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव नवादा महेश निवासी हरदेव पुत्र कड़ेराम, आकाश पुत्र मैकूलाल कस्बा बरखेड़ा आए थे। शाम को बाइक से घर लौट रह थे। उनकी बाइक कस्बे में ही बरखेड़ा बीसलपुर मुख्य मार्ग पर दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में इन दोनों के साथ ही दूसरी बाइक पर सवार जनपद बरेली के थाना क्योंलड़िया के गांव जरपामोहनपुर निवासी अजय पुत्र शिवचरन घायल हो गए। दोनों बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हरदेव व अजय की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अजय के साढू इसी थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा पुखा निवासी भीमसेन ने बताया कि अजय थाना कोतवाली बीसलपुर के गांव अटकोना से अपने फूफा के घर से लौट रहा था। इसके अलावा कोतवाली दियोरिया कला के गांव कटैइया निवासी राधेश्याम अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ अपने घर से साइकिल पर सवार होकर थाना बरखेड़ा के गांव कोकिला में अपनी ससुराल भैयादूज को लेकर जा रहे थे। बरखेड़ा बीसलपुर मुख्य मार्ग पर गांव नवादा महेश व पतरासा कुंवरपुर के बीच मछली पालन के पास पीछे से आ रही बाइक चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। इसके अलावा थाना क्षेत्र के गांव डडिया लक्ष्मी निवासी अमित कुमार व आकाश मोटरसाइकिल से थाना कोतवाली बीसलपुर के गांव टिकरी माफी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही दोनों बरखेड़ा बीसलपुर मुख्य मार्ग से अपने गांव को जाने वाले लिंक मार्ग पर पहुंचे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर मार्ग पर गिर गई। जिससे दोनों घायल हो गए। उधर कोतवाली दियोरिया कला के गांव दियोहना निवासी गयादीन व परविंदर भी हादसे में घायल हुए। उन्हें भी सीएचसी भर्ती कराया गया।

# वन क्षेत्र में झोपड़ी डालने से रोकने पर वनरक्षक को दौड़ाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्रामीणों ने अभद्रता कर मारपीट करने की कोशिश की, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- ग्रामीणों ने वनमंत्री को पत्र भेजकर वनरक्षक पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार:** वन क्षेत्र में मवेशियों को पालने के लिए डाली जा रही झोपड़ियों को रोकने पहुंचे वनरक्षक को ग्रामीणों ने दौड़ा दिया। आरोप है कि वनरक्षक से अभद्रता की गई। वनरक्षक की तहरीर पर माधोटांडा थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं इस मामले में ग्रामीणों ने अभद्रता करने का आरोप वनरक्षक पर लगाते हुए कार्रवाई करने के लिए वन मंत्री को पत्र भेजा है।

मामला पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज से जुड़ा है। रेंज से सटे सिमरा गांव के लोग शारदा नदी के पार पालतू मवेशियों को पालने के लिए गौढ़ी बनाते हैं। रेंज में तैनात वनरक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग वन क्षेत्र में अवैध तरीके से झोपड़ियां बना रहे हैं। जिसकी जानकारी मिलने के बाद वह 25 अक्टूबर को मौके पर पहुंचे और लोगों को रोका। आरोप है कि काम रोकने पर ग्रामीणों ने उनसे अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने वन रक्षक की ओर से सिमरा गांव निवासी मनोज यादव, आसिफ, नियामत, विकास यादव व राजेंद्र यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं इस मामले में सिमरा गांव के ग्रामीणों ने वनमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमें कहा है कि वे लोग कई वर्षों से जंगल में रहकर पुश्तैनी कार्य करते आ रहे हैं। मवेशियों को पालकर दूध आदि बिक्री कर घर का खर्च चलाते हैं। आरोप है कि 25 अक्टूबर को वन रक्षक अनिल कुमार के द्वारा गौढ़ी पर पहुंचकर रुपये की मांग की गई। रुपये न देने पर अन्य गौढ़ी को छोड़कर उन लोगों की गौढ़ी को उजाड़ दिया गया। लोगों का कहना है कि अगर गौढ़ी नहीं बनाएंगे तो पालतू पशुओं को कहा रखेंगे।

इंस्पेक्टर माधोटांडा मृदुल कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

## संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

**तिलहर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में किशोरी का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव में एक मजदूर परिवार रहता है। उसकी नाबालिग बेटी पढ़ाई लिखाई में अधिक ध्यान न देकर फोन में व्यस्त रहती थी। इस बात को लेकर उसेडांट दिया था। सुबह उसके पिता मजदूरी करने चले गए और उसकी मां किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसी दौरान नाराज बेटी ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर कमरे में लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को बिना सूचना दिए उन्होंने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बाद में सूचना पर परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने बेटी के फांसी लगाकर आत्महत्या की बात बताई है। वहीं सीओ अमित चौरसिया ने बताया कि एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए करें काम

संवाददाता, मझोला

- चेयरमैन और ईओ की मौजूदगी में कार्यशाला आयोजित



मझोला की सड़कों पर चूना डलवाते चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा कार्यालय में शनिवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों को स्वच्छता का महत्व और वार्डों को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।

चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी हरिपाल गंगवार ने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कहा कि घर-घर से सूखा और गीला कचरा एकत्रित करके उसका निस्तारण कराना है। सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इससे पूर्व कर्मचारियों को दिवाली को लेकर उपहार स्वरूप मिठाई व टिफिन भेंट किए गए। चेयरमैन ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। कर्मचारियों की सुरक्षा और नागरिकों को जागरूक करने के उपाय बताए। इस मौके पर बैजनाथ यादव, सुनील कुमार ,अजय पाल, चंदन, विजयपाल ,राजेश कुमार, सूरज, सुनीता देवी, महिपाल वाल्मीकि, दिनेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। चेयरमैन ने टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र में चूना डलवाया और अपनी मौजूदगी में साफ सफाई भी कराई।

चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी हरिपाल गंगवार ने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कहा कि घर-घर से सूखा और गीला कचरा एकत्रित करके उसका निस्तारण कराना है। सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इससे पूर्व कर्मचारियों को दिवाली को लेकर उपहार स्वरुप मिठाई व टिफिन भेंट किए गए। चेयरमैन ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। कर्मचारियों की सुरक्षा और नागरिकों को जागरूक करने के उपाय बताए। इस मौके पर बैजनाथ यादव, सुनील कुमार ,अजय पाल, चंदन, विजयपाल ,राजेश कुमार, सूरज, सुनीता देवी, महिपाल वाल्मीकि, दिनेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। चेयरमैन ने टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र में चूना डलवाया और अपनी मौजूदगी में साफ सफाई भी कराई।

## कल घोषित होगा नेचर गाइडों का परीक्षा परिणाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नेचर गाइड बनने को 216 परीक्षार्थियों ने दी थी परीक्षा

**अमृत विचार:** पीटीआर प्रशासन द्वारा आयोजित कराई गई नेचर गाइड परीक्षा का परिणाम अब सोमवार को घोषित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को नेचर गाइड बनने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 06 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पर्यटन सत्र को लेकर तेजी से तैयारियां की जा रही है। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र को लेकर 90 नेचर गाइड भी रखे जाने हैं। इसको लेकर पीटीआर मुख्यालय पर चयन प्रक्रिया चल रही है। नेचर गाइड को लेकर जिले भर से 252 आवेदकों ने आवेदन किया था। प्रथम चरण में पांच वर्ष के अनुभवी 30 नेचर गाइडों का प्रशिक्षण के बाद सीधे चयन कर लिया गया है। वहीं दूसरे चरण में 60 नेचर गाइड के पदों को लेकर शेष बचे 222 आवेदकों की टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा 30 अक्टूबर को परीक्षा कराई गई थी। वन अफसरों की देखरेख में हुई लिखित परीक्षा में 222 के सापेक्ष 216 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जबकि 06 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इधर टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम आने के बाद चयनित 60 अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे पूर्व टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 04 नवंबर से शुरू होने की बात कही गई थी। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम 4 नवंबर को आएगा।

# पेट में गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

- भागवत कथा सुनकर देर रात घर आया था ओवेश
- बदहवाश हालत में भागता हुआ छत पर चला गया
- तमंचा व खोखा बरामद, आत्महत्या का कारण अज्ञात

**अमृत विचार :** छेदा पट्टी गांव में शुक्रवार की रात एक युवक ने मकान की छत पर तमंचे से पेट में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिवार छत पर गए तो देखा कि उसका शव खून से लपपथ जमीन पर पड़ा था। वह पीरी गांव से भागवत कथा सुनकर घर पर आया था। पुलिस ने तमंचा व खोखा कब्जे में ले लिया है। घटना का कारण अज्ञात है।

थाना क्षेत्र के गांव छेदा पट्टी निवासी ओवेश यादव (24) पुत्र मुकेश यादव शुक्रवार की रात नौ बजे बाइक से भागवत कथा सुनने के लिए पड़ोस में गांव पीरी गए थे। वह रात में पौने 12 बजे घर आया और दरवाजा खटखटाया। उसकी मां रेशमावती ने दरवाजा खोला। ओवेश बदहवाश हालत में भागता हुआ जीने से मकान की छत पर चला गया। उसकी मां ने पूछा कि क्या बात है और कुछ नहीं बोला। उसने दूसरे पुत्र प्रवेश यादव को जगाया और कहा कि ओवेश बड़ी तेजी से आया, मकान की छत पर चला गया। इसी बीच मकान की छत पर गोली की आवाज सुनायी दी। प्रवेश और उसकी मां मकान की छत पर गए और देखा कि ओवेश खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके दहिने हाथ में 312 बोर का तमंचा था। उसका शव देखकर रोना पीटना मच गया। शोर शराबा होने पर गांव वाले जाग गए। गांव वालों की भीड़ लग गयी। उसके गोली पेट में लगी थी। प्रवेश ने घटना की सूचना थाना पर दी। थाना प्रभारी गौरव त्यागी सिपाहियों के साथ पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी की। परिवार वालों ने बताया कि शराब पीने का आदी था और आए दिन घर में झगड़ा करता था, साथ ही बीमार भी रहता था। परिवार वालों का कहना है कि उसने गोली मारकर आत्महत्या क्यों की, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने तमंचा व खोखा कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उसने खुद गोली मारकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक का पता नहीं

मृतक ओवेश के भाई प्रवेश ने बताया कि उसका भाई भागवत कथा सुनने के लिए घर से बाइक लेकर गया था। वह रात में लौटकर आया तो बाइक नहीं थी। परिवार वालों ने भागवत कथा की जगह और इधर-उधर तलाश किया और बाइक नहीं मिली। आंशका व्यक्त की जा रही है कि ओवेश कहीं बाइक खड़ी करके घर आ गया। परिजनों ने किसी से विवाद होने का इंकार किया है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि बाइक की तलाश की जा रही है।

### सात भाइयों में पांचवें नंबर का था

मृतक ओवेश यादव मेरठ में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह एक माह पूर्व मेरठ से अपने घर आया था। उसके पिता मुकेश यादव खेती बाड़ी करते है। मृतक सात भाइयों में पांचवें नंबर का था। उसके भाई अनिल, विनोद, धीरज, प्रवेश व निर्दोष यादव है। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसकी कोई बहन नहीं थी। परिजन मौत के बाद से बेहाल है।

## देसी रिवाल्वर से चलाई गई थी गुरपिंदर पर गोली

संवाददाता, पूरनपुर



पूरनपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार:** दस दिन पूर्व मजदूर को लेकर हुए विवाद में युवक गुरपिंदर पर फायर करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। उसके कब्जे से देसी रिवाल्वर और कारतूस बरामद हुए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के रहने वाले गुरपिंदर पुत्र तरसेस सिंह का पड़ोसी संदीप सिंह के साथ मजदूर से काम कराने को लेकर दस दिन पूर्व विवाद हो गया था। इसी पर संदीप ने घर में घुसकर गुरपिंदर सिंह को गोली मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इसके बाद आरोपी संदीप धमकी देकर भाग गया था। पुलिस जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कीर तलाश कर रही थी। गुरपिंदर सिंह को लगी गोली को लेकर संशय बना हुआ था। पुलिस आरोपी संदीप सिंह को पकड़ने के लिए लगातार दबिशें दी और अब आरोपी को धर दबोचा। बताते हैं कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी संदीप पंजाब चला गया था। शनिवार को पुलिस ने भगवंतापुर जाने वाली सड़क की पुलिया के पास से आरोपी संदीप सिंह पुत्र रसाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास 32 बोर का देसी रिवाल्वर और एक कारतूस बरामद किया। उसने इसी देशी रिवाल्वर से गुरपिंदर सिंह पर गोली चलाई थी।

# आरपीएफ के सिपाहियों को पीटने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शुक्रवार की शाम रेल लाइन के किनारे जुआ खेलते आपस में भिड़ गए थे जुआरी
- सिपाहियों के समझाने पर की थी मारपीट, शनिवार सुबह निगोना गांव में दी दबिश
- एक-दूसरे को फंसाने को उखाड़ दी थी पेंड्रोल क्लिप, 20 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** सीतापुर ब्रांच रेल लाइन के किनारे जुआ खेलते समय पकड़ने पर जुआरियों ने आरपीएफ के दो सिपाहियों का मारा पीटा और रेल लाइन की पेंड्रोल क्लिप उखाड़ कर फेंक दी। मामले में आरपीएफ थाने में 20 के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। आरपीएफ ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश जारी है।

सीतापुर ब्रांच रेल लाइन पर निगोना गांव के सामने रेलवे फाटक संख्या दो के निकट एक स्कूल के पास शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे दो दर्जन लोग जुआ खेल रहे थे। किसी बात को लेकर जुआरी में कहासुनी हो गयी और झगड़ा करने लगे। झगड़ा करते हुए रेल लाइन के किनारे आ गए। जुआरियों ने एक-दूसरे को फंसाने के लिए कुछ-कुछ दूरी पर करीब 20 पेंड्रोल क्लिप उखाड़ दी। आरपीएफ के मुख्य आरक्षी सुरेंद्र कुमार व सिपाही प्रदीप पहुंचे तो देखा कि कुछ स्थान पेंड्राल निकली पड़ी थी। उन्होंने जुआरियों को समझाने का प्रयास किया। बताते है कि जुआरियों ने दोनों जवानों को मारा पीटा और निगोना गांव की तरफ भाग गए। आरपीएफ के जवानों ने पुलिस चौकी रोजा, आरपीएफ थाना और रोजा थाना को सूचना दी। आरपीएफ और रोजा थाना का फोर्स पहुंच गए। पुलिस को करीब 20 पेंड्रोल क्लिप रेल लाइन के किनारे मिली।

आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अजय शर्मा पहुंच गए। जवानों से घटना की जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक ने 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने शनिवार की सुबह फोर्स के साथ निगोना गांव में दबिश दी। आरपीएफ ने निगोना गांव के बलराम, अर्पित व सुनील को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के नाम बताए है। आरपीएफ अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

> रेल लाइन के किनारे जुआरी जुआ खेल रहे थे। किसी बात को लेकर जुआरी आपस में लड़ गए। जुआरियों ने एक-दूसरे को फंसाने के लिए पेंड्रोल क्लिप उखाड़ दी थी। क्लिप को उसी समय लगा दिया गया था। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य की तलाश की जा रही है। – **अजय कुमार शर्मा**, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ

### ग्रामीण को पीटा

**जलालाबाद, अमृत विचार:** गांव रैपुरा निवासी चंद्रसेन ने बताया कि दीपावली पर वह दरवाजे पर दीपक जला रहे था, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जिनके हाथ में धारदार हथियार थे। हमले से उसका सिर फट गया और हाथ कट गया। पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी की तलाश रही है।

## हाईवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक दो युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** लुधियाना (पंजाब ) से बाइक से उन्नाव अपने घर को जा रहे युवकों की शनिवार तड़के बाइक हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाकर परिजनों को सूचना दे दी है।

उन्नाव निवासी धन्नी पुत्र सूबेदार और अशफाक पुत्र इजराइल पंजाब के लुधियाना में किसी फैक्ट्री में काम करते थे। लुधियाना से दोनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर उन्नाव के लिए चल दिए। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हाईवे पर मुख्य बाईपास चौराहे वाले ओवर ब्रिज पर चढ़ने के दौरान बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।

घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया। परिवार वालों को हादसे की सूचना दे दी गई।

# ट्रक के केबिन में मिला चालक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

- ढाबे पर खड़ा था ट्रक, राजस्थान का रहने वाला था जयचंद्र
- 15 दिन पहले ट्रक लेकर निकला था, यहां उतार दिया था माल

**अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र में एक ढाबा पर खड़े ट्रक के केबिन में चालक का शव मिला है। वह 15 दिन पहले ट्रक लेकर घर से निकला था। उसने राजस्थान से ट्रक में माल लोड कराके यहां उतार दिया था। चालक ने लोडिंग के लिए ट्रक को ढाबे पर खड़ा कर दिया था।

राजस्थान के जयपुर जिले के थाना थोई के गांव कल्याणपुर निवासी जयचंद्र (50) ट्रक चालक था। वह 15 दिन पहले ट्रक लेकर घर से निकला। जयपुर से सामान यहां के लिए लोड किया और यहां की एजेंसी पर माल उतार दिया था। जयपुर के लिए माल मिल जाए तो ट्रक लेकर चले जाएंगे ऐसा फोन पर परिजनों को बता जयचंद्र ने दो दिन पहले अल्हागंज थाना क्षेत्र में फतेहपुर गांव के निकट एक ढाबे पर ट्रक खड़ा कर दिया था।

गुरुवार की रात नौ बजे ढाबे पर खाना खाया और केबिन पर सोने के लिए चला गया। शुक्रवार की सुबह आठ बजे तक चालक नहीं उठा तो ढाबे के एक कर्मचारी ने ट्रक के केबिन का दरवाजा पीटा। दरवाजा नहीं खुला। ढाबे के कर्मचारी ने देखा कि पीछे की सीट चालक पड़ा हुआ था। ढाबा मालिक ने थाना पर सूचना दी। पुलिस ने केबिन का दरवाजा तोड़ा तो मृत अवस्था में चालक मिला।

पुलिस ने उसके पास एक डायरी बरामद की। पुलिस ने परिवार का मोबाइल नंबर मिलाकर सूचना दी। पुलिस ने चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक का भाई सीताराम परिवार वालों के साथ शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा। उसने शव की शिनाख्त भाई के रूप में की। उसने बताया कि उसके भाई की शादी नहीं हुई थी और दो भाइयों में बड़ा था। पोस्टमार्टम के बाद परिवार वाले उसका शव लेकर राजस्थान चले गए।

### व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव घटौसा निवासी कमलेश (40) आगरा में काम करता था। वह दीपावली से पहले घर आया था। कस्बे में शुक्रवार की शाम छह बजे बेहोशी की हालत में सड़क के किनारे मिला। उसके पिता सालिकराम पहुंचे और सीएचसी ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार वाले शव घर ले गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि शराब का आदी थी और शरीर में चोट के निशान नहीं थे।

## सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**कलान, अमृत विचार:** फर्रुखाबाद स्टेट-हाईवे पर सड़क पार करने के दौरान एक किसान को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव सेठा निवासी चंद्रपाल सिंह (70) शुक्रवार की शाम कलान की साप्ताहिक बाजार करके घर गए और परिजनों से कहा कि खेत देखने जा रहे हैं। घर से शाम करीब छह बजे जैसे ही चंद्रपाल सिंह बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट-हाईवे पर पहुंचकर सड़क पार कर रहे थे, तभी उसावां की तरफ से एक बाइक आ गई, जिसने चंद्रपाल सिंह के टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चंद्रपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दोनों युवक भी चोटिल हो गए। घटना को देखते ही इधर-उधर खेतों में काम कर रहे लोग बाइक सवार की तरफ लाठी डंडा लेकर चल पड़े। इतने में 112 पुलिस की गाड़ी आ गई, तब दौड़ रहे ग्रामीण रुक गए और वापस हो गए। इस दौरान दोनों बाइक सवार चले गए। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र एवं हल्का इंचार्ज यशपाल सिंह मय पुलिस फोर्स के पहुंच गए। घटना के बारे में जानकारी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बाझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-17 नवंबर 2024, रविवार
1 दिसंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बहनों को सुविधाजनक सफर बड़ी चुनौती

## भैया दूजःमुसाफिरों को भटकना न पड़े इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

- ट्रेनों की संख्या सीमित होने के कारण रोडवेज बसें ही हैं मुसाफिरों का सहारा
- शुक्रवार को कम यात्री होने से गोला व लखीमपुर डिपो पर रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भैया दूज पर बड़ी संख्या में बहनें भाइयों के घर जाएंगी। गोला एवं लखीमपुर डिपो प्रशासन के सामने मुसाफिरों को बसें मुहैया कराने की बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि ट्रेनों की संख्या सीमित होने से रोडवेज बसें ही लोगों के लिए सहारा बनेंगी। हालांकि डिपो के जिम्मेदारों का कहना है कि यात्रियों को गंतव्य तक भिजवाने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। मुसाफिरों को बसों की जानकारी के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

लखीमपुर डिपो में बसों की संख्या जहां 87 है। वहीं गोला डिपो के पास 134 बसें हैं। मगर, घर पर त्योहार मनाने आने वालों को वापसी में बसें मुहैया कराने में डिपो प्रशासन को पसीने छूटते रहे हैं। दीपावली की छुट्टियां रविवार को खत्म हो रही हैं। सोमवार से स्कूल, कॉलेज, बैंक आदि सब खुल रहे हैं। ऐसे में लोग रविवार को भैया दूज पूजन के बाद रवाना भी होंगे।



शुक्रवार को यात्री न होने से गोला बस अड्डे पर सन्नाटा। ● अमृत विचार

### दीपावली के दूसरे दिन दोनों डिपो का निकला दिवाला

त्योहार वाले दिन से लेकर इससे पहले दोनो डिपो ने यात्रियों के निकलने से बंपर दीपावली बनाई। मगर, त्योहार के दूसरे दिन शुक्रवार को मुसाफिरों का अकाल पड़ने से दोनो डिपो का दिवाला निकल गया। अन्य दिनों की अपेक्षा शुक्रवार को यात्रियों की संख्या काफी कम रही। आलम यह रहा कि तमाम बसें निर्धारित किलोमीटर तक पूरे नहीं कर सकीं। शुक्रवार को लखीमपुर डिपो की आय जहां करीब आठ लाख रही वहीं गोला डिपो की इनकम नौ लाख के करीब रही।

यात्रियों की भीड़ को लेकर रोडवेज डिपो प्रशासन ने तैयारी कर ली है। दोनों डिपो के केंद्र प्रभारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए जाएंगे, जिससे मुसाफिरों को गंतव्य तक आसानी से भिजवाया जा सके।

शुक्रवार को कम यात्री निकले, जिससे डिपो को करीब आठ लाख की ही आय हुई। हालांकि रविवार को भैया दूज बाद यात्री निकलेंगे। ऐसे में इनको बसें मुहैया कराने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जिससे मुसाफिरों को कोई असुविधा न हो।
–गीता सिंह, एआरएम लखीमपुर डिपो

**लखीमपुर डिपो में कुल बसें-87**
शुक्रवार की आय–करीब आठ लाख
31 अक्टूबर की आय– करीब 13 लाख

**गोला डिपो में कुल बसें-134**
31 अक्टूबर की आय करीब 28 लाख
शुक्रवार की आय करीब 8 .74 लाख

त्योहार के दूसरे दिन यात्रियों के न निकलने से तमाम अनुबंधित बसें निर्धारित किलोमीटर पूरे नहीं कर सकीं। हालांकि लोकल में सवारियां मिलती रहीं। भैया दूज को लेकर तैयारियां पूरी हैं। यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों के फेरे बढ़ाये जाएंगे।
–कमलेश कुमार वर्मा, केंद्र प्रभारी गोला गोकर्णनाथ डिपो

## बंदरों के उत्पात से परेशान हैं कई गांवों के लोग

रोशननगर,अमृत विचार : महेशपुर रेंज के अंतर्गत गांव रोशननगर, कैमा, बाबरपुर, जमुनहां, लखैया, रामपुर, अंबरपुर जनकपुर शेखवापुर आदि गांवों में बन्दरों ने आतंक मचा रखा है। घर में घुस कर खाने पीने की वस्तु उठा ले जाते हैं, छत सुखाने के लिए डाले गए अनाज को खाने लगते है, कपड़े भी उठा कर फाड़ डालते हैं। झुंड के झुंड बंदर उछल कूद करते हैं। खेत में गन्ना की फ़सल तहस नहस करते हैं। बंदर स्कूली बच्चों को दौड़ा लेते हैं। रोशननगर के, प्रेमचन्द वर्मा, जय प्रकाश, आशीष अग्निहोत्री, रामगोपाल, अरुण अग्निहोत्री, बाबरपुर के मानसिंह, हरिवंश राज, भूधरलाल, जमुनहां से सर्वेश वर्मा, अनुज वर्मा, सुभाष शर्मा, पप्पू वर्मा, जनकपुर, संजय यादव, तुलसीराम, कैमा से सचिन वर्मा, सत्यपाल, जगदीश, दिवाकर आदि का कहना है कि दिन पर दिन बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही पर पकड़ने के लिए वन विभाग कोई उपाय नहीं कर रहा है।

# नहाय खाय से शुरू होगा छठ महापर्व

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सूर्य की उपसना का महापर्व छठ मंगलवार को शुभ संयोग के साथ नहाय-खाय से शुरू होगा। आठ नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा। सेठ घाट पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन समिति के सदस्यों संग सदर विधायक नदी की साफ सफाई करवा रहे हैं।

छठ पूजा आयोजन समिति के संयोजक मृगांक शेखर उपाध्याय ने बताया कि छठ पर्व की शुरूआत कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि (पांच नवंबर) से होती है। दूसरे दिन यानि पंचमी (छह नवंबर) को खरना होगा। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर छठ मइया की पूजा करती हैं। करीब 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत होती है। चार दिन तक चलने वाले पर्व का समापन सप्तमी तिथि को पारण कर किया जाता है। इस पर्व में षष्ठी तिथि को मुख्यतः अस्त होते सूर्य देव को और सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण होता है। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि नदी से लेकर घाट की साफ सफाई की जा रही है। पुलिस चौकी भी स्थापित कर दी गई है। घाट तक जाने वाला रास्ता दुरुस्त करा दियाया है। वहीं पर्यटन विभाग की ओर से तट के दोनो तरफ कार्य कराया जा रहा है। महिला घाट बनकर तैयार है। जबकि पुरुष घाट का निर्माण पूजा बाद शुरू होगा।



सेठघाट पर लोगों के साथ सफाई करते सदर विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

- सेठ घाट की हो रही साफ सफाई, आठ को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारायण

# छठ घाटों की सफाई, वेदियों की रंगाई शुरू

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल कॉलोनी परिसर सहित तमाम गांवों में सूर्योपासना का महापर्व छठ की तैयारियां तेज हो गई हैं। छठ घाटों की साफ- सफाई एवं वेदियों की रंगाई -पुताई आदि का कार्य जोरों से किया जा रहा है।

पलिया चीनी मिल श्रमिक नेता निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि छठ मैया की पूजा के महापर्व की तैयारियां जोरों से प्रारंभ कर दी गई हैं। ग्राम श्रीनगर, शारदा नदी घाट, मेला घाट, फुलवरिया, मुजहा, इब्राहीमपुरी, बिसेनपुरी, गजरौला, सुमेर नगर आदि में भी छठ पूजा स्थलों की साफ -सफाई एवं वेदियों की रंगाई की जा रही है। संपूर्णानगर के गांवों के छठ घाटों की साफ - सफाई शुरू हो गई है। सिंगाही खुर्द, बसही, गोविन्दनगर, गिरधरपुरी, मुरारखेड़ा, रानीनगर सहित विभिन्न गांवों में बने छठ घाट परिसर एवं बेदियों की साफ- सफाई एवं रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है। रानीनगर छठ घाट पर सतीश श्रीवास्तव, निमित श्रीवास्तव, रवि मौर्य सहित कई बच्चे भी सफाई करते नजर आए।



छठ पूजा की बेदियों की सफाई करते बड़े व बच्चे। ● अमृत विचार



ग्राम मैनभीरी में काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

# छीन उजाला किसी का करना नहीं प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ओयल क्षेत्र के ग्राम मैनभीरी में शुक्रवार की रात इंद्रपाल शुक्ल के आवास पर कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। हास्य कवि विशेष शर्मा ने संचालन और वरिष्ठ कवि सतीश शुक्ल ने अध्यक्षता की।

मैगलगंज से आए गीतकार अरविंद सोनी ने गीत सुनाया- मैंने तुमको कितना ढूंढा, छोटा चांद हो गया बूढ़ा, सभी सुहागिन तोड़ चुकीं व्रत, कब आओगे द्वार, तुम्हारे बिन कैसा त्यौहार ! श्रीकांत सिंह ने सुनाया- दीपों के त्योहार में ध्यान रखो यह खास, छीन उजाला किसी का करना नहीं प्रकाश। कवि अतुल मिश्र मधुकर ने पढ़ा- राम की हवा से परिवेश बचा है। राम हैं तो यह सारा देश बचा है।

विशेष शर्मा ने सुनाया- यान पे बैठि मथेउ दुनिया पर कागद की वह नाव मिली न, कोठी अटारी भई तो भई महतारी के पल्लू की छांव मिली न। सतीश शुक्ल ने कहा - दुपट्टा हवा के रूख से फट जाये तो क्या होगा। सियासत बात से अपनी पलट जाये तो क्या होगा।

अभिषेक मिश्र शाश्वत, सुधीर सिंह चौहान, जंग बहादुरगंज के सुनीत वाजपेयी, लखनऊ के गीतकार आशुतोष मिश्र, कार्यक्रम संयोजक विजय शुक्ल बादल की कविताओं न भी मुग्ध कर दिया। रामस्वरूप शुक्ला, राजू शुक्ल, कमलकिशोर शुक्ल, विमल किशोर शुक्ल, मंगूलाल यादव, श्रवण वर्मा, अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मास, दिवस, पल, क्षण में सारा जीवन बीत गया



कपिलश फाउंडेशन के कार्यालय पर काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** दीपावली के उपलक्ष्य में कपिलश फाउंडेशन के केंद्रीय कार्यालय पर काव्य गोष्ठी में कवियों ने दीवाली, श्रंगार और ओज के गीत सुनाए।

सीतापुर के कवि अरूण शर्मा बेधड़क ने पढ़ा- मिले जब स्वर से स्वर अपना तभी तो गान होता है। बाल कवि आगस्त्य पांडे ने रामायण के एक भाग का गान किया। डॉ स्मिता तिवारी ने - घर का है सम्मान बेटियों देश का है अभिमान यह मत भूलो। रमाकांत चौधरी एडवोकेट ने पढ़ा- नफरत का अंधियारा मिटाएं चलो प्रेम का दिया जलाएं। यतीश शुक्ल ने दार्शनिक कविता पढ़ी, कुछ यहां का है कुछ वहां का है, जब पांचों मिले तो जहान का है। रविसुत शुक्ल ने पढ़ा- पद पैसा और पहुंच का यदि संगम हो मित्र, तो फ़िर तुम सर्वज्ञ हो पूछे कौन चरित्र।

सीतापुर की सुधा मिश्रा ने कहा- मास दिवस पल क्षण में सारा जीवन बीत गया। कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे ने गीत- क्या करोगे मेरा हाल तुम जानकर इससे आगे न कुछ भी किया जाएगा पढ़ा।

सीतापुर के ओजस्वी कवि रजनीश मिश्र ने सैनिकों को समर्पित कविता पढ़ी- जिस घर का बेटा सरहद पर उस घर निश्चित जाना तुम। फाउंडेशन की संस्थापक लक्ष्मी खरे ने पढ़ा-दिया है मुझको ईश्वर ने अनुपम यह उपहार, मेरे घर में फूल खिले हैं सुंदर सुंदर चार। सीतापुर के अरुणेश मिश्र ने कहा- हम कभी उदास नहीं होते, अगर मगर काश नहीं होते। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे श्रीकांत तिवारी कांत ने जीवन की अपनी परिभाषा पढ़ी- जीवन क्या है ? राग है, आग है, जेठ की दुपहरी में तपती हुई आग है। सीतापुर के विजय दीक्षित ने गोष्ठी का समापन किया।

## एक नजर

### कांग्रेस नेता बलराम गुप्ता जाएंगे महाराष्ट्र



**पलिया कलां, अमृत विचार :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलराम गुप्ता को महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से मुंबई पहुंचने का आदेश हुआ है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। नगर अध्यक्ष अजय दरोगा, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शर्मा] दिनेश जिंदल, सौरभ चौबे ,अली जान, मोईन अहमद ,सौरव गर्ग आदि कांग्रेसियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### व्यवसायी के घर पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर में लोहे का व्यापार करने वाले नीरज गर्ग के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शामिल होने हास्य अभिनेता राजपाल यादव भी पहुंचे। बताते हैं कि एक पत्रकार ने उनसे दीपावली पर आतिशबाजी न जलाने की सलाह देने वाले वीडियो को हटाने का कारण जानना चाहा ,तो वे भड़क उठे। उन्होंने उनके मोबाइल में हाथ मार दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### शारदा तट पर महाचंडी यज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**पलिया कलां, अमृत विचार :** शारदा नदी तट पर 7 नवंबर से 15 नवंबर तक चलने वाले महाचंडी यज्ञ, कल्पवास, देव दीपावली एवं श्रीमद् भागवत व भंडारे आदि की तैयारियां जोरों से शुरू हो गई हैं। यज्ञ मंडप, टेंट, पंडाल,राउडी, विस्तर, गैस सिलेंडर, बर्तन, हवन सामग्री आदि सामान नगर के प्रमुख आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा आश्रम से शारदा तट के यज्ञस्थल पर पहुंचाया जाने लगा है। इसके अलावा यज्ञाचार्यों को निमंत्रण पत्र भेज दिए गए हैं। शारदा पर साफ -सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। आश्रम के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि जो श्रद्धालु महाचंडी यज्ञ में यजमान बनकर आहुतियां डाल आरती करना चाहते हों,वे अपना स्थान सुनिश्चित करा लें।

# श्रद्धा-उत्साह से की गोवर्धन पूजा, अन्नकूट का लगाया भोग

## घरों, मंदिरों में की पूजा-अर्चना, महिलाओं ने उपवास रख गोबर से बनाए गोवंश, सुख-समृद्धि की कामना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



गांवों में विधि-विधान से पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



गोला में गोवर्धन पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



रोशन नगर में गोवर्धन को भोग लगातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दीपोत्सव पर्व के तीसरे दिन शनिवार को जिले भर में गोवर्धन पूजा श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने विधि विधान से घरों में गोवर्धन स्थापित कर पूजन किया। सामूहिक रूप से पूजन कर महिलाओं ने अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया।

जिले भर में गोवर्धन पर्व पर महिलाओं ने गाय के गोबर से आंगन में गोवर्धन पर्वत, गाय-बछड़े, बैलों की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा सुनी। पूजन में गन्ने, सिंघाड़े, मिठाई, फल-सब्जी, अन्न, कपास रखकर पूजा स्थल की परिक्रमा की। इसके बाद अन्नकूट का भोज लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद बच्चों ने आतिशबाजी की।बताते हैं कि भगवान इंद्र ने तीन दिन तक लगातार घनघोर वर्षा की थी और इससे बचाव के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठाकर बृजवासियों की रक्षा की थी। इस कारण इस पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

गोला गोकर्णनाथ में महिलाओं ने उपवास रखकर घरों में गाय के गोबर से घरौंदे, गोबर्धन पर्वत की आकृतियां बनाकर घर, पशु की खुशहाली के लिए विधि विधान से पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। मिष्ठान, पकवान बनाकर पूजन कर भगवान का भोग लगाकर कथा सुनकर प्रसाद ग्रहण किया।

बिझौली में सुबह महिलाओं ने गऊ माता का पूजन किया। बिझौली चिंतापुरवा के प्रमुख मंदिरों में गोवर्धन पूजन हुआ। शाम को भोग लगाने के बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया। गोवर्धन पूजा के चलते मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। राधा कृष्ण मंदिर बिझौली में दर्शन करने को काफी श्रद्धालु पहुंचे, जहां अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी लक्ष्मीकांत मिश्रा, भक्त चंदन सिंह साइफन, विपिन सिंह, निमिष सिंह, अतुल सिंह आदि ने मंदिर पहुंचकर पूजापाठ करने के साथ अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया। अमिता, सुनील, बबली, विपिन, रागिनी, सीमा, डाली, तन्नू आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

- **पूजन कर महिलाओं ने अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया**

रोशननगर में व्रत रखकर महिलाओं ने घरों में गाय के गोबर से रंगोली बनाई इसके बाद पकवान बनाकर विधि विधान से पूजा की। इस पूजा को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है। सुमन अग्निहोत्री ने बताया कि विधि विधान से पूजा अर्चना की और परिवार की तरक्की की खुशहाली की कामना की। बिलहरी में भी विधिविधान से गोबर्धन पूज की गई।

### परंपरागत तरीके से की गोवर्धन पूजा

**मूड़ा सवारान।** क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। मंदिरों में आयोजन हुए और भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद बांटा गया। महिलाओं ने उपवास रखकर गाय, नर, नारी, सूर्य, चंद्रमा आदि बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। अन्नकूट का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही गौ माता को स्नान कराकर तिलक बंदन लगाकर पूजन किया।



गोवर्धन आकृति बनाकर पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



मोहल्ला रंगरेजान के एक घर में गोवर्धन पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### पलिया में गोवर्धन पूजा कर सुख की कामना की

**पलिया कलां।** नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में श्रद्धालु महिलाओं ने घरों पर गो ग्राम बनाकर विविध पूजन सामग्री से गोवर्धन की पूजा की। नगर के मोहल्ला किसान, रंगरेजान, ढाकिन ,सिंगहिया, टेहरा सहित विभिन्न मोहल्लों एवं क्षेत्र के चंदन चौकी, संपूर्णानगर, तिरकौलिया, नगला, पतवारा, मझगईं,बोझवा, भीरा आदि में श्रद्धालु महिलाओं ने गोवंशीय पशुओं के गोबर से लिप घरों के आंगनों में गो ग्राम बनाए। जिनमें ग्वाले, गोशालाएं, गोपालकों के घर- गृहस्थी की वस्तुएं आदि बनाकर उनपर सींकों से छाया की। इसके पश्चात महिलाओं ने फूलमाला,खील , बताशा, चीनी के बने खिलौने, मेवा, मिष्ठान, धूप -दीप,फल व आम्र पल्लवों आदि से पूजा -आरती की और भगवान इन्द्र के कुपित होने पर की गई अतिवृष्टि पर श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर बृजवासियों की रक्षा करने की कहानी सुनी। मोहल्ला रंगरेजान दो के पूर्व सभासद सीताराम राठौर के घर में नीलम राठौर, गीता देवी, सुनीता, प्रेम देवी, पूनम राठौर, मुन्नी आदि ने गोवर्धन पूजा कर आरती उतारी।

## गोशालाओं में गोवर्धन पर्व पर किया गोपूजन



गोवंश को गुड़, केला खिलातीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचारः** जिले की गोशालाओं में गोपूजन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका द्वारा संचालित गो संरक्षण केंद्र खंभारखेड़ा में चेयरपर्सन डॉ. ईरा श्रीवास्तव के साथ गोवंश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गुड़, केला व हरा चारा खिलाया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद भी मौजूद रहे।

- **डीएम ने लखीमपुर चेयरमैन संग खिलाया गुड़,केला**

इससे पूर्व डीएम ने अपने सरकारी आवास की गौमाता का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर फल,चना और गुड़ खिलाया। उधर, जिले की सभी गोशालाओं में गौपूजनोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह, निघासन में एसडीएम राजीव निगम सहित विभिन्न तहसीलों के एसडीएम ने अपने तहसील क्षेत्र और गौशाला के नोडल अफसरों ने आवंटित गोआश्रय स्थलों में पहुंचकर ग्रामीणों संग गौ माता का पूजन कर माला पहनाई। गायों को गुड़-केला खिलाया।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# गोला चेयरमैन ने गायों को खिलाया गुड़, पौधरोपण किया



गोआश्रय स्थल में गायों को गुड़ खिलाते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पालिका के अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल मूड़ा सरकटा में पूजा अर्चना कर गायों को गुड़ खिलाकर पौधरोपण किया।

उन्होंने कहा कि गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं वास होता है, इसलिए गौ माता की सेवा से सभी देवी देवता प्रसन्न हो जाते हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अंकुर कुमार, पशु मित्र संतोष वर्मा, गौशाला केयरटेकर श्यामसिंह कुशवाहा, अंकुल तिवारी, राजेश कुमार, अरुण कुमार, महेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, श्यामबाबू, मदनलाल आदि मौजूद रहे।



कान्हा गोशाला में गाय की पूजा करते चेयरमैन संजय शर्मा। ● अमृत विचार

### गायों की पूजा कर मनाया गोवर्धन पर्व

**बरवर, अमृत विचार :** कान्हा गोशाला में चेयरमैन संजय शर्मा ने गाय की पूजा कर उनका माल्यार्पण किया और उन्हें गुड़ चना खिलाया। ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर की गोशाला में ग्राम प्रधान अरविंद सिंह ने गोपूजन किया। वरिष्ठ लिपिक रमाकांत अग्निहोत्री, कन्हैया, गोशाला प्रभारी बृजभूषण द्विवेदी, सभासद राहुल शुक्ला, विमल शुक्ला समेत समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। चेयरमैन संजय ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व बिजली विभाग की कनेक्शन वास्ते तीन लाख 26 हजार की रसीद जारी की गई थी लेकिन अभी तक बिजली के पोल तक नहीं लग पाए हैं। अधिशाषी अधिकारी विकास आनन्द ने बताया कि बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता फोन नहीं उठा रहे हैं।

## राइस मिलर्स गोआश्रय स्थलों को दान करेंगे 100 क्विंटल किनकी

**लखीमपुर खीरीः** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन के लिए अभिनव पहल और आह्वान पर जिले की राइस मिलर्स चावल की लगभग 100 क्विंटल किनकी जिले के गो आश्रय स्थलों को दान करेंगे।

चावल की किनकी को एडीएम संजय कुमार सिंह और जिला खाद्य विपणन अधिकारी के माध्यम से गो आश्रय स्थलों को भिजवाएंगे। इस पौष्टिक चावल की किनकी को निराश्रित गोवंशों के चारे में मिलाकर खिलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की बैठक पांच को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बजाज ग्रुप की चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान कराने और नवीन पेराई सत्र का गन्ना भुगतान 14 दिन में कराने के लिए संगठन की पांच नवंबर को आगामी रणनीति तय करने के लिए बैठक बुलाई गई है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष एवं मंडल के संगठन मंत्री संतोष सिंह ने कहा है कि बजाज ग्रुप की चीनी मिलों ने पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान दिया न ही गन्ना समितियों को नोटेरियल शपथ पत्र। गोला और खम्भार खेड़ा की चीनी मिलों का नवीन पेराई सत्र आठ नवम्बर से शुरू होगा लेकिन चीनी मिल भुगतान के मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। इसके लिए पांच नवम्बर को संगठन गन्ना समिति में पदाधिकारियों की बैठक कर आगे की रूपरेखा तैयार करेगा, भुगतान के लिए संगठन चुप बैठने वाला नहीं है।

# मंदिरों में हवन-पूजन कर मनाया श्री अन्नकूट महोत्सव



श्रीराधाकृष्ण उर्फ द्वारिकाधीश मंदिर में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में छप्पन भोग लगाते पुजारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर और श्री राधा कृष्ण उर्फ द्वारिकाधीश मंदिर में छप्पन भोग लगाकर, हवन पूजन कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया।

बजाज हिंदुस्थान शुगर लि में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में पुजारी दयानंद पांडे ने भगवान लक्ष्मीनारायण को छप्पन भोग माखन, मिश्री, खीर, पंजीरी, रसगुल्ला, रबड़ी, जलेबी, मालपुआ, काजू, बादाम, बर्फी, पेड़ा, घेवर, मूंगदाल, हलवा, मोहनभोग, पंचामृत, गाय का घी, मठरी, कढ़ी, चावल, दही, खिचड़ी, पापड़, केला, किसमिस, सेब, अमरूद, पकौड़े, चटनी, साग, चीला, आलू बुखारा आदि से भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया।

नगर की अलीगंज रोड पर श्री राधाकृश्ण उर्फ द्वारिकाधीश मंदिर पर श्रीअन्नकूट का भोग लगाकर पूजन कर हवन किया। यज्ञाचार्य पंडित केशव राम शुक्ल, पंडित अवधेश प्रसाद मिश्र नारायण पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां डलवाई। पूजन में मंदिर के सर्वराकार महंत संत गिरि के शिष्य महंत आशुतोष गिरि, अरिमर्दन सिंह, मयंक शुक्ला, सौरभ सिंह, श्याम सिंह, विजय श्री वृंदावन, सर्वेश जायसवाल, पवन वर्मा, मंदिर पुजारिन राजेश्वरी देवी, गीता सिंह, सुधा देवी, विजया पांडे, जया मिश्रा, पीयूष सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# भाई दूज पर जेल में मुलाकात की विशेष व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **सुबह सात बजे से शुरू होगी मुलाकात, अतिरिक्त पर्ची काउंटर खोले**

**अमृत विचारः** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज पर्व रविवार को मनाया जाएगा। जेल में बंद भाइयों से मिलने आने वाली बहनों को कोई दिक्कत न हो। इसको लेकर जेल प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी की है।

भैया दूज हो चाहे रक्षा बंधन का पर्व। इन दोनों पर्वों पर बहनों की भारी भीड़ उमड़ती है। इन दोनों त्योहारों पर बहनों के अलावा अन्य लोगों की मुलाकात पूरी तरह से प्रतिबंधित रहती है। इस समय करीब 850 बंदी जिला जेल में निरुद्ध हैं। जेलर हरबंश कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार को बहनों की मुलाकात सुबह सात बजे से कराई जाएगी।

यह मुलाकात शिफ्टों में दोपहर दो बजे तक चलेगी। इसके बाद भी कोई बहन आती है तो उसे वापस नहीं लौटाया जाएगा। महिलाओं को मुलाकाती पर्ची बनवाने के लिए अतिरिक्त दो काउंटर खोले गए हैं, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। महिलाओं के बैठने की भी व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि बहनों को सिर्फ रोली और पैक मिठाई सोहन पपड़ी को ही जेल के अंदर ले जाने की इजाजत होगी। जेल परिसर में भारी भीड़ भाड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. वरुण अग्रवाल रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
पॉली क्लीनिक पर कार्य हेतु कम्पाउण्डर की आवश्यकता है
डा. जमील अहमद सिद्दीकी पॉली क्लीनिक
जौहरपुर, सी.बी. गंज
7078954660

आवश्यकता है
अनुभवी M/F अकाउंटेंट की जिसको Tally, Busy, Accounting Software और GST, Income Tax की पूर्ण जानकारी हो
सम्पर्क करें
9759129666, 9412066775
mail id : ysaxena0076@gmail.com

सूचना
सूचित हो कि हमारे नाम पर 1247 वर्गगज भूमि जो कि 383 नंबर निकट छावनी अशरफ खां बांके परगना तह. व जिला बरेली में स्थित है जिसके मूल रजिस्ट्री दस्तावेज जो बरेली रजिस्ट्री दफ्तर में वही नं0 1 जिल्द 2259 के पृष्ठ 15 से 19 में नं. 1435 पर दि. 02.03.1982 को पंजीकृत है जोकि कचहरी बरेली जाते समय वास्तव में कहीं खा गए है। इसका प्रयोग अवैध होगा। अगर किसी व्यक्ति को मूल बैनामा मिलता है तो इस पते देने की कृपा करें।उक्त व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जायेगा। **योगेश चंद्र व गिरीश चंद्र निवासी 129-डी, सिविल लाइंस, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### छत का जाल तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**खमरिया,अमृत विचार :** कस्बा खमरिया निवासी संकटा प्रसाद रस्तोगी ने बताया कि शुक्रवार की रात उनके मकान की छत पर चोर चढ़ आए और जाल काटकर अंदर दाखिल हो गए। चोर वहां रखा वायरिंग का तार, केबिल, बोर्ड आदि करीब पचास हजार रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी रामखेलावन पुत्र गोकरनप्रसाद और थाना मैलानी के गांव बंजरिया निवासी अंकित पुत्र मुन्नालाल घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर दोनों को छुट्टी दे दी गई।

### गाली देने से मना करने पर ग्राम प्रधान को पीटा

**मितौली, अमृत विचार :** गांव मुराहसा में गाली गलौज करने का विरोध करने पर हमलावरों ने ग्राम प्रधान की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम प्रधान का मेडिकल परीक्षण कराया है ।मुराहसा के ग्राम प्रधान रोहन लाल ने बताया कि उसके गांव के ही रामकिशोर, राकेश और उनके घर की औरतें गाली गलौच करने लगी। जब उन्होंने मना किया तो उनके साथ मारपीट की है, जिससे उनके चोटें आई हैं।

# बदल रहा मौसम: दिन-रात के तापमान में 10 डिग्री का अंतर

## मौसम वैज्ञानिक इस बार कड़ाके की ठंड का जता रहे अनुमान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


**अमृत विचार:** मौसम का मिजाज बदल रहा है। सुबह के समय कोहरा छा रहा है और दिन में भी पंखा चलाने पर ठंड का एहसास होने लगा है। दिन-रात के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक नवंबर माह से ही अच्छी ठंड पड़ने का अनुमान है और यह सर्दी फरवरी तक रहेगी। इसकी वजह ला नीना का सक्रिय होना बताया जाता है।

गत दो दिन से अचानक मौसम बदलने से सुबह और शाम ठंड होने लगी है। हालांकि दोपहर में निकल रही धूप गर्मी का अहसास दिला रही है। शनिवार सुबह शहर से बाहर और ग्रामीण अंचल में कोहरा छाया रहा।

ऐसे में शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों मुताबिक इस बार सर्दी का समय काफी लंबा रहेगा। रात के तापमान में भी तेजी से बदलाव आ रहा है। ला नीना के सक्रिय होने से ठंड में भी इजाफा होगा। इसलिए आने वाले कुछ हफ्तों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट देखने को मिल सकती है।

### आतिशबाजी से बढ़ा प्रदूषण, एक्यूआई 145 पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




● आंखों में जलन के साथ सांस के मरीजों की बढ़ी परेशानी

**अमृत विचार :** दिवाली पर आतिशबाजी से वायु प्रदूषण बढ़ गया है। इससे जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक 145 पहुंच गया। हवा में आतिशबाजी का जहर घुलने से आंखों में जलन होने के सास्थ मरीजों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। सबसे ज्यादा दिक्कत अस्थमा रोगियों को हो रही है। दीपावली पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। परिणाम यह रहा कि पटाखे आदि जलाने से हवा में घुला जहर बच्चों से लेकर बड़ो तक के लिए मुसीबत बनने लगा है। सबसे ज्यादा दिक्कत अस्थमा एवं सांस रोगियों को हो रही है। शनिवार को जिले का एक्यूआई 145 पहुंच गया। हवा में मौजूद बारूद से लेकर धुएं एवं मिट्टी के बारीक कण सांस और अस्थमा रोगियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक के मुताबिक आतिशबाजी का जहर हवा में घुलकर हर किसी के लिए मुसीबत बन रहा है। हालांकि इससे सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों से लेकर सांस एवं अस्थमा रोगियों को होगी। इससे बचने के लिए घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें। इससे हवा में मौजूद बारूद, मिट्टी एवं अन्य खतरनाक कण से बचाव होगा।

### दिन पर दिन बदल रहा मौसम

मूड़ा सवारान। दीपावली के बाद से मौसम का मिजाज दिन पर दिन बदल रहा है। ठंड का असर बढ़ने लगा है। सुबह के समय धुंध भी छाने लगी है। तापमान में गिरावट होने के साथ ही सुबह कोहरे का असर भी दिखने लगा है। शनिवार सुबह आठ बजे तक कोहरा छाया रहा। मौसम जानकारों के मुताबिक तापमान में अभी और गिरावट आएगी। मध्यम गति से हवाओं के चलने से मौसम में निरंतर गिरावट हो रही है, जिससे आने वाले दिनों में ठंड में इजाफा होना तय है।

## नशे में मारपीट करते चार गिरफ्तार

**भीरा,अमृत विचार:** शराब के नशे में आपस में मारपीट करते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि बिजुआ में रामनगर मार्ग पर शराब की दुकान के पास कुछ लोग नशे की हालत में मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने श्यामू राठौर, सत्रोहन, राममूर्ति, मनोज निवासी निवासी बिजुआ को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा काफी दिनों से फरार चल रहे गांव पकरिया सालिया निवासी विजयपाल व मानिक राम निवासी ग्राम डूजई पुरवा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान भेजा है।

# थारू मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, पलिया कलां


सम्मानित किए गए थारू समाज के मेधावी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थारू समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं के सम्मान में शनिवार को थारू जन कल्याण संस्था लखीमपुर के तत्वावधान में थारू युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रमाशंकर राना अधिशासी अभियंता बीएसएनएल व विशिष्ट अतिथि रेखा राना रहीं।

संस्था उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राना व महामंत्री लक्ष्मण राना ने कहा कि थारू क्षेत्र में ऐसी प्रतिभाएं हैं, जो आगे चलकर हमारे क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगी। पूरे थारू क्षेत्र से एक भी आईएएस या आईपीएस नहीं निकल पाया है इसके लिए प्रयासरत रहें। शिक्षा के साथ-साथ अपनी थारू परंपरा को न छोड़ें। विशिष्ठ अतिथि रेखा राना ने 100 बुजुर्ग थारू महिला -पुरुषों को कम्बल वितरित किए गए। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सहित मंगल चौधरी, रामचंद्र राना, छैलबिहारी, बलदेव कुमार श्रीवास्तव,इंजीनियर वासुदेव राना, रामनिवास राना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

● बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को कंबल बांटे गए

# दिवाली पर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


सफाई कर्मियों के साथ व्यापारी नेता सुरेंद्र तोलानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला बरखेरवा वार्डवासियों ने दीपावली पर मोहल्ले की साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।

उद्योग व्यापार संगठन के संरक्षक सुरेंद्र तोलानी ने बताया कि पूरे साल सफाई कर्मी वार्ड की गलियों में झाड़ू लगाने के साथ नालियों की साफ सफाई करते हैं। वार्ड में सम्मान समारोह आयोजित कर वार्ड के समस्त सफाई कर्मियों को फूल माला पहनाकर स्वागत कर उपहार में मिष्ठान दिया गया। इस दौरान कमल मिश्रा, सभासद पारस मौर्य सहित अनिल मौर्य, अनिल मिश्रा, नवनीत पांडे, अमित सिंह, शरद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### हाईमास्ट लाइट लगने से जगमग हुआ बेलरायां

**बेलरायां, अमृत विचार :** कस्बा बेलरायां के मुख्य तिराहे पर चीनी मिल की आवासीय कॉलोनी का मुख्य गेट है। सिंगाही और तिकुनिया आने-जाने वाला मुख्य मार्ग होने के बाद भी तिराहे पर काफी अंधेरा रहता था। करीब पांच साल पहले यहां हाईमास्ट लाइटें लगाई गईं थी, लेकिन वे कुछ दिनों के बाद खराब हो गईं। बेलरायां निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा ने काफी प्रयास कर दो हाईमास्ट लाइट स्वीकृत कराई थी। इनमें एक लाइट तिराहा तो दूसरी कुशाही मोहल्ले में मढिया मंदिर के पास लगाई गई है। दिनेश कुमार ने बताया कि तिराहा पर लगी लाइट चालू हो गई है।

# सेल्समैन हत्याकांड में दो गिरफ्तार

संवाददाता मितौली


थाना मितौली पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

● आरोपियों की निशानदेही पर आला कत्ल बांका बरामद

● 30 अक्टूबर को विवाद में सेल्समैन की कर दी थी हत्या

**अमृत विचार:** गांव दतेली में शराब की दुकान के सेल्समैन की बांके से हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

30 अक्टूबर की रात दतेली में शराब की दुकान के सेल्समैन सीताराम और ओडहरा निवासी कमल किशोर अवस्थी के बीच शराब को लेकर विवाद हो गया था। आरोपियों ने सेल्समैन की बांके से प्रहार कर हत्या कर दी थी। बीच बचाव करने आए उसके भतीजे को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसका उपचार लखनऊ में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के भाई सकटू राम निवासी ओडहरा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया पुलिस ने आरोपी कमल किशोर अवस्थी व आदेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका भी बरामद हो गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


चंदन वर्मा।

**अमृत विचार:** सुबह घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिवार वालों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। युवक की पत्नी ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी निवासी श्वेता वर्मा ने बताया कि उसके पति चन्दन वर्मा (29 अक्टूबर को सुबह घर से गए। तब से उनका कुछ पता नहीं चला। उनका फ़ोन भी बंद है। सभी जगह खोजबीन कर ली, परन्तु कोई पता नहीं चला। उनके पति का किसी से कोई विवाद और रंजिश नहीं है और न ही घर में किसी तरह का विवाद है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### शांतिभंग में सात का किया चालान

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शांति भंग करने वाले सात आरोपियों अमिलाहार निवासी अजय राज, जसकरन, रानीगंज निवासी मूलचंद, लवलेश, शिवमंगल, प्रभात कुमार, सुशील कुमार का शांतिभंग में चालान भेज दिया है।

# वन विभाग की अर्जी पर बाघ के अंगों के तस्करों की बढ़ी रिमांड

संवाददाता, पलिया कलां

● 18 अक्टूबर को बाघ के अंगों की तस्करी में पकड़े गए दो लोग

● बाघ की हत्या, खाल, हड्डियां, दांत,नाखूनों के बारे में जानकारी कर रहा विभाग

**अमृत विचार:** बाघ के दांत व नाखूनों के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपियों की रिमांड सात दिन बढ़ा दी गई है। वन विभाग की टीम ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

यूपी एसटीएफ के उपनिरीक्षक राशिद अली एवं पलिया रेंज ऑफिसर विनय कुमार ने 18 अक्टूबर को पलिया-निघासन रोड पर गांव टेहरा के निकट से थाना सिंगाही के गांव भैरमपुर निवासी दीनदयाल व सतीश को गिरफ्तार किया था। टीम ने दोनों आरोपियों के पास से बाघ के पांच दांत और तीन नाखून बरामद होने का दावा कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत चालान भेजा था। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

वन विभाग ने कोर्ट से आरोपियों को 28 अक्टूबर तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की। रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें जेल में दाखिल कर दिया था। वन विभाग की टीम की अर्जी पर कोर्ट ने आरोपियों की सात दिन की रिमांड बढ़ा दी है।

उत्तर खीरी वन प्रभाग के डीएफओ सौरीष सहाय ने रिमांड बढ़ने की पुष्टि की है। उधर पलिया रेंजर विनय कुमार का कहना है कि इस केस की जांच एसडीओ मनोज तिवारी कर रहे हैं। वे ही कुछ बता सकते हैं। फिलहाल इस केस में अभी कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां टीम को जुटानी है। बाघ की हत्या कहां की गई। इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे। बाघ की खाल, हड्डियां, चर्बी, मांस तथा अन्य दांत व नाखून कहां हैं, इनकी बिक्री कहां की जाती है, आदि सवालों का जवाब टीम तलाश रही है।

# बाघ के हमले में मृत मजदूर के परिजनों को दी सहायता


मृतक की पत्नी को राहत सामग्री देते सैय्यद मोहम्मद हैदर रिजवी और उनकी पत्नी।

संवाददाता, बेलरायां

**अमृत विचार:** लखनऊ निवासी उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सैय्यद मोहम्मद हैदर रिजवी अपनी पत्नी के साथ शनिवार को थाना मझगई के गांव रजागंज पहुंचे।

बाघ के हमले में चार दिन पहले मारे गए मजदूर बाबूराम के परिवार वालों का हालचाल जाना और ढांढस बंधाया। उनकी पत्नी प्रोफेसर डॉ सनोबर हैदर ने मृतक की पत्नी गेंदा देवी को दो कंबल, उसके व परिवारजनों को कपड़े, बच्चों को खेलकूद की सामग्री व 10 हजार रुपये सहायता दी। इसके बाद वह दुधवा पहुंचे और टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर से शीघ्र शासकीय सहायता पीड़ित परिवार को दिलाने की मांग की।

# शौच को गई किशोरी को गन्ने में खींचकर युवक ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी खेतों की तरफ शौच करने गई थी। गांव के ही एक युवक ने दबोच लिया। तमंचा दिखाकर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आठ दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना 24 अक्टूबर शाम करीब पांच बजे की है। एक ग्रामीण के घर का शौचालय खराब है। उसकी बेटी शाम को खेतों की तरफ शौच करने गई थी। रास्ते में ग्राम पंचायत भवन के पास दूसरे समुदाय के युवक ने उसे दबोच लिया।

मुंह दबाकर गन्ने के खेत में खींच ले गया। सीने पर तमंचा लगाकर शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। वह आरोपी के चंगुल से छूटकर भागी। घर आकर माता-पिता को पूरी बात बताई। माता-पिता उसको साथ लेकर कोतवाली गए और पुलिस को तहरीर देकर पूरी घटना बताई, लेकिन पुलिस ने तहरीर वापस कर उसे कोतवाली से भगा दिया और रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

इसके बाद उसने एसपी और सीओ से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना सीओ मोहम्मदी को सौंपी है।

● एसपी और सीओ को प्रार्थनापत्र देने पर आठ दिन बाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

### युवती ने चार पर लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

कोतवाली मोहम्मदी के एक गांव की युवती ने गांव के ही चार युवकों पर कमरे में बंद कर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। युवती का कहना है कि आरोपियों का उसका परिवार से झगड़ा हो रहा था। आरोपियों ने माता-पिता, भाई और बहन के साथ उसे भी जमकर पीटा। आरोपी उसे अपने घर उठा ले गए और कमरे में करीब एक घंटे तक बंद रखा। जहां पर चार लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गला दबाकर जान से मार देने की कोशिश की। पीडिता ने बताया कि पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## बीयर शॉप पर हुआ विवाद, मारपीट में दो घायल

**महंगापुर, अमृत विचार:** संपूर्णानगर थाना क्षेत्र की गांव त्रिकौलिया पढ़ुवा में एक बियर शॉप पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के दो लोगों के सिर लहूलुहान हो गए। पुलिस दोनों घायलों मेडिकल कराकर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पढ़ुवा निवासी सोनू व विपक्षी भूरा निवासी ग्राम कंचनपुर पढ़ुवा का सर लहूलुहान होने के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 ने पहुंचकर संपूर्णानगर पुलिस को दी। जिसपर संपूर्णानगर पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। संपूर्णानगर थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीण ने झोपड़ी में फंदा लगाकर जान दी



**मोहम्मदी,अमृत विचार :** रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्रंट साहबगंज के मजरा छेडीपुर गांव में ग्रामीण ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव छेड़ीपुर निवासी मूलचंद्र (45) पुत्र दुर्गा झोपड़ी डालकर रहते थे। उनकी पत्नी रीना देवी की 25 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। बेटी सरोजिनी की एक साल पूर्व शादी पास के ही नंदापुर गांव में हो चुकी है। एक बेटा राजकुमार मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता है। मूलचंद ने झोपड़ी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुत्री ने बताया कि उसके पिता शराब पीने के आदी थे, और ज्यादातर नशे में ही रहते थे। रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शातिर अपराधी गिरफ्तार, दर्ज हैं 25 संगीन मामले

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। वह टॉप 10 टेन सूची में शामिल है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामाधार उर्फ धारे थाना ईसानगर के गांव त्रिकोलिया का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना ईसानगर और धौरहरा में चोरी, आर्म्स एक्ट, जान लेवा हमला समेत 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह टॉप टेन सूची में था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। ईसानगर पुलिस ने उसे शनिवार को ईसानगर-रमपुरवा मार्ग से गिरफ्तार किया है। उसके पास तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

### बाघ के हमले में बकरी की मौत

**रोशननगर,अमृत विचार :** महेशपुर रेंज से एक किमी दूर ग्रंट साहबगंज में बाघ ने बकरी को निवाला बना लिया। महेशपुर बीट के ग्रंट साहबगंज में हरविंदर सिंह पुत्र किशन सिंह के झाला पर आ पहुंचे बाघ ने रात में एक बकरी को अपना निवाला बना लिया। सुबह जब झाला स्वामी बाहर निकले तो उन्होंने बकरी का अधखाया शव पड़ा देखा। तत्काल महेशपुर रेंज को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बकरी पर बाघ द्वारा हमला किए जाने से आसपास के गांवों में फिर दहशत फैल गई है।

### पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद में मारपीट, तीन घायल

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** गांव बोधीकलां निवासी अनूप कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर के दरवाजे पर शुक्रवार की शाम 7 :00 बजे खड़ा था। तभी गांव के भगवत, सरोज, रजनीश और भगवत की पत्नी उसके दरवाजे पर आकर पटाखे फोड़ने लगे। उन्होंने दरवाजे के सामने पटाखे फोड़ने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में अनूप, कमलेश और शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टायर गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार :** शहर के मेला मैदान रोड पर स्थित एक टायर गोदाम में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। मेला मैदान में टायर हाउस नाम से फर्म है। यहां पर मोबिल, टायर और बैटरी आदि का कारोबार होता है। दुकान के गोदाम में शुक्रवार की देर रात आग लग गई। गोदाम से धुआं उठा तो आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। उन्होंने दुकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर बिग्रेड के साथ ही मालिक वासिफ खान अपने कर्मचारियों के साथ पहुंच गए। फायर बिग्रेड ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। वासिफ खान ने बताया कि रात को किसी समय शॉर्ट सर्किट हुआ। मोबिल और टायर होने की वजह से गोदाम में आग तेजी के साथ फैली। कितना नुकसान हुआ है यह अभी बता पाना संभव नहीं है। नुकसान का मिलान किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### मारपीट में मां-बेटे सहित पांच घायल

**निगोही, अमृत विचार :** गांव जेवां मुकुंदपुर निवासी वीरपाल ने बलवीर कमल जौहरी, नन्ही ,रघुवीर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार शाम 5 :28 बजे उसकी चचेरी भाभी शांति देवी खडी थीं। तभी बलवीर ने बाइक से भाभी के टक्कर मार दी। कुछ देर बाद हमला बोल दिया। जिसमें भाई व भतीजा,मां रामश्री,बहन कांती देवी, भाई मनोहर लाल घायल हो गए।

# दुर्घटना में घायल खीरी के दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● खीरी के जेबीगंज बाजार में खरीदारी करने पैदल जा रहे थे दोनों

● इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम, परिजन बेहाल

**अमृत विचार:** सीतापुर रोड पर गोविंदापुर गांव के सामने ट्रक ने पैदल जा रहे दो व्यक्तियों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को यहां मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों भैयादूज के लिए जेबीगंज की बाजार में खरीददारी करने जा रहे थे। मृतक पड़ोसी है। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। घटनास्थल खीरी जिले का है।

लखीमपुर खीरी जिले के थाना पसगंवा के गांव सिकतारा निवासी मुलायम(50) पड़ोस के रहने वाले बेचेलाल (40) के साथ शुक्रवार की दोपहर तीन बजे जेबीगंज की बाजार में सामान की खरीदारी करने के लिए पैदल जा रहे थे। दोनों लोग भैयादूज पर्व पर सामान की खरीदारी करने के लिए निकले थे। सीतापुर रोड पर गांव से दो किमी दूर गोविंदापुर गांव के निकट पेट्रोल पंप के सामने सीतापुर की ओर जा रहे ट्रक ने दोनों को साइड से टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पसगवां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इधर दोनों के परिवार वाले भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों घायलों को पसगवां की सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर के रेफर करने पर परिवार वाले उन्हें शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज लेकर आए। मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की रात में घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पसगवां पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दोनों परिवार में भैया दूज पर्व की खुशियां मातम में बदली

मृतक बेचेलाल की पत्नी रेशमा देवी और छह बच्चे बेहाल है। उसकी एक बहन विसरांती की शादी रोजा थाना क्षेत्र के गांव वरनई में हुई है। वह भैयादूज पर अपने भाई का तिलक करने आती थी। रविवार को आने वाली थी। इधर मृतक मुलायम की पत्नी मायादेवी, तीन बच्चों, बहनें उर्मिला व राजमुखी भी विलाप कर रही थी। बहनें हरदोई व रोजा में रहती है। दोनों मृतक मजदूरी करते थे।

## एक नजर

### अवैध शराब की बिक्री करते एक गिरफ्तार

कासगंज, अमृत विचार : सदर कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने क्षेत्र के गांव फतेहपुर माफी से पप्पू पुत्र गोवर्धन को अवैध शराब की बिक्री करते गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 45 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध कारोबार के विरुद्ध यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

### झोपड़ी में आग लगाकर सामान जलाने का आरोप

एटा, अमृत विचार : जसरथपुर थाना में नेम सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी कलंदरनगर ने उमाशंकर पुत्र नत्थू सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उमाशंकर 31 अक्टूबर को अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित की झोपड़ी पर आ गया। एकराय होकर पीडित की झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

## तीन नामजदों पर हत्या की धाराओं में दर्ज हुआ मामला, परिजनों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जिला अस्पताल में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



मृतक रोहित यादव।

**अमृत विचार:** शहर में शुक्रवार की रात युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों में घटना को लेकर आक्रोश है। मृतक के चचेरे भाई ने सदर कोतवाली में तीन नामजदों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

सोरों गेट के मोहल्ला जयजयराम अहीर पाड़ा निवासी दक्ष यादव पुत्र चरन सिंह यादव ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि उसके ताऊ वनवारी सिंह का बेटा रोहित(24) और वह एक साथ थे। शुक्रवार रात आकाश माथुर, राजीव ठाकुर और अर्पण उपाध्याय उन्हें मिले।

दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि रोहित को कल का सूरज नहीं देखने देंगे फिर रोहित और दक्ष अपने-अपने कार्य में व्यस्त हो गए। रात लगभग 11 बजे सूचना मिली कि रोहित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। उसके सिर में गंभीर चोटें थी। आरोप है कि नामजदों ने उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों की विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही जांच शुरू कर दी है।

> एक युवक की मौत हुई है। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर के आधार पर तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे। उसके अनुसार कार्रवाई होगी। एक आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई कर रहे हैं। **- लोकेश भाटी, इंस्पेक्टर, कासगंज।**

### आखिर कहां सोती रही सोरों गेट पुलिस

एफआईआर में स्पष्ट है कि धमकी मिलने के बाद सूचना सोरों गेट पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। सवाल उठ रहा है कि जब पहले से सूचना थी तो सोरों गेट पुलिस ने आखिर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

### सड़क हादसे की रही चर्चा

इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं रही। कुछ लोग यहां तक कि पुलिस भी पहले तो इस घटना को सड़क हादसा बताती रही। हालांकि बाद में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## पांच बच्चों की मां से मिलने पहुंचे प्रेमी की पिटाई

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार :** पांच बच्चों की मां से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। युवक के पिता ने आश्वासन दिया कि घर बेचकर कहीं और चले जाएंगे। इस पर समझौता हो गया। पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है।

नगर निवासी एक युवक का मोहल्ले में ही रहने वाली पांच बच्चों की मां से लगभग 8 वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। महिला के बच्चे भी जवान हो गए। शनिवार की सुबह प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। इस दौरान महिला के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। महिला के परिजनों ने नामजद तहरीर दी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंच गए। करीब 3 घंटे के बाद युवक के पिता ने आश्वासन दिया कि वह अपना घर बेचकर कहीं और चला जाएगा।

# अनियंत्रित बस ने दो बाइकों को रौंदा, मां-बेटे की मौत

संवाददाता, डिलारी (मुरादाबाद)

- बेटे के साथ भैया दूज मनाने मायके जा रही थी महिला
- गुस्साई भीड़ ने लगाया जाम, एक घंटे तक आवागमन रहा बाधित

**अमृत विचार :** काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर अनियंत्रित बस ने दो बाइकों को रौंद डाला। बस की रफ्तार इतनी तेज थी की बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते ले गई। बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उगुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

थाना डिलारी के गांव हंसूपुरा निवासी अजीत (21 वर्ष) शनिवार की शाम अपनी मां प्रकाशो को बाइक पर बैठा कर भैया दूज का पर्व मनाने के लिए मामा के घर काशीपुर जा रहा था। गांव सौदासपुर के पास ठाकुरद्वारा की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने अजीत की बाइक में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बस को सामने से आता देखकर अजीत ने बाइक को सड़क किनारे कच्चे रास्ते में उतार ली, लेकिन बस बाइक को रौंदते हुए करीब 100 मीटर तक ले गई और पीछे आ रही मोटर साइकिल में भी टक्कर मार दी। दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में अजीत की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसकी मां प्रकाशो ने अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार थाना क्षेत्र के गांव हंसूपुरा निवासी जावेद और थाना स्वार निवासी अखलाक गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे पर आए दिन हो रहे हादसों से गुस्साई भीड़ में हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे एक घंटे तक यातायात बाधित रहा और सड़क पर वाहनों की कतारें लग गई। थाना डिलारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर बड़ी मुश्किल से जाम खुलवाया।

# सीएम ने वराह मंदिर के लिए भेजी मिठाई, चोरी का आरोप

संवाददाता, सोरों जी

- महंत ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लगाया आरोप, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार:** मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद में गड़बड़ी की शिकायत की खबरों के बीच अब भगवान के लिए भेजी गई भेंट में भी हेराफेरी की शिकायत सामने आई है। मुख्यमंत्री द्वारा तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र में स्थित वाराह मंदिर के लिए भेजे गए गिफ्ट पैक में से मेवा, मिठाई एवं अन्य सामग्री निकालकर लोकल मिठाई और सामान रखने का आरोप लगा है। यह आरोप भगवान वाराह मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी आशुतोषानंद ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लगाया है।

महंत आशुतोषानंद महाराज ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा मिठाई और गिफ्ट पैक भेजे गए थे, ताकि मंदिर के प्रसाद में शामिल किया जाए, लेकिन लोगों ने प्रसाद को भी नहीं बख्शा।

सरकार द्वारा भेजी गई मिठाइयां एवं अन्य कीमती सामान, मेवा निकालकर कासगंज की लोकल मिठाई और वस्तुओं को उस डिब्बे में रख दिया गया। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। उन्होंने जिलाधिकारी से जांच पड़ताल किए जाने की मांग की है। डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

> मामला संज्ञान में है, लेकिन लिखित में कोई शिकायत नहीं आई है। फिर भी मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच करवाई जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-मेधा रूपम, डीएम, कासगंज।**

## बरेली कॉलेज में कल चार खेलों की टीमों का होगा चयन

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं के लिए बरेली कॉलेज में चार खेलों की टीमों का चयन किया जाएगा। क्रीड़ा विभाग अध्यक्ष विवेक डागर ने बताया कि 4 नवंबर को खो-खो (महिला), टेबल टेनिस (पुरुष), वेट/पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष/महिला) और बॉल बैडमिंटन (पुरुष/महिला) के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में बरेली कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के समय हाई स्कूल, इंटर, अंतिम कक्षा की मार्कशीट, कॉलेज के आईडी कार्ड, फीस रसीद और दो नवीतम फोटो लाना अनिवार्य है।

# मंदिरों से चोरी करने वाला आरोपी पुलिस ने पकड़ा

चन्दौसी कार्यालय

- आरोपी के दाये पैर में लगी गोली, एक साथी फरार

**अमृत विचार:** पुलिस ने 27 अक्टूबर को श्मशान घाट स्थित मंदिरों में हुई चोरी के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के दाये पैर में गोली लगी है।

सीता रोड स्थित श्मशान घाट में बने शनि देव मंदिर, शिव मंदिर, भैरो मंदिर, मसानी देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों के दानपात्र से दो लाख की नगदी, 25 घंटे व दो चांदी छत्र सहित पांच लाख रुपये का सामान चोरी हुआ था। शनिवार की सुबह चार बजे प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह पुलिस बल के साथ करेली की मढ़ैया चौराहा के पास चेकिंग कर रही थी। उधर से गुजर रहे बाइक सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा के लिए पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में बाइक सवार के दाये पैर में गोली लगी और वह बाइक से गिर गया। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। उसने अपना नाम शौकीन उर्फ शानू पुत्र नसीर निवासी वारिश नगर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं बताया। आरोपी 27 अक्टूबर कोश्मशान घाट में बने मंदिरों में चोरी करने की बात कबूली।

पुलिस ने आरोपी से एक तमंचा, एक पल्सर बाइक, एक कारतूस, 1275 रुपये, घंटे बरामद किए हैं। जबकि आरोपी का साथी शारुख पुत्र असरफ निवासी मोहल्ला मुगल थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं फरार हो गया। एसपी कृष्ण कुमार ने जिला अस्पताल में पहुंच बदमाश से पूछताछ की।

# बंद घर में लगी आग, लाखों का सामान राख

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- गृहस्वामी का आरोप प्रतिशोध में लगाई गई आग, आसपास के घरों की लगा दी गईं थीं कुंडियां
- होली के बाद हुए झगडे मे गई थी एक युवक की जान, पांच आरोपी जेल भेजे गए थे

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा कस्बे में एक बंद मकान में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक सारा सामन राख हो गया। गृहस्वामी ने तहरीर दे रंजिशन आग लगाए जाने सहित गंभीर आरोप लगाए हैं।

कस्बा के कादरगंज रोड स्थित ज्ञान देवी के बंद मकान में शुक्रवार रात 12 बजे आग लग गई। खिड़कियों से लपटें निकलते देख आस पास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दमकल को बुलाया । एक घंटे देरी से पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखा ज्यादातर सामान जलकर राख हो चुका था।घ गृहस्वामी ज्ञान देवी ने बताया कि साजिश के तहत आग लगाई गई। गृहस्थी का समान बेड, एलसीडी, फर्नीचर सहित सारा सामान राख हो गया है। लगभग 20 लाख की क्षति हुई है। ज्ञानदेवी ने कोतवाली में तहरीर दी कि सात माह पहले हुए विवाद के प्रतिशोध में आग लगाई गई।



बंद मकान में उठतीं आग की लपटें।

बताया कि अगा लगाने से पहले आसपास के घरों के दरवाजों की कुंडी लगा दी गई। आसपास के लोगों ने घरों से बाहर आने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा बाहर से बंद थे। उसने नामजद तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### होली पर विवाद के बाद गई थी एक की जान

होली पर्व पर डीजे पर गाना बदलने को लेकर विवाद हुआ था। चार दिन बाद 30 मार्च को रतनेश व अभिषेक उर्फ सैडी पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले थे। गंभीर घायल युवक सैंडी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रत्नेश, अतुल, ज्ञानदेवी, अंकुश, आशीष को जेल भेजा जिसमें ज्ञानदेवी व अतुल जमानत पर हैं। रंजिश केचलते तभी से घर बंद था। कोतवाली पुलिस उसी घटना को देखते हुए भी आग लगाने की पड़ताल कर रही है।

## अधूरी तैयारियों के बीच बसों को उतारा, रास्ते में दे गईं धोखा

**बरेली, अमृत विचार:** त्योहारी सीजन में अधूरी तैयारियों के बीच बसों को रूट पर उतार दिया गया। कई बसें रास्ते में खराब हो गईं और सवारियों को नीचे उतारना पड़ा। बरेली रीजन में पांच दिन में 30 से अधिक बसें खराब होकर अलग-अलग वर्कशॉप में ठीक होने के लिए पहुंच गईं। सेवा प्रबंधक धनजी राम के निर्देश पर अब इन बसों को फिर से ठीक कर भाईदूज पर रूटों पर उतार दिया है।

दिवाली के मौके पर बरेली रीजन की सभी बसों को ऑन रूट किया गया था, लेकिन उसमें कई बसों को जल्दबाजी में बिना चेक किए ही रूट पर ही उतार दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि रीजन की 30 से अधिक बसें रास्ते में ही खराब हो गई। इन बसों को बरेली रीजन के रुहेलखंड, बरेली, पीलीभीत और बदायूं डिपो के वर्कशाप में ठीक कराने के लिए भेजा। बरेली और रुहेलखंड डिपो में ठीक होने के लिए पहुंचीं अधिकतर बसों में इंजन ऑयल की कमी, नट बोल्ट ढीले होने और अन्य छोटी कमियां रहीं।

# मृत व्यक्ति को जमानती बनाकर जेल से बाहर आने का आरोप

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** जालसाज मृतक को जमानतदार बनाकर जमानत पर जेल से बाहर आ गए। जिसके नाम से जमानत ली गई, उसकी 16 महीने पहले मौत हो चुकी है। पुलिस ने भी जमानत के कागजों की जांच नहीं की। पीड़ित ने न्यायालय में शिकायती पत्र दिया है।

बारादरी के रोहली टोला निवासी शारिक अब्बासी ने बताया कि उनकी पत्नी पार्षद के पद पर चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी कर रहीं थीं। इससे मदीनाशाह का इमामबाड़ा निवासी एक व्यक्ति रंजिश मान रहा था। 30 अगस्त को रात 10 बजे वह पत्नी के साथ आ रहे थे।

रास्ते में उन्हें 9-10 लोग मिल गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। बचाने आई गर्भवती पत्नी को भी आरोपियों ने पीटा, जिससे पत्नी का गर्भपात हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। शारिक ने बताया कि इस मामले में आरोपी मोहम्मद साजिद, रहीस मियां, शमशाद हुसैन और मुजीबुर्हमान ने 23 अक्टूबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। इस दिन आरोपियों ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी डाल दी थी और आरोपियों को जमानत मिल गई।

### एक जमानती की 16 माह पूर्व हो चुकी है मौत

शारिक अब्बासी ने बताया कि आरोपियों ने मदीना शाह की मस्जिद के पास रहने वाले अनीस अहमद को जमानती बनाया है। अनीस अहमद के वाहन की आरसी लगी है। बयान हल्फी में भी अनीस अहमद की फोटो लगी है। उसका अंगूठा लगवाकर भी तस्दीक किया गया है। अनीस की मौत 27 जून 2023 को हो चुकी है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम से 30 अगस्त 2023 को जारी किया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र का नंबर भी शारिक ने प्रार्थना पत्र में दिया है। बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि मृत को जमानतदार बनाने का मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा हुआ है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं मिल रही डीएपी, सड़ गया आलू का बीज

संवाददाता, एटा/अवागढ़



ट्रैक्टर ट्राली में भरा सड़ा हुआ आलू। ● अमृत विचार

- किसानों ने सड़े बीज को जिनावली स्थित सहकारी खाद विक्रय केंद्र के गोदाम पर फैला दिया

**अमृत विचार :** डीएपी खाद की भारी कमी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। आलू की बुवाई के समय किसानों को इसकी सख्त जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों से खाद की उपलब्धता न होने के कारण गहरी परेशानी में हैं। इस कमी के चलते किसानों का आलू का बीज बर्बाद हो रहा है।अवागढ़ क्षेत्र में सैकड़ों किसानों का आलू का बीज सड़ गया। आक्रोशित किसानों ने सहकारी समिति पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि कई दिन पहले ही अंगूठे लगवा लिए थे, लेकिन खाद अभी तक नहीं मिली। गुस्साए किसानों ने सड़े हुए बीज को जिनावली स्थित सहकारी खाद विक्रय केंद्र के गोदाम पर फैला दिया।

किसान बृजेश सिंह ने बताया कि करीब 10-11 किसान ऐसे हैं जिनके फिंगरप्रिंट तो ले लिए गए हैं, लेकिन 10 दिन बाद भी उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल पाई। सचिव को कई बार फोन किया गया, लेकिन न तो बातचीत हो पाई और न ही खाद का इंतजाम हुआ। आलू का बीज बुआई के लिए पड़ा-पड़ा सड़ चुका है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसान नेता शिव प्रताप सिंह ने सहकारी समिति के सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि सचिव पहले ही गरीब किसानों के अंगूठे लगवा लेता है और फिर खाद देने में आनाकानी करता है। उनका आरोप है कि डीएपी खाद की कालाबाजारी की जा रही है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एआर कॉपरेटिव सतीश कुमार ने बताया मामले की जांच कराई जा रही है।

# 70 रुपये में घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाण पत्र

बरेली कार्यालय

- डाक विभाग ने बायोमेट्रिक के जरिए जीवन प्रमाण पत्र बनाने का शुरू किया अभियान

**अमृत विचार:** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने पेंशनर्स की सुविधा के लिए बायोमेट्रिक से जीवन प्रमाण पत्र बनाने का अभियान शुरू किया है। इसके तहत 30 नवंबर तक घर बैठे पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

बरेली मंडल के कार्यवाहक प्रवर डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि डाक विभाग सभी पेंशनधारकों को घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा देगा। इससे सभी पेंशनर्स विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने और प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के लिए विभाग ने मंडल के बरेली और पीलीभीत जिले में 380 ब्रांच पोस्टमास्टर को तैनात किया गया है। डाकघरों में भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोई सरकारी दस्तावेज नहीं देना होगा। यह सेवा बायोमेट्रिक पर आधारित होगी। पेंशनर्स के घर पर ही अंगुली के निशान और चेहरे की पहचान कर सुविधा दी जाएगी। इस सुविधा के लिए पेंशनर्स को 70 रुपये शुल्क देना होगा।

### नल में करंट आने से प्राचार्य की मौत

**एटा, अमृत विचार :** जैथरा क्षेत्र के गांव पिपहरा में नल में करंट आ गया। चपेट में आकर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य की मौत हो गई। कोतवाली नगर के मोहल्ला लालपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उनके साले शैलेष (28) शाहजहांपुर के कलान में संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य थे। त्योहार मनाने घर आए थे। शुक्रवार की देर शाम घर में लगे नल पर हाथ-पैर धोने के लिए पहुंचे। नल में करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी जैथरा ले गए यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया। मनोज ने बताया कि 11 जुलाई 2024 को शैलेष का विवाह हुआ था। घर का खर्चा शैलेष की नौकरी से ही चल रहा था।

### भमोरा में सियार के हमले में किसान घायल

**बरेली, अमृत विचार :** भमोरा में सियार ने भैंस पर हमला किया। जब युवक ने सियार को भगाने का प्रयास किया तो उसने युवक पर भी हमला कर दिया। परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एक दिन पहले नवाबगंज में सियार ने आठ लोगों को हमला कर घायल कर दिया था। भमोरा क्षेत्र के पाखुनी निवासी 35 वर्षीय रामधन ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उनकी भैंस घर के बाहर बंधी थी। इसी बीच एक सियार ने भैंस पर हमला कर दिया। उन्होंने सियार को भगाने का प्रयास किया तो सियार ने उनपर हमला करके घायल कर दिया। सियार के हमले में उनके नाक, कान, आंख और हाथ पर गंभीर चोट आई है।

### पेड़ और पुलिया के बीच फंसा मिला शव

**एटा, अमृत विचार :** राजा का रामपुर क्षेत्र में पहरा मोड़ के समीप पुलिया और पेड़ के बीच युवक का शव मिला। मृतक की पहचान अखिलेश पुत्र जगदीश निवासी ग्राम गढ़ी काकोडा के रूप में हुई। वह शराब पीने का आदी था और नशे में घर नहीं पहुंचा। थाना प्रभारी रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि युवक नशे में पुलिया के ऊपर बैठा था और गिर गया, जिससे गर्दन पेड़ और पुलिया के बीच फंस गई।

### पुलिस ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**एटा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने उस लूट की घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 19 मार्च 2023 को सोनू निवासी कुठिला लायकपुर ने पुलिस को सूचना दी थी कि अलीगंज तिराहे पर चार अज्ञात युवकों ने उसे घेरकर 6000 रुपये छीन लिए थे। पुलिस ने चैकिंग के दौरान अलीगंज तिराहा से रामगोपाल पुत्र भगवानदास, निवासी हिन्दूनगर, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया। इस लूट की घटना में पहले भी तीन अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### नशे में धुत्त सिपाही का वीडियो वायरल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में नशे में धुत सिपाही का वीडियो सामने आया है। वीडियो शनिवार देर शाम का बताया गया। वीडियो में वर्दी में एक सिपाही विक्रम नशे में झूमता नजर आ रहा है। यह सिपाही कोतवाली देहात थाना में तैनात है। शुक्रवार को भी वह गैरहाजिर था। पुलिस ने अपने ऑफिसियल एक्स हैंडल पर इस मामले की जानकारी दी है। कहा है कि जांच सीओ सिटी अजय कुमार राय को सौंपी गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आलाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।

# आईवीआरआई बना जीनोम टेक्नोलॉजी नेटवर्क का कोआर्डिनेटर सेंटर

बरेली कार्यालय

- देश के आठ राज्यों के 13 इंस्टिट्यूट में चल रहा है जीनोम प्रोजेक्ट
- 38.03 करोड़ रुपये के बजट से केंद्र सरकार ने शुरू किया है प्रोजेक्ट

**अमृत विचार :** पशुओं को रोगों से बचाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एप्लीकेशन ऑफ जीनोम एडिटिंग टेक्नोलॉजी फॉर इंप्रूवमेंट इन लाइवस्टॉक हेल्थ एंड प्रोडक्शन नेटवर्क प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत रिसर्च एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फॉर सस्टिनेबल लाइवस्टॉक हेल्थ एंड प्रोडक्शन फॉर न्यूट्रिशिनल सिक्योरेटी योजना शुरू की गई है। इस योजना का कोआर्डिनेटिंग सेंटर आईवीआरआई को बनाया गया है। ये प्रोजेक्ट आठ राज्यों के 13 इंस्टीट्यूट के सहयोग चलाया जाएगा। इस संबंध में 7 नवंबर को डीडीजी डॉ. राघवेंद्र भट्टा वैज्ञानिकों से चर्चा करेंगे।

आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 38.03 करोड़ रुपये के बजट से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट से पशुओं की प्रजातियों को वर्तमान परिवेश के अनुकूल और अधिक एडवांस कर विकसित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत ब्रायलर लाइव स्टॉक और पोल्ट्री में क्रिस्पर टेक्नोलॉजी के लिए नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट करनाल, सीआईआरबी हिसार, सीआईआरजी मखदूम, सीएसडब्लयूआरआई अविकनगर, एनआरसीपी गुवाहटी, एनआईएएनपी बेंगलुरु, सीएआरआई बरेली, डीपीआर हैदराबाद को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं, सेक्स स्पेसिफ फिनोटाइप विकास के लिए एनडीआरआई करनाल, एनआईएएनपी बेंगलुरु, एनआरसीपी गुवाहटी, डीपीआर हैदराबाद, जीन एडिटिंग ऑफ पेथोजन फॉर वैक्सीन के लिए आईवीआरआई बरेली, एनआरसीई हिसार, एनआईएचएसएडी भोपाल, एनआईएफएमडी भुवनेश्वर को जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत पहले वर्ष 17.2 करोड़ और दूसरे वर्ष 20.74 करोड़ रुपये का बजट जारी किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर 31 मार्च 2026 तक काम किया जाएगा।

### योजना का उद्देश्य

क्रिस्पर पद्धति का उपयोग करके ब्रॉयलर पशुधन और मुर्गी पालन विकसित करना, पशुधन और मुर्गीपालन में लिंग-विशिष्ट फेनोटाइप विकास करना, रोगजनकों के जीन संपादन के माध्यम से अगली पीढ़ी के वैक्सीन प्लेटफॉर्म विकसित करना, जीन संपादन के सुपर-स्पेशियलिटी क्षेत्र में सक्षम मानव संसाधन तैयार करना आदि।

### योजना का अपेक्षित परिणाम

मांसपेशियों में वृद्धि के लिए मायोस्टैटिन की कमी वाले भैंस, बकरी, भेड़, सुअर और मुर्गी का पालन, मांस उत्पादन गुणों में सुधार के लिए जीनोम संपादित शुक्राणुजन्य स्टेम कोशिकाएं, एमएसटीएन जीन ने भेड़ के शुक्राणुजन स्टेम कोशिकाओं को संपादित किया, बाधित एंटीवायरल सेलुलर प्रोटीन के साथ नॉकआउट कोशिकाएं, प्रचलित सीरोटाइप के विरुद्ध व्यापक रूप से क्रॉस-सुरक्षात्मक एफएमडी वैक्सीन, पशु रोगों के लिए क्रिस्पर-कास आधारित नैदानिक मंच, अधिक मादा संतान पैदा करने के लिए डेयरी मवेशियों का जीनोम संपादन किया गया।

खबरें www. amritvichar.com पर भी पढ़ें

### सूचना

मेरी आकृषिक भूमि स्थित ग्राम अकर्रा रूसलपुर परगना जमौर तहसील सदर जिला शाहजहांपुर जिसमें मैंने मेघा सिटी नामक कॉलोनी विकसित की है जिसका ले आउट नम्बर 269/2023-24 है जिसे नगर मजिस्ट्रेट द्वारा दिनांक 18.06.2024 को स्वीकृत किया है उक्त प्रॉपर्टी के चैन के तीन मूल बैनामा कहीं खो गये हैं जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय में प्रथम बैनामा दिनांक 16.07.2012 बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 7643 पेज संख्या 289-322 क्रमांक 7919 पर दिनांक 17.07.2012 तथा द्वितीय बैनामा दिनांक 16.07.2012 बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 7643 पेज संख्या 265-288 क्रमांक 7918 दिनांक 17.07.2012 तथा तीसरा बैनामा दिनांक 20.07.2012 बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 7651 पेज संख्या 221-246 क्रमांक 8098 दिनांक 20.07.2012 को उप निबंधक सदर कार्यालय में दर्ज है जिस किसी व्यक्ति को प्राप्त हो वह मुझे अर्थात् मेघा बिल्डर्स पार्टनर्स अजय कुमार जायसवाल, संजय गुप्ता, सिद्देश कुमार पाण्डेय, विपिन कुमार अग्रवाल आदि को 15 दिवस के अन्दर निम्न मोबाइल नं. 9984711111, 9453020301, 8004114000, 9415035082 पर सूचित करें यह तीनों मूल बैनामा किसी राष्ट्रीय कृत बैंक/वित्तीय संस्थान में बंधक नहीं है। **मेघा बिल्डर्स पार्टनरशिप फर्म द्वारा उपरोक्त लिखित पार्टनर्स विपिन कुमार अग्रवाल आदि।**

# मानव अभिलाषा और जिजीविषा का इतिहास

मानव अभिलाषा और जिजीविषा का इतिहास रूचिपूर्ण है। ऋग्वेद इतिहास का प्रथम शब्द साक्ष्य है। प्राचीन भारतीय इतिहास का सत्य है और करोड़ों की श्रद्धा। वैदिक काव्य को ईश्वरीय भी कहा जाता है। श्रद्धालु वैदिक मंत्रों को भगवान की वाणी कहते हैं। अनेक विद्वान ऋग्वेद के प्रत्यक्ष भौतिकवाद की उपेक्षा करते हैं। कुछेक विद्वान वेदों को पंथिक आस्था के ग्रंथ कहने में भी संकोच नहीं करते। श्रद्धा को अंधविश्वास बताते हैं। वे वेदों के सांसारिक यथार्थवाद और दार्शनिक यथार्थवाद की उपेक्षा करते हैं। ऋग्वेद में भरापूरा संसार है। संसार कर्मभूमि है। कर्म अपरिहार्य हैं।

वैदिक पूर्वज सुंदर घर और आनंदमगन परिवार चाहते हैं। वे दूध, दही, अन्न की समृद्धि चाहते हैं। वे देवों से वैराग्य या मोक्ष नहीं मांगते। वे देवों को भी अपने घर बुलाने का निमंत्रण देते हैं। देवों पर प्रश्न भी उठाते हैं। संसार को आनंदित बनाने के लिए कर्म को जरूरी बताते हैं। यहां जांचा परखा वैज्ञानिक विवेक है। वैदिक काल में दर्शन का जन्म और विकास हुआ। सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा भी ऋग्वेद में है। विश्व को एक विराट इकाई देखने की अनुभूति ऋग्वेद में है। दर्शन और विज्ञान की सूक्ष्म विवेचना है। मुख्य बात है प्रत्यक्ष सांसारिक यथार्थ। यहां खेती, उद्योग, पशु पालन, घर परिवार और रिद्धि सिद्धि समृद्धि की सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के प्रयत्न हैं।

कृषि प्राथमिक सूची में है। हल जोतने के लिए अश्विनि देवों की प्रशंसा है, "आप हल से भूमि जोतते हैं।" (8.22.66) देवताओं का हल जोतना ध्यान देने योग्य है। इस प्रतीक का अर्थ सुस्पष्ट है कि बड़े-बड़े भी हल जोतते थे। कृषि कर्म हेय नहीं था। एक जुएं की लत से पीड़ित जुआरी पश्चाताप करता है। ऋषि का परामर्श है कि खेती करो-कृषि कृषस्य। कृषि कर्म प्रतिष्ठा का कार्य है। ऋग्वेद में पांच बड़े जनसमूह हैं। उन्हें 'पंचजनाः' कहा गया है। जान पड़ता है कि पांचों जनसमूह खेती भी करते थे। उन्हें 'पंच कृष्टयाः' भी कहा गया है। कृषि अन्न देती है। अन्न उत्पादन का आधार है जल। सिंचाई। वर्षा न हो तो कृषि कर्म निष्फल। वैदिक स्तुतियों में वर्षा के उल्लेख हैं। वर्षा के अनेक देवता हैं। सर्वाधिक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> संसार कर्म प्रधान है। उपलब्धियां पुरुषार्थ से मिलती हैं। अच्छे समाज और राज्य पुरुषार्थ और कर्म का अवसर व वातावरण बनाते हैं। ईश्वर या देवताओं को कर्मफल का दाता कहा जाता है। दैवी सिद्धांत में भी कर्म की महत्ता है।

स्तुतियां इन्द्र की हैं। नदियों के प्रवाह का श्रेय भी इन्द्र को दिया गया है। इन्द्र 'वृत्रहंता' हैं। मैकडलन ने 'वैदिक माइथोलॉजी' में वृत्र को 'सूखे का दानव'-द चीफ डेमन आफ ड्राट बताया है। इन्द्र ने वृत्र को मारा। इसका अर्थ सूखे के दानव को मारना या बांध अवरोधक हटाना दोनों ही हो सकता है। पूर्वजों के हृदय में संपूर्ण जलराशि के प्रति ममत्व भाव है। वे जल को 'जलमाताएं' कहते हैं। जलमाताओं को विश्व की जननी भी बताते हैं।

ऋग्वेद में प्रत्यक्ष सांसारिक कर्तव्य पालन पर ढेर सारे मंत्र हैं। कृषि कर्म समृद्धिसूचक है। पशुपालन सहज व्यवसाय है। पूर्वजों को गाएं प्रिय हैं। पूर्वज उनकी सेवा करते हैं। उन पर हिंसा को अपराध बताते हैं। ऋषि का अनुरोध है "हे मित्रों ! गायों पशुओं के पानी पीने के बहुत स्थान बनाओ।" (10.101) आर्य अश्व प्रिय भी हैं। घोड़े पालते हैं। छायादार पेड़ घोड़ों के विश्राम का सुंदर स्थल है। पीपल का वृक्ष ऐसा ही है। ऋग्वेद में उसे घोड़े के नाम से जोड़कर 'अश्वथ' कहा गया है। वैदिक साहित्य में उद्योगों का भी उल्लेख है। कुल्हाड़ी का उल्लेख कई बार हुआ है। परशु, फरसा जैसा हथियार हो सकता है। वे परशु से वृक्ष काटते थे। (1.130.4) त्वष्टा कारीगरों में श्रेष्ठ भी बताये गए हैं। अग्नि और इन्द्र बड़े देव हैं। इन्द्र प्रकृति की शक्ति हैं। अग्नि प्रत्यक्ष हैं। वे हमारे भीतर हैं, सूर्य में है, बादलों में हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। जैसे इन्द्र का संबंध प्रायः जल से है, वर्षा और कृषि से है वैसे ही अग्नि का संबंध ताप, ऊष्मा और गतिशीलता से है। उद्योगों के विकास से भी है।


लकड़ी के भीतर गुप्त ऊष्मा की उपस्थिति है। ऋषियों ने काष्ठ लकड़ियों को अग्नि की माता कहा है। एक ऋषि हैं-अंगिरा। उन्हें प्राचीन पितर कहा गया है। ऋग्वेद में अंगिरा को ही लकड़ी के भीतर अग्नि पहचानने व प्रकट करने का श्रेय दिया गया है। (5.11.6) अंगिरा की ही तरह इन्द्र को भी अग्नि पहचानने का श्रेय दिया गया है। अंगिरा ने लकड़ी के भीतर छुपी अग्नि की खोज की तो इन्द्र ने दो पत्थरों के टकराने से पैदा अग्नि का साक्षात्कार किया। अग्नि जैसे मूलतत्व की जानकारी संसारी है। इन्द्र और अग्नि की अनुकंपा संसारी है। संसार कर्म प्रधान है। उपलब्धियां पुरुषार्थ से मिलती हैं। अच्छे समाज और राज्य पुरुषार्थ और कर्म का अवसर व वातावरण बनाते हैं। ईश्वर या देवताओं को कर्मफल का दाता कहा जाता है। दैवी सिद्धांत में भी कर्म की महत्ता है। भाग्यवाद या नियतिवाद में धारणा है कि भाग्य में जो कुछ है, वही मिलेगा। न इससे ज्यादा और न इससे कम, लेकिन ऋग्वेद में कर्म व पुरुषार्थ की महत्ता है। ऋषि देवों को कर्मशील बताते हैं। देवता भी श्रम से मुक्त नहीं। बताते हैं कि अग्नि की खोज भी 'थके पांव' ही संपन्न हुई थी। देवों की स्तुतियों का आनंद एक तरफ और परिश्रम की महत्ता का आदर्श एक तरफ। वैदिक समाज परिपूर्ण लोकतंत्री था। सामान्य विचार विमर्श में और दार्शनिक दृष्टिकोण में भी। 'सभा और समिति' जैसी संस्थाएं हैं। सभा में विचार विमर्श होते हैं। अच्छे सभासद की प्रशंसा भी होती है। (10.171.10) प्रार्थना है कि हमारा पुत्र सभा में यशस्वी हो। (1.91.20) सभा में कृषि और पशुपालन भी महत्वपूर्ण विषय रहे होंगे। सभा में भाग लेने वाले सभेय हैं। वे सभ्य हैं, सभेय होने के कारण। सभा जैसी संस्था का विकास किसी पंथिक अंधविश्वास के वातावरण में नहीं हो सकता। वैदिक समाज विचार विविधता से भरापूरा है।

सबके विचार अलग-अलग होते हैं। मन संसारी है। सबके मन भी अलग-अलग होते हैं। वैदिक भौतिकवाद में अग्नि अति विशिष्ट है। ऋग्वेद में सामूहिकता की रस प्यास है। स्तुति है "हे अग्नि ! आप सबको जोड़ते हैं, हम सबको संयुक्त करें और प्रीति, प्यार, धन संपदा से भरें।" हम साथ-साथ चलें, सम्यक चलें, सम्यक बोले। साझा सामाजिक गतिशीलता की पुकार इतनी ही नहीं। इस निवेदन और संकल्प में इतिहास की भी प्रामाणिकता है। पूर्वज भी ऐसा ही करते रहे हैं-यथापूर्वे सम् जानाना उपासते। यह संकल्प साझा है। इस संकल्प में अग्निसाक्षी हैं।

वैदिक समाज पिछड़ा नहीं। सिर्फ कृषिजीवी नहीं। यहां धातु उद्योग के विकास के प्रमाण हैं। स्वर्ण वैदिक ऋषियों का आकर्षण था। मरुद्गणों की स्तुतियों में सोने की चर्चा है। वे स्वर्णजणित वस्त्र धारण करने वाले बताए गए हैं। स्वर्ण आभूषणों की भी चर्चा है। देवों के स्वर्ण आभूषण वस्तुतः पूर्वजों की अपनी इच्छा के ही प्रतीक हैं। आधुनिक काल में भी अनेक मंदिरों में सोने के भंडार हैं। मनुष्य की अपनी स्वर्णप्रियता ही देव मंदिरों को सोने से पाटती है। देवता स्वर्ण भेंट से खुश होंगे या नहीं? खुश होकर वे हमको उपकृत करेंगे या नहीं? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, लेकिन वैदिक समाज कर्म विश्वासी है। ऋग्वेद की निर्णायक घोषणा है कि परिश्रम न करने वाले व्यक्ति की सहायता देवता भी नहीं करते। संसार कर्म क्षेत्र है, परिश्रम और पुरुषार्थ ही कामनाओं की प्राप्ति के उपकरण हैं। साथ-साथ चलने और आनंदित रहने की स्तुतियां हैं।

# बाजार की जटिलता और गतिशीलता

यथार्थ मानव और कौटिल्य मानव का अर्थशास्त्र 'संतुलन अर्थशास्त्र' नहीं होगा। इनमें मूल्य निर्धारण का सिद्धांत मांग और पूर्ति के संतुलन से निर्णीत नहीं होगा। इसे समझने के लिए 'असंतुलन अर्थशास्त्र' में मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया को समझना होगा।



> बाजार की भावना और अपेक्षाएं कीमतों के निर्माण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं, क्योंकि एजेंट भविष्य की बाजार स्थितियों के बारे में अपने विचारों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

असंतुलन अर्थशास्त्र में कीमतों का निर्धारण एक ऐसे प्रक्रिया के माध्यम से होता है, जो आपूर्ति और मांग के बीच के विभिन्न बाजार अवरोधों और गतिशील अंतः क्रियाओं को ध्यान में रखता है। पारंपरिक संतुलन मॉडल की तुलना में, जो मानते हैं कि बाजार तुरंत संतुलित हो जाते हैं (यानी आपूर्ति और मांग एक समान होती है), असंतुलन मॉडल यह मानते हैं कि बाजार एक ऐसे स्थिति में हो सकते हैं, जहां आपूर्ति और मांग के बीच असंतुलन मौजूद रहता है। कुछ प्रमुख बिंदु से असंतुलन अर्थशास्त्र में कीमतें निर्धारित होती हैं। बाजार अवरोधः कीमतें ऐसे कारकों से प्रभावित हो सकती हैं जैसे लेन-देन की लागत, सूचना का असामान्य वितरण और नियामक प्रतिबंध। ये अवरोध बाजारों को तुरंत संतुलित होने से रोकते हैं, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच अस्थायी असमानताएं बनती हैं।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अनुकूलन व्यवहारः अर्थव्यवस्था में एजेंटों के पास पूरी जानकारी या तार्किक अपेक्षाएं नहीं होती हैं। इसके बजाय वे पिछले अनुभवों और अवलोकनों के आधार पर अपने व्यवहार को अनुकूलित करते हैं। उदाहरण के लिए यदि कीमतें बहुत अधिक हैं तो आपूर्तिकर्ता उत्पादन को कम कर सकते हैं, जबकि उपभोक्ता वैकल्पिक विकल्पों की तलाश कर सकते हैं, जिससे समय के साथ मांग और आपूर्ति में परिवर्तन होता है।

कीमतों का समायोजनः कीमतें अक्सर बाजार संकेतों के जवाब में समायोजित की जाती हैं, लेकिन ये समायोजन तात्कालिक नहीं होते हैं। इस प्रक्रिया में मूल्य स्थिरता शामिल हो सकती है, जहां कीमतें आपूर्ति या मांग में बदलाव के तुरंत जवाब में नहीं बदलती हैं। विविध एजेंटः विभिन्न आर्थिक एजेंट (फर्म, उपभोक्ता आदि) की अपेक्षाएं और प्राथमिकताएं भिन्न हो सकती हैं। यह विविधता विभिन्न मूल्य निर्धारण रणनीतियों का निर्माण कर सकती हैं, जिससे बाजार में मूल्य विविधता बढ़ जाती है।

गतिशील प्रक्रियाएंः कीमतें समय के साथ गतिशील अंतः क्रियाओं के माध्यम से निर्धारित की जाती हैं, अक्सर एजेंट आधारित मॉडल या सिमुलेशन के माध्यम से जो आर्थिक गतिविधियों के विकासशील स्वभाव और एजेंटों के व्यवहार को पकड़ते हैं। अपेक्षाएं और भावनाः बाजार की भावना और अपेक्षाएं कीमतों के निर्माण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती हैं, क्योंकि एजेंट भविष्य की बाजार स्थितियों के बारे में अपने विचारों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

असंतुलन अर्थशास्त्र बाजारों की जटिलता और गतिशीलता पर जोर देता है, जहां कीमतें केवल आपूर्ति और मांग की एक निश्चित बिंदु पर अंतः क्रियाओं के द्वारा निर्धारित नहीं होतीं, बल्कि ये निरंतर प्रक्रियाओं के माध्यम से निर्धारित होती हैं, जो असंगत जानकारी, लेन-देन की लागत और व्यावहारिक कारकों की वास्तविकताओं को दर्शाती हैं।

# सरित्सागर के किनारे ब्रह्मांड दर्शन

विश्व मिथक सरित्सागर, मिथक आदि मिथकानि अनंता। वैसे तो सभी पर्व-त्योहारों से कोई न कोई मिथक जुड़ा ही होता है। फिर जहां तक मैं समझ पाया हूं, मुझे लगता है कि दीपावली पर्व से सबसे अधिक संख्या में मिथक जुड़े हुए हैं। मिथक शब्द को समान ध्वनि के कारण बहुत से लोग मिथ्या शब्द से जोड़ देते हैं, जब कि यह वास्तविकता नहीं है। मिथक समष्टि चेतना का बहुत गहरा सत्य है। अब चूंकि यह इतना जटिल और संश्लिष्ट विषय है, इसलिए बुद्धिजीवी लोग प्रायः इससे पिंड छुड़ाने के लिए इसे कल्पना कह देते हैं, वे सोच नहीं पाते कि कल्पना मनुष्य की क्रांतिकारी शक्ति है। बुद्धि, मेधा या प्रतिभा की एक विलक्षण गति या प्रवृत्ति, ज्ञान विज्ञान का आधार। मनुष्य को समझने के लिए मिथक को भी समझना जरूरी व अनिवार्य है।

प्रो. रमेश कुंतल मेघ मिथकशास्त्र के गंभीर अध्येता थे। जीवन के अंतिम चरण में उन्होंने विश्व मिथक सरित्सागर लिखा था। मिथकों का जन्म अनंत समुद्र, अनादि आकाश और अज्ञात पृथ्वी में हजारों सालों से विकसित होते हुए आदि मानव के अवचेतन-चेतन की गोधूलि गुफाओं में होता रहा है। मिथक पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-तूफान-सूर्य-चन्द्र के साथ सप्तसिंधुओं सप्तद्वीपों की यात्राएं करते आ रहे हैं। उनका विश्व 'वसुधा का कुटुम्ब' है। उनकी अधिभाषाएं विश्व भर में गुफाओं के शैलचित्रों, ईजिप्ट-मेक्सिको के पिरामिडों की चित्र-शिल्प-लिपियों, मेसोपोटामिआ-बेबीलॉन के महाकाव्य-रूपकों, फुजी पर्वत, ओलिंपस पर्वत, अमेजन के सघन कांतार, अफ्रीका के कबीलों, पीली नदी, अंगकोरवाट, वैदिक आर्यों की ऋचाओं रामायण-



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मिथक में ज्यों-ज्यों धर्म के ब्रह्म, आत्मा, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक के प्रत्यय जुड़ते हैं त्यों-त्यों उसका भव्य मिथकत्व कृष्ण पक्ष के चन्द्रमा की तरह क्षीण होता जाता है।

महाभारत में आज तक गूंजती चली आ रही हैं। ग्राफ (आरेख) में वे इतिहास के ओएक्स-अक्ष, ओवाई-अक्ष पर पूर्वेतिहास को गढ़ती हैं। सो वे अंतर्बद्ध भी हैं। सो उनकी यात्रा अनंत से अनादि तक अनवरत हो रही है। मिथकीय कल्पना, तर्क पूर्व, संस्कृति पूर्व, नैतिकता पूर्व रही है। वह कालबोध एवं देशबोध का अतिक्रमण करती है। उसमें इतिहास और समाज भी तिल-तंडुलवत् आन मिलते हैं। उनका काल 'शाश्वत वर्तमान' है (6.7.08) सोना सूर्य का पसीना (इकाई मिथक) ईसा पश्चात् 2008-13 में हम ईसा पूर्व 2008 की मानवीय चिति को न जांचें। पहले कर्मकांड, फिर धर्मदर्शन, अब विज्ञान व यथार्थ, अपने युग के प्रसंगानुसार व्याख्याएं करते हैं। मिथक के आधुनिक व्यास मैक्समूलर ही हैं। बाद में फ्रेज़र और कैंपबेल, मेलिनोवस्की और क्लाद लेवी-स्ट्रास, जुंग और कैसाइरर ने नए प्रस्थान कलश रखे। अब तो मिथकायन के बजाय मिथक आलेखकारी पुरी है। मैं कार्तिकेय तथा ईश्वर की मिथक कथाओं द्वारा इसे निरूपित करना चाहूंगा)।

मिथकें हमारे सामूहिक अवचेतन की दर्पण तो हैं ही, साथ ही अवचेतन और चेतन के अनेक गुप्त-छिपे-ढके कोनों को भी अचानक प्रकाशित कर देती हैं। भारत-चीन-जापान की सभ्यताओं में खंड-खंड निरंतरता भी है। अतएव हमारी पूजा-भावना और नैतिक लक्ष्मण-रेखाएं उनकी मिथक आलेखकारी में वस्तुनिष्ठता, इहलौकिकता, निरपेक्षता की टेंकती हैं। इसलिए हमने फूंक-फूंक कर कदम रखे हैं। बैल, मत आओ और न ही मुझे मारो॥ विश्व मिथकायन इतिहास के समक्ष तथा समकक्ष है। वह पूर्वेतिहास से लेकर अनंत काल तक हमारी मिथकीय विरासत तया समाजवैज्ञानिक कल्पनाओं की धरोहर है। वह सहस्राब्दियों से विकासमान मानवीय मस्तिष्क का अधकचरा एवं परिपक्व 'सामाजिक चार्टर' है। वह तीसरी पीढ़ी के कंप्यूटर में दर्ज वैश्विक इंटरनेट तथा वेबसाइट जैसा है।

मिथक में ज्यों-ज्यों धर्म के ब्रह्म, आत्मा, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक के प्रत्यय जुड़ते हैं त्यों-त्यों उसका भव्य मिथकत्व कृष्ण पक्ष के चन्द्रमा की तरह क्षीण होता जाता है। अंत में कुछ दार्शनिक अवधारणाएं तथा धार्मिक व्याख्याएं ही बच रहती हैं। एकेश्वरवाद तथा निर्गुण ब्रह्म ने भी देवताओं के मंडल की दिव्यता की मिथक विदाई कर दी है। आज से 4500 साल पहले, उषा की तरह, मिथक आई होगी। देवता चिंतामुक्त हैं। उनके पास अमृत है, सोम है, देवी है, स्वर्ग है। प्रसाद ने उनके विलास व भोग के कारण देव दृष्टि का नाश बताया है। नारी के अस्तित्व के पहले देवताओं की चिंता सृष्टि थी। वे 'मानव छवि' ही धारण करते हैं या शक्ति वाला मुख धारण कर लेते हैं। मिथकों को जब धर्मशास्त्रों से 'कैननाइज्ड-कोडीफाई' किया गया तब वे प्रतीकों के रत्नों से जड़ दी गईं और जब उनका मौखिक गावन-वाचन हुआ तब वे लिजंघर तथा लोकयान से रंजित होती गईं। इस तरह आज हम एक नई पाते हैं-मिथक-लिजंधर-लोकवान। यह एकतान व्यापार सा है। कई बार देवता गण असुरों से हारे हैं, हार कर भागे भी हैं, फिर शक्ति (देवी) संचय करके, एकजुट होकर लड़े हैं, सौंदर्य और समृद्धि के रणकौशल अपनाकर अंततोगत्वा विजयी हुए हैं। देवताओं की कई भुजाएं, कई मुसा, विविधता में एकता के द्योतक हैं।

मिथकों की दुनिया प्रमाणों तथा विश्लेषण की नहीं, बल्कि आस्था और व्याख्या की है। यह महासूत्र है। तथापि आधुनिक भारतीय साहित्य में भी मिथकों का सर्वांगीण महत्व है, हरिऔध से लेकर विनय और कुंवर नारायण तक। उनका मानवता का समसामयीकरण होता चला गया है। क्लासिकल कृतियों तथा धर्मग्रंथों में से उनकी बहुविध बहुपाठ। मिथकें नैतिकता और नियम-कानून से बहुधा (हमेशा नहीं) निरपेक्ष हुआ करती हैं। छल्लों की वजह से मिथक कथा अंतहीन चलती रही है। कई-कई अंतों से संयुक्त अंयत्र और अपूर्ण। लगभग पैंतालीस वर्षों बाद हम अपनी मिथक संबंधी कई प्रमुख अवधारणाओं को आमूलचूल बदलकर मिथक सरित्सागर के किनारे ब्रह्मांड दर्शन कर रहे हैं। हर मानक किताब में विश्व मिथकों के पाठ-प्रतिपाठ के प्रस्तुतीकरण भिन्न-भिन्न हैं। इसलिए मिथक में शुद्ध या सच्चे, सही गलत के सवाल उठाना ही उसके प्रति ज्यादती होगी।

# यूपीआई ट्रांजेक्शन में बढ़ोतरी

देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। वर्तमान में 500 मिलियन प्रतिदिन से बढ़कर शीघ्र ही एक बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में यह बात रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताई है। श्रीलंका, यूएई और सिंगापुर सहित सात देशों में इसके विस्तार को रेखांकित किया गया है।

इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी के साथ सावधानी से आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा और विश्वनीयता के लिए गहन परीक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) त्वरित भुगतान जिसने भारत के वित्तीय परिदृश्य को नया आकार दिया। 11 अप्रैल, 2016 को लॉन्च किया गया यूपीआई भारत में सबसे लोकप्रिय भुगतान पद्धति बन गया है और अनुमान है कि 2023 से 2028 तक खुदरा डिजिटल भुगतान में कुल लेनदेन की मात्रा का 90 प्रतिशत हिस्सा इसका होगा। यूपीआई को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीएल) द्वारा विकसित किया गया है और इसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित किया जाता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली


यूपीआई की अधिकतम दैनिक ट्रांसफर सीमा बैंक दर बैंक 25,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये के बीच हो सकती है। कुछ बैंकों ने यूपीआई ट्रांसफर सीमा एक दिन के बजाय प्रति सप्ताह या प्रति माह भी निर्धारित की है। भारत का यूपीआई पेमेंट देश में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। साथ ही इसका दायरा बढ़ाकर ग्लोबल हो रहा है।

यूपीआई पेमेंट सिस्टम को करीब एक दर्जन से ज्यादा देशों में रोलआउट कर दिया गया है। ऐसे में विदेश जाने वाले यात्रियों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है। नवीनतम जानकारी के अनुसार यूपीआई के माध्यम से लेन-देन की संख्या अक्टूबर में बढ़कर रिकॉर्ड 16.58 अरब पहुंच गई। मूल्य के हिसाब से कुल 23.5 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन हुए, संख्या के आधार पर यूपीआई लेन-देन में सितंबर के मुकाबले 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नई और स्मार्ट तकनीकी से परंपरागत नकदी का लेन-देन कितना कम होता जाएगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

# दयालु प्रकृति

हम भारतवासी न केवल मानव वरन अन्य सभी जीव जंतुओं के प्रति भी दया भाव रखते हैं और अपनी दयालु प्रकृति के लिए स्वयं पर गर्व करते हैं। हम बच्चों के प्रति दया भाव रखते हैं- यह बात अलग है कि जब मैं कक्षा 6 में पढ़ता था, तब मेरे मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक ने मेरी कक्षा में घुसते ही बिना मेरी कोई गलती जाने मेरे इतनी जोर का चाटा मारा था कि मेरी पेशाब बहकर पूरी कक्षा में फैल गई थी। नारियों को हम देवी मानते हैं-यह बात अलग है कि मेरे एक ग्रामीण मित्र अफीम पियक्कड़ों की मंडली में रोज अर्धरात्रि तक बैठते थे और फिर जब खाना खाने जाते थे तो पत्नी अविलम्ब गर्म रोटी न परस दे, तो उसे गरियाते हुए थाली उसके ऊपर फेंक देते थे। एक अन्य मित्र अपनी बेगम को अक्सर झपड़ियाकर और तीन बार तलाक कह देने की धमकी देकर अपनी मनमानी करते रहते थे। गऊ हमारी माता है और हम गाय के प्रति विशेष श्रद्धा का भाव रखते हैं-यह बात अलग है कि गौ माता के श्रेष्ठ पुत्र होने के नाते हम उसके बछड़े को पर्याप्त दूध पीने देने के बजाय उसका सारा दूध निकाल कर स्वयं पी-खा जाते हैं। हम गाय के बछड़े को उतनी देर तक गाय के थन से दूध पीने का भ्रम अवश्य पाल लेने देते हैं, जितनी देर गाय को अपने थन में दूध उतारने में लगती है। जीवहत्या हमारे लिए घोर पाप है-यह बात अलग है कि गौमांस खाने की झूठी अफवाह पर हम संबंधित व्यक्ति को पीट-पीट कर मार सकते हैं अथवा जिहाद के नाम पर किन्हीं निर्दोष व्यक्तियों पर फायर कर और उन पर बम फेंक कर उन्हें मार सकते हैं। हमारी आस्था के अनुरूप हमारे प्रशासक भी दया भाव से पूरी तरह भरे हुए हैं-बस वे अपनी दया को अनुकूल अवसर हेतु आरक्षित रखते हैं। मेरी सेवा के प्रारंभिक दिनों में ही एक पीसीएस अधिकारी ने मुझसे बात करते हुए अपना मत व्यक्त किया था कि उसके चपरासी द्वारा उनसे मिलाई कराने के लिए हर व्यक्ति से एक रुपया झटक लेना कोई रिश्वत थोड़े ही है और फिर दया भाव के साथ आगे जोड़ा था कि इसके बिना चपरासी के परिवार का खर्चा कैसे चल सकता है। फिर एक अन्य अवसर पर एक एसपी को अपने दया भाव की बड़ाई करते हुए सुना था कि वह अपने अधीनस्थों को चाहे और कोई दंड दे दें, पर उनकी नौकरी नहीं लेते हैं, क्योंकि नौकरी लेने से तो उनका परिवार सफर करता है। इस नीति वाक्य को सुनकर मेरे अंदर बड़ी खलबली मची थी, क्योंकि पुलिस की थोड़े दिनों की नौकरी में ही मैंने किसी-न-किसी पुलिस वालों द्वारा निर्दोष व्यक्ति को अभियुक्त के रूप में चालान कर दूसरों के परिवार बर्बाद कर देने के प्रकरण सुन रखे थे।

> जीवहत्या हमारे लिए घोर पाप है-यह बात अलग है कि गौमांस खाने की झूठी अफवाह पर हम संबंधित व्यक्ति को पीट-पीट कर मार सकते हैं अथवा जिहाद के नाम पर किन्हीं निर्दोष व्यक्तियों पर फायर कर और उन पर बम फेंक कर उन्हें मार सकते हैं।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

प्रशासन के उच्च पदस्थ अधिकारी प्रायः आपस में भी एक-दूसरे पर बड़े दयालु रहते हैं। उनकी स्वयं की ख्याति कम दयालु होने की न हो जाए यह सोचकर वह एक से बढ़कर एक नालायक अधीनस्थ अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि अति उत्तम और उत्कृष्ट लिख देते हैं। उच्च अधिकारियों ने अपने हेतु सेवा नियम भी ऐसे बना रखे हैं कि उन्हें दंडित करना लोहे के चने चबाने के बराबर होता है। किसी अधिकारी को दंडित करने की प्रक्रिया न केवल जटिल है वरन प्रायः गवाह और गवाही मैनिपुलेट हो जाने के कारण अंत में निरर्थक साबित होती है। अगर कोई अधिकारी दंडित हो भी जाएं तो ऐसे अधिकारीगण धनबल से इतने सक्षम होते हैं कि न्यायालय को स्टे/अपील/रिवीजन हेतु अप्रोच कर सकें। ऐसे केसेज के निस्तारण में होने वाली असीमित देरी के कारण प्रायः स्टे आदेश का प्रभाव अंतिम आदेश दे देना जैसा हो जाता है। कारण जो भी हो पर स्टे/ अपील/ रिवीजन के परिणाम प्रायः आरोपी के पक्ष में जाते हुए पाए गए हैं। व्यक्तिगत वार्ता के दौरान मुझसे एक न्यायमूर्ति ने अपना दया भाव इस प्रकार व्यक्त किया था कि स्टे देते समय उनका ध्यान मुख्यतः इस बात पर रहता है कि जो व्यक्ति इतनी तकलीफ उठाकर और इतना धन व्यय करके याचिका हेतु आया है, उसके साथ अन्याय न हो।

# 20 करोड़ खाताधारकों का हुआ शेयर बाजार

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अक्टूबर माह के अंत में जारी अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया है कि भारतीय शेयर बाजार में डीमैट खाता धारकों की संख्या 20 करोड़ पहुंच चुकी है। वैसे भी प्रत्येक विकसित राष्ट्र में देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शेयर मार्केट में निवेशित रहना आर्थिक सजगता का प्रतीक माना जाता है। वर्तमान परिदृश्य में अपने देश में भी शेयर मार्केट के प्रति आम भारतीयों की लोकप्रियता अवश्य ही भविष्य के लिए अच्छे संकेत दे रही है। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि विगत मात्र एक माह में ही 45 लाख से अधिक डिमैट खाते खुले हैं।

दरअसल भारतीय शेयर बाजार में प्रतिभाग करने के लिए डीमैट खाते की अनिवार्यता है इसलिए शेयर मार्केट के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने के कारण ही देश में इतनी तेजी से डीमैट खातों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा जारी की गई ताजा रिपोर्ट के अनुसार विगत माह में खुले 45 लाख से ज्यादा नए डीमैट खातों के कारण अब अपने देश में डीमैट खातों की संख्या 20 करोड़ के आंकड़े को भी पार कर गई है। अपने देश में डीमैट खातों के संचालन हेतु दो अधिकृत संस्थान हैं, जिन्हें क्रमशः एन.एस.डी.एल नेशनल सिक्योरिटी डिपोजिटरीज लिमिटेड और सी.डी.एस.एल. सेंट्रल सिक्योरिटी डिपोजिटरीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता है।



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

> 2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुले हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी माना जा रहा है। अक्टूबर माह की समाप्ति तक पहुंचते-पहुंचते करीब 70 से अधिक कंपनियां आईपीओ के जरिए 85,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं।





इन संस्थानों में खाता खुलवाए बगैर कोई भी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में निवेश ही नहीं कर सकता है। 30 सितंबर तक इन दोनों संस्थानों में कुल डीमैट खातों की संख्या 17.5 करोड़ थी, जो प्रतिमाह लगभग 40 लाख नए डीमैट खातों के रूप में बढ़ती जा रही है। हालांकि 130 करोड़ आबादी वाले देश में मात्र 20 करोड़ आबादी के पास डीमैट खातों का होना विकसित देशों की तुलना में काफी कम है तथापि 2019-20 के कोविड के उपरांत ही शेयर बाजार की ओर भारतीय निवेशकों का यह बढ़ता रुझान कुछ और कहानी भी कहता है। अब भी डीमैट खातों की यह संख्या समूची आबादी का मात्र 14 प्रतिशत ही है, जो विकसित देश क्रमशः अमेरिका के 50 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम के 40 प्रतिशत की तुलना में बहुत अच्छा तो नहीं कहा जा सकता। अपने देश में शेयर बाजार में ट्रेडिंग का डिमैटिलाइजेशन 1996 से आरंभ हुआ था और 2019 तक मात्र 3.9 करोड़ निवेशकों के खातों के डिमैटिलजेशन तक ही पहुंच सका था, जो समूची आबादी का मात्र 3.1 प्रतिशत ही था। 1996 से 2019 तक 23 वर्षों में मात्र 3.1 प्रतिशत तक पहुंच सकने वाला आंकड़ा विगत पांच वर्षों में बढ़कर 14 प्रतिशत पहुंच जाना निश्चित रूप से उल्लेखनीय प्रगति ही कही जाएगी।

2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुले हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी माना जा रहा है। अक्टूबर माह की समाप्ति तक पहुंचते- पहुंचते करीब 70 से अधिक कंपनियां आईपीओ के जरिए 85,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। हाल ही बंद हुए हुंडई के आईपीओ ने अकेले 27870 करोड़ भारतीय निवेशकों से वसूले हैं।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा डीमैट खातों की बढ़ती संख्या को लेकर जहां उत्साह में है वहीं शेयर बाजार में आम जनता का बढ़ता प्रतिभाग अनेकानेक चुनौतियां भी लेकर आ रहा है। वित्तीय शिक्षा के अभाव में छोटे निवेशक अपनी धनराशि इस बाजार में कभी मल्टीबैगर शेयर की खरीद के नाम पर और कभी वायदा कारोबार में हजार से लाख बनाने के नाम पर गंवाते जा रहे हैं। ऐसे में शेयर बाजार के नीति निर्धारकों के सम्मुख छोटे निवेशकों का बड़ा पैसा सुरक्षित रखना गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। आम जनता का डीमैट खाताधारक के रूप में शेयर बाजार में बढ़ता प्रतिभाग जहां ऑनलाइन ठगी के नए-नए रास्ते खोजने वाले शातिरों के लिए नए अवसर लेकर आया है वहीं शेयर बाजार की गतिविधियों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी निभाने वाली नियामक संस्थाओं के लिए भी छोटे निवेशकों के हित में नीतियों को व्यवस्थित करने की चुनौती लेकर आया है।

### 1819 मंडल अध्यक्ष, 98 जिलाध्यक्ष और 5 क्षेत्रीय अध्यक्षों के बाद होगा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव

# भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर हलचल तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संगठनात्मक चुनाव में जुटी भाजपा में अंदरखाने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर हलचल तेज हो गई है। इसके लिए अभी से बिसात बिछने लगी है। दुनिया, देश और प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी के लिए इसबार की सर्दी बेहद खास होगी।

बूथ, मंडल, जिला और क्षेत्रीय संगठनों के चुनाव जहां गर्मी का एहसास कराते दिखेंगे, वहीं वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ब्राह्मण या एससी चेहरे पर दांव लगाने की तैयारी में है। भाजपा के लिए नवंबर से लेकर जनवरी-फरवरी की सर्दी तक संगठनात्मक चुनाव की गर्मी छाई रहेगी। राजनीति में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पार्टी अपनी नई संरचना में बूथ स्तर से उतारने का संकल्प लेकर चल रही है। प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने इसे अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही हर कमेटी में ओबीसी और एससी वर्ग की भागीदारी भी तय की गई है।

इसी आधार पर सोमवार से 7 नवंबर तक जिलों में कार्यशालाएं होने जा रही है। 15 नवंबर से 11 सदस्यीय 1.63 लाख से अधिक बूथ कमेटियों का गठन 15 दिन के भीतर पूरा करने का बिगुल बज जाएगा। इसके बाद भाजपा अपने 1819 मंडल अध्यक्ष कमेटियां बनाएगी। अगले चरण में प्रदेश में 98 जिलाध्यक्षों के साथ जिला इकाई का गठन करके अवध, काशी, गोरखपुर, कानपुर-बुंदेलखंड, ब्रज और पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्षों के चुनाव की सरगर्मी छाई रहेगी। फिर जनवरी में नया प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। हालांकि यह अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत समूची संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी होने पर ही खत्म होगा।

#### प्रदेश अध्यक्ष बनने का तय हो रहा समीकरण

प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में संगठन और सरकार से भाजपा नेताओं के नामों की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। चर्चा में दोनों उप मुख्यमंत्रियों का नाम भी है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि वे सरकार से अलग होना नहीं चाहते। यह भी तय है कि योगी के मुख्यमंत्री रहते क्षत्रिय वर्ग के नेता की दावेदारी अनसुनी रहेगी। ऐसे में सबसे ज्यादा नाम ब्राह्मण और ओबीसी समाज से दावेदार हैं। मगर, लंबे अरसे ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष होने से इसबार ब्राह्मण और अनुसूचित जाति के नेता को यह पद मिलना तय माना जा रहा है। पार्टी में एक तबका अनुसूचित जाति के पक्ष में है, ताकि भाजपा का पीडीए असरदार दिखे।

#### दावेदारों में सांसद और विधायक से लेकर मंत्री तक

दावेदारों में प्रमुख नाम राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा का है। पूर्व मंत्री एवं मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, बस्ती के पूर्व सांसद और राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी, कन्नौज के पूर्व सासंद सुब्रत पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक और दिनेश कुमार शर्मा समेत नोएडा का सांसद पूर्व महेश शर्मा भी प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में माने जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने को न्यायिक कार्य से अनुपस्थित होने पर की कड़ी आलोचना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

● न्यायालय की कार्यवाही में देरी नहीं होनी चाहिए: हाईकोर्ट



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोर्ट में सुनवाई के दौरान उपस्थिति से छूट मांगने पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा तय कार्यक्रम के कारण न्यायालय की कार्यवाही में देरी नहीं होनी चाहिए, जिसमें अवमाननाकर्ता की उपस्थिति आवश्यक है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा द्वारा वर्ष 2009 में दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में हाईकोर्ट के उस आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया था, जिसमें प्राधिकारियों को उनका वेतन और बकाया वेतन स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया था। इस वर्ष सितंबर में कोर्ट को बताया गया कि रिट न्यायालय के आदेश पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिस पर कोर्ट ने बेसिक शिक्षा निदेशक , प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) और यूपी सरकार के प्रमुख सचिव (वित्त) को याची को बकाया वेतन और ब्याज के रूप में 1,25,92,090 रुपये का भुगतान 30 सितंबर 2024 तक किए जाने का निर्देश दिया था।

कोर्ट ने आगे निर्देशित किया था कि संबंधित अधिकारी या तो कोर्ट द्वारा पारित आदेश का पूर्ण अनुपालन दर्शाते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या आरोप तय करने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित हों। इस पर 3 अक्टूबर को शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी छूट की अर्जी दाखिल की, जिसमें कहा गया कि रिट न्यायालय के आदेश के खिलाफ दाखिल विशेष अपील में पारित आदेश की समीक्षा के लिए पुनर्विचार अर्जी दाखिल की गई है। उन्होंने कार्यवाही स्थगित करने की भी मांग की। हालांकि कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया।

प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) ने भी हलफनामा दाखिल कर कहा कि उन्हें एक जनहित याचिका के सिलसिले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष उपस्थित होना जरूरी है, इसलिए उन्होंने कोर्ट में उपस्थित होने से छूट की प्रार्थना की। कोर्ट ने उनकी अर्जी स्वीकार कर ली। इसके बाद अपर मुख्य सचिव (वित्त) ने भी इस आधार पर छूट का अनुरोध किया कि उन्हें मिशन शक्ति, चरण -5 नामक योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित होना आवश्यक है, जिसमें मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं।

कोर्ट ने उनके अनुरोध की निंदा करते हुए कहा कि संबंधित प्राधिकारी का तर्क ऐसा नहीं था कि उनकी अनुपस्थिति को माफ किया जा सके, लेकिन मुख्य सचिव (वित्त) के पद को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने उनकी अनुपस्थिति को माफ कर उन्हें चेतावनी दी कि अगर अगली निर्धारित तिथि तक कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई आगामी 11 नवंबर को सुनिश्चित की गई है।

# जम्मू- कश्मीर से जल्द खत्म होगा आतंकवाद

### रक्षा मंत्री ने फील्ड गन फैक्ट्री में लिया स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा

विशेष संवाददाता, कानपुर



आईआईटी में ड्रोन के बारे में जानकारी लेते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व की घटनाओं के मुकाबले अब जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं काफी कम हो गई हैं। सुरक्षा बल सक्रिय और सजग हैं। जल्द ही ऐसे हालात होंगे कि आतंकी वारदातें पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। भारत-चीन सीमा पर दीपावली की मिठाई बांटने और पेट्रोलिंग शुरू किए जाने पर उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी राष्ट्रों से अच्छे संबंध का पक्षधर है।

रक्षा मंत्री ने कानपुर स्थित एडवांस वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई फील्ड गन फैक्टरी पहुंचकर हीट ट्रीटमेंट अनुभाग, गन असेंबली और जीरो वे सेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धनुष, सारंग गन और इंडियन फील्डगन यानी आइएफजी, टी 90 टैंक की बैरल को बनते देखा। अधिकारियों से बैरल की गुणवत्ता और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के बारे में जाना। अधिकारियों ने टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन और टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली बनाने की दक्षता के बारे में बताया। निरीक्षण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन डीपीएसयू के सीएमडी के साथ बैठक की। डीपीएसयू एडब्ल्यूईआइएल, ट्रूप कम्फर्ट्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी राजेश चौधरी और ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी, डीआरडीओ की प्रयोगशाला, डीएमएसआरडीई (रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान) के निदेशक डा. मंयक द्विवेदी ने रक्षा उत्पाद प्रोफ़ाइल, मुख्य प्रोजेक्ट्स, अनुसंधान एवं विकास प्रयासों और आधुनिकीकरण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

#### ड्रोन और साइबर युद्ध का जमाना, तकनीकी नवाचार जरूरी

आज के तकनीक-संचालित परिवर्तन के युग में भारत तेजी से नवाचार की ओर बढ़ रहा है। इसमें आईआईटी कानपुर जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है। आज के दौर में युद्ध के तरीकों में भी तेजी से बदलाव आ रहा है। ड्रोन और साइबर युद्ध इसके उदाहरण है। रक्षा उत्पादों में तकनीक से जुड़े नवाचार बेहद जरूरी है। रक्षा क्षेत्र में बढ़े नवाचार से भारत वर्ष 2029-30 तक 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पादों के निर्यात को छू लेगा। रक्षा मंत्री ने यह बात आईआईटी कानपुर के स्थापना दिवस पर कही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने संस्थान फेलो पुरस्कार, विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार, विशिष्ट सेवा पुरस्कार और युवा पूर्व छात्र पुरस्कार वितरित किए।

## बैंक और एयरपोर्ट मैनेजर की पिटाई में दरोगा निलंबित

संवाददाता, बहराइच

● बैक करते समय दरोगा की कार से टकरा गई थी बुलेट

**अमृत विचार:** दिवाली के लिए गुरुवार को बुलेट से समान खरीदने जा रहे सगे भाइयों को कार सवार दरोगा और सिपाही ने बेरहमी से पीट दिया। पयागपुर में बैंक मैनेजर और अयोध्या एयरपोर्ट में मैनेजर के पद पर तैनात भाइयों ने बताया कि मामले में केस दर्ज करने के बजाए एक तरफ जहां पुलिस धमकी दे रही तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक से मिलने नहीं दिया जा रहा था। वीडियो वायरल होने पर शनिवार को मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी वृंदा शुक्ला ने दरोगा हरिकेश सिंह को निलंबित कर दिया।

जिले में पुलिस की बर्बरता के शिकार अब अधिकारी भी होने लगे हैं। कुछ यही हाल दो दिन पूर्व देखने को मिला। नगर कोतवाली मोहल्ला बशीरगंज निवासी प्रकाश गुप्ता भाजपा नेता हैं। वह पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रह चुके हैं। उनके बेटे लव गुप्ता अयोध्या एयरपोर्ट पर प्रबंधक सिविल के पद पर तैनात हैं जबकि कुश आर्यावर्त बैंक में पयागपुर में शाखा प्रबंधक हैं। गुरुवार को दोनों भाई बुलेट बाइक से बशीरगंज स्थित यादव होटल की ओर से निकल रहे थे। उसी दौरान तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह अपनी निजी कार बैक करने लगे। कार की टक्कर से बुलेट गिरने से दोनों भाई घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गलती के बावजूद चौकी प्रभारी व सिपाही ने दोनों भाइयों की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित भाइयों ने गुरुवार रात जैसे ही नगर कोतवाली में तहरीर दी, महकमे में हड़कंप मच गया। पीड़ित भाइयो के पिता ने दो बार एसपी से मिलने की कोशिश की। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के आवास पर मैडम के खाली न होने की बात कहते हुए उन्हें वापस कर दिया गया। किसी ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने जब वीडियो देखा तो मामले को संज्ञान लेते हुए दरोगा तिकोनी बाग चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह को निलंबित कर दिया।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल केंद्रों में 30 तक होगा पंजीकरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस वर्ष दाखिला लेने वालों के पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है। कॉलेज प्रशासन 30 नवंबर तक पंजीकरण करा सकेंगे। यह जानकारी यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा सभी प्रबन्धक व प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर दी गई है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग के अलावा विभिन्न विषयों के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में हर वर्ष नव प्रवेशित छात्रों का पंजीकरण कराना होता है, इस सत्र में पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी, पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गयी है।

## ग्राम सचिवालय से शिकायतों का समाधान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीणों को बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई, मनरेगा, आवास, पेंशन आदि की शिकायत के लिए जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

नई व्यवस्था में ग्राम पंचायत पर संचालित ग्राम सचिवालयों से इस तरह की शिकायतें व समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके लिए सिर्फ ग्राम सचिवालय पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करानी पड़ेगी। दरअसल, ग्राम सचिवालय से आय, जाति, निवास, खसरा-खतौनी आदि के आवेदन, इनकी नकल व प्रमाणपत्र जैसी 230 सेवाएं मिलती हैं। केंद्र व राज्य की इन सेवाओं को और सरलीकरण करके बढ़ाया जाएगा। सेवाओं के साथ ई-डिस्ट्रिक व सर्विस प्लस पोर्टल को अपडेट कर शिकायतें दर्ज कराने का विकल्प भी जोड़ा जाएगा।

#### 19 को आगरा में सम्मेलन, सात राज्य होंगे शामिल

जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए यह व्यवस्था देशभर में शुरू होगी। इस संबंध में 19 नवंबर को आगरा पंचायत सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में उप्र. के साथ असम, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, नागालैंड व उत्तराखंड के संबंधित मंत्री व उच्च अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में पुरानी सेवाओं का सरलीकरण, नई सेवाएं बढ़ाना, ऑनलाइन शिकायतों का समाधान करने संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

#### इन मामलों की कर सकेंगे शिकायतें

- खराब स्ट्रीट व सोलर लाइट
- बिजली आपूर्ति व फाल्ट
- व्यक्तिगत शौचालय निर्माण
- सामुदायिक शौचालय की मरम्मत व निर्माण कार्य
- आधार कार्ड बनाना, मनरेगा कार्यों
- जर्जर सड़क, जलभराव, नया निर्माण

#### एक नजर में स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल ग्राम सचिवालय | 57,691 |
| कॉमन सर्विस सेंटर | 50,364 |
| प्रमाणित ग्राम सचिवालय | 5 हजार |

## छलावा करने वालों को जवाब देने की जरूरत: मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● ध्यान बांटने व गुमराह करने के लिए दिए जा रहे नारे

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख बसपा ने कहा कि भाजपा व सपा अपनी कमियों से ध्यान बांटने व लोगों को गुमराह करने के लिए नारों का सहारा ले रहे हैं, जबकि लोग बसपा से जुड़े तभी आगे बढ़ेंगे व सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग संकीर्ण राजनीति का छलावा करने वाले इन दलों को इसी उपचुनाव में जवाब दें। बसपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा बटेंगे तो कटेंगे व सपा जुड़ेंगे तो जीतेंगे के नारे दे रही है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। सपा अपने नारे से पार्टी से जुड़े अपराधियों को एकजुट होने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बसपा उपचुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारती थी, पर इस बार उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर प्रत्याशी उतारे गए हैं। इसी कारण इंडिया गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस और भाजपा नेताओं की नींद उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा व सपा के शासनकाल की तुलना में बसपा का शासनकाल काफी अच्छा रहा है, इसलिए इस उपचुनाव में नारे व पोस्टरबाजी में बिल्कुल नहीं पड़ना है।

#### अभद्र टिप्पणी में अरविंद सावंत पर हो कार्रवाई

बसपा प्रमुख ने कहा कि महिला पर अभद्र टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी गुट के नेता सांसद अरविंद सावंत पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महिला के लिए अभद्र, अमानवीय, शर्मनाक व निंदनीय भाषा का प्रयोग किया गया। इससे सरकार को हल्के में न लेकर अति गंभीरता से लेते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। मालूम हो कि सावंत पर शिवसेना शिंदे गुट की नेता शायना एनसी के खिलाफ विवादित बयान देने का आरोप है।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर तक 'ओ' लेवल व 'ट्रिपल सी' कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि अन्य से पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन तिथि बढ़ाई गई है।

### वर्ग पहेली-240

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल; चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| | | 4 | | | |
| | | | | | |
| | 5 | | | | |
| | | | | | 6 |
| 7 | | | | | |

#### वर्ग पहेली -239 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

### सुडोकू-153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 8 | | 3 | |
| 6 | | | | 5 | | 4 | 1 | 7 |
| 5 | | | 4 | | | | | 6 |
| | 6 | | 2 | | | 1 | 9 | |
| 8 | | | | | | | | 5 |
| | 7 | 5 | | | 3 | | 2 | |
| 2 | | | | | 7 | | | 3 |
| 1 | 5 | 9 | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | 6 | | | 8 | | |

#### सुडोकू - 152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 नवंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 20.05 तक तत्पश्चात तृतीया।

#### आज का पंचांग

शु. 8 बु. चं. के. 6 5
9 सू. 7 4 मं.
10 1
श. 11 3
12 रा. 2 गु.

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। आपको अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए। आपका दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा।

**वृष** — आज पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। दिखावे से आपको दूर रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। किसी को चुभने वाले वक्तव्य न दें। मीडिया से जुड़े लोगों बड़ी बहादुरी के साथ अपना काम करेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप प्रतिद्वन्द्वियों पर भारी पड़ेंगे।

**कर्क** — आज सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। बातचीत करते हुए शब्द चयन सही तरह से करें। प्रेम संबंधों को लेकर परिजन कुछ नाखुश हो सकते हैं।

**सिंह** — आज दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी होगी। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। विद्युत उपकरणों में खराबी आ सकती है।

**कन्या** — आज उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। कारोबार में सुधार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं।

**तुला** — आज स्वभाव में चिड़चिड़ापन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है। अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटाएंगे।

**वृश्चिक** — आज अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

**धनु** — आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में बहुत काम हो सकता है।

**मकर** — आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। प्रेम संबंधों में भावनात्मक नजदीकी बढ़ेगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में काफी सुधार आएगा। संतान की शिक्षा पर आप काफी ध्यान देंगे।

**कुंभ** — आज नई जॉब के ऑफर मिलने की संभावना बन रही है। करियर और फाइनेंस के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आपमें प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी।

**मीन** — आज अध्यात्मिक चर्चाओं में हिस्सा ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कर लेंगे। घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को आप काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्मा — सुबह : 10.54
लोहा — रात : 09.00

&pictures
मिशन रानीगंज — सुबह : 11.11
विवाह — रात : 07.30

SONY PIX
जॉन विक : चैप्टर 2 — सुबह : 10.52
ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन — सुबह : 11.12
खिचड़ी 2 — रात : 08.00

ZEE ACTION
बिंबसार — सुबह : 10.31
गुमनाम — रात : 07.30

#### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.11 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल
कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**रांची।** झारखंड के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.6 थी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर महसूस किए गए और इसका केन्द्र रांची से करीब 35 किलोमीटर दूर खूंटी में पांच किलोमीटर की गहराई में था। श्रीवास्तव ने बताया कि जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिले के कांद्रा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### मावा कारखाने में विस्फोट से दो मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक कारखाने में विस्फोट से दो श्रमिकों की मौत हो गई। आसींद के थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने बताया कि यह हादसा करजालिया पंचायत के नारायणपुर गांव में मावा फैक्ट्री में हुआ जहां बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महादेव गुर्जर और राधेश्याम गुर्जर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना किस कारण से हुई।

### जम्मू कश्मीर में खाई में गिरी कार, तीन की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में एक कार के फिसलकर गहरी खाई में गिरने से एक महिला और उसके 10 महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना चस्साना के पास चमालू मोड़ पर हुई। कार मलिकोटे गांव से चस्साना की ओर जा रही थी, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे यह सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कुलचा देवी (27), उनके 10 महीने के बच्चे नीरज सिंह और भतीजे संधूर सिंह (23) की मौके पर ही मौत हो गई।

### बेअंत हत्याकांड : राजोआना की याचिका पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या में दोषी बलवंत सिंह राजोआना की उस याचिका पर चार नवंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें उसने अपनी दया याचिका पर फैसला लेने में अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील करने का अनुरोध किया है। पंजाब पुलिस के पूर्व कान्स्टेबल राजोआना की याचिका न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार और केंद्र-शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन से जवाब मांगा था।

# हम वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : भाजपा

## चुनावी वादों पर भाजपा और कांग्रेस में जारी जुबानी जंग, खरगे की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने विपक्ष पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- भाजपा ने पहले धन सृजित किया और फिर योजनाओं का दायरा बढ़ाया

भाजपा ने शनिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों से किए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस विश्वसनीयता का संकट खड़ा करने के लिए है। अधूरे चुनावी वादों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जारी जुबानी जंग के बीच भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई है, ऐसे में भाजपा ने पहले धन सृजित किया और फिर आवंटन से कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया, जिसमें स्वास्थ्य बीमा से लेकर मुफ्त अनाज और किसानों के लिए नकद हस्तांतरण तक शामिल है।

त्रिवेदी ने विभिन्न राज्यों में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के कथित अधूरे वादों का हवाला देते हुए कहा कि हम पहले धन सृजन और फिर वितरण में विश्वास करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के इस दावे के एक दिन बाद कि मोदी की गारंटी लोगों के साथ एक क्रूर मजाक है पर भाजपा ने विपक्षी दल पर नये सिरे से निशाना साधा। त्रिवेदी ने खरगे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष एक दिन पहले सच बोल रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने पहले जो बात कही थी, उस पर पर्दा डालने के दबाव में भाजपा पर हमला किया। भाजपा प्रवक्ता ने मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर के निर्माण, अनुच्छेद-370 के उन्मूलन, गरीबों के लिए 14 करोड़ से अधिक घरों के निर्माण, 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोलने और आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख का हवाला देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने जो कहा, उसे पूरा किया।

### प्रधानमंत्री ने सर्वोच्च पद की गरिमा को ध्वस्त किया : प्रियंका



● कांग्रेस महासचिव बोलीं- मोदी ने कांग्रेस पर जो आरोप लगाए हैं वे सत्य से परे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गारंटी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर पलटवार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों के सामने बार-बार खोखले वादे करके सर्वोच्च और सम्मानजनक पद की गरिमा को ध्वस्त किया है। उन्होंने दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जो आरोप लगाए हैं, वे सत्य से परे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खरगे के चुनावी वादों को लेकर दिए बयान के बाद कांग्रेस पर हमला किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को अब यह एहसास हो रहा है कि अवास्तविक वादे करना आसान है, लेकिन लागू करना असंभव है। दरअसल, खरगे ने बुधवार को कर्नाटक में मुफ्त बस योजना (शक्ति) की समीक्षा की बात पर नाराजगी जताई थी। खरगे ने कहा था कि उतना ही वादा कीजिए, जितना पूरा कर पाएं। प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि महात्मा गांधी कहते थे, सत्य ही ईश्वर है। मुंडकोपनिषद में लिखा है सत्यमेव जयते, जो हमारा राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है। ये वाक्य स्वतंत्रता आंदोलन, भारत के पुनर्निमाण और सार्वजनिक जीवन के आदर्श बने।

### कर्नाटक में भाजपा की विरासत की जांच करें मोदी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने प्रधानमंत्री मोदी की कांग्रेस सरकार की आलोचनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और उनसे पहले कर्नाटक में भाजपा के रिकॉर्ड की जांच करने का आग्रह किया है। सिद्दारमैया ने भाजपा पर राज्य में विनाशकारी विरासत छोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनकी सरकार ने अपने सभी पांच प्रमुख वादों को पूरा किया है, जिसके लिए 52,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटन और पूंजी विकास के लिए 52,903 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रतिबद्धता जताई गई है।

# भाजपा ने अजित पवार को किया ब्लैकमेल, जांच कराएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की हालिया टिप्पणी का हवाला देते हुए भाजपा का किया घेराव

कांग्रेस ने भाजपा पर राकांपा के नेता अजित पवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लाने के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार की हालिया टिप्पणी का हवाला देते हुए एक्स पर लिखा कि भाजपा की वॉशिंग मशीन वैसे तो देशभर में अपने काम पर लगी हुई है लेकिन महाराष्ट्र में यह कुछ अधिक शक्तिशाली रही है।

अजित पवार ने अब इस बात की पुष्टि की है कि भाजपा ने उन्हें राजग में लाने के लिए ब्लैकमेल और जोर-जबरदस्ती का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने तत्कालीन सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अजित पवार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे तथा 70,000 करोड़ के भ्रष्टाचार का दावा किया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह आरोप लगाने की अगुवाई की थी और राकांपा जो अब उनकी सहयोगी है को स्वाभाविक रूप से भ्रष्ट पार्टी करार दिया था।

रमेश ने कहा कि अजित पवार ने खुलासा किया है कि देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें कथित सिंचाई घोटाले जांच की फाइल दिखाई थी। कोई उस खतरे की केवल कल्पना कर सकता है जो इस कदम में निहित था।

## बंगाल: लड़की से दुष्कर्म-हत्या के बाद आरोपी को पीटकर मार डाला

**कोलकाता, एजेंसी**

● फालाकाटा इलाके में हुई घटना के बाद ग्रामीणों ने उठाया कदम

प. बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में लड़की से दुष्कर्म करने और फिर उसकी हत्या की घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने शनिवार को बताया कि फालाकाटा इलाके में शुक्रवार दोपहर को यह घटना हुई।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की का शव तालाब में मिला, जिसके बाद ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की क्योंकि लोगों का मानना है कि वह इस घटना के आरोपियों में से एक था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को बचाया और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मामले में शामिल एक अन्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया। ग्रामीणों ने पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने तथा आरोपी को मौत की सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

## स्कूल में हुए विस्फोट में 50 लोगों से पूछताछ

**नई दिल्ली।** पुलिस ने रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल में हुए विस्फोट से पहले वहां देखे गए 50 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। जिनसे से पूछताछ हुई उनमें एक स्थानीय निवासी भी है, जिसने विस्फोट से पहले घटनास्थल पर सिगरेट का बचा हुआ हिस्सा फेंका था। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विस्फोट सिगरेट के टुकड़े से हुआ या नहीं, क्योंकि हमें अभी यह नहीं पता कि विस्फोटक कैसा था।

## आंध्र प्रदेश में चार वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद की गई हत्या

● मुख्यमंत्री नायडू ने घटना का लिया संज्ञान, चेतावनी दी कि महिलाओं के प्रति अपराध से सख्ती से निपटें

**वेनेलापलेम/तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के गांव में चार साल की बच्ची से उसके ही रिश्तेदार ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घटना पर संज्ञान लेते हुए चेतावनी दी कि महिलाओं के प्रति अपराध करने वालों से सख्ती से निपट जाए। नायडू ने अनकापल्ली जिले में योजना की शुरुआत को हुए कार्यक्रम में यह बात कही। तिरुपति के एसपी एल सुब्बारायडू के अनुसार, बच्ची का मामा नागराजू शुक्रवार शाम को उसे कुछ खिलाने का लालच देकर एएम पुरम गांव में सुनसान जगह पर ले गया और बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी। नागराजू बच्ची के घर के पास ही रहता है।

## उपायुक्तों को किसानों को नोटिस न देने का निर्देश

**वक्फ भूमि**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि सभी जिला उपायुक्तों को वक्फ कानून के तहत किसानों को नोटिस नहीं देने का निर्देश दिया है। भू-राजस्व रिकॉर्ड को अंतिम माना जाएगा और प्रशासनिक कार्रवाई उनके अनुरूप होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को नोटिस या पत्र को वापस लेने का निर्देश दिया है। अब यह मामला सुलझ गया है, लेकिन हम भविष्य के संभावित घटनाक्रम को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

## प्रत्याशियों को पैसे देने की पवार की टिप्पणी को देवेंद्र ने किया खारिज



**पुणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार के इन आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया कि चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे देने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल हुआ है। फडणवीस 20 नवंबर के चुनाव से पहले, कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पुणे में हैं। इससे पहले दिन में पवार ने दावा किया था कि चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को पैसे देने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया है। फडणवीस ने कहा कि राकांपा (एसपी) प्रमुख को भ्रम है क्योंकि ऐसी चीजें तब हुआ करती थीं, जब विपक्षी दल सत्ता में थे।

## पप्पू यादव को लॉरेंस का करीबी बता धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली/पूर्णिया।** पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने दिल्ली से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी बताकर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को धमकी दी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिल्ली निवासी महेश पांडे है। यादव ने कथित तौर पर दुबई के एक नंबर से फोन आने के बाद गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पांडे का लॉरेंस से कोई संबंध नहीं है। पुलिस के मुताबिक पांडे ने स्वीकार किया है कि उसने सांसद से व्हाट्सऐप से संपर्क किया था। उसने संयुक्त अरब अमीरात में रह रही साली के सिम कार्ड का प्रयोग किया। पांडे ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिश्नोई के खिलाफ यादव के गुस्से की खबर आने के बाद कथित तौर पर यह शरारत की थी।

## सावंत ने शाइना को लेकर की गई टिप्पणी पर मांगी माफी

**मुंबई, एजेंसी**



● शाइना ने सावंत के खिलाफ दर्ज कराई थी प्राथमिकी

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने महाराष्ट्र चुनाव में शिवसेना की उम्मीदवार शाइना एनसी पर की अपमानजनक टिप्पणी के लिए शनिवार को माफी मांगी। एक दिन पहले शाइना ने सावंत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सावंत ने कहा कि उन्होंने कभी किसी महिला का अपमान नहीं किया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक कारणों से यह विवाद खड़ा हुआ। मुंबई दक्षिण सीट से लोकसभा सदस्य सावंत ने कहा कि मैं महिलाओं को उचित सम्मान दिलाने में हमेशा आगे रहा हूं। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और मुझे निशाना बनाया गया।

## भारत में 98% स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय : केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कांग्रेस नेता की जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी सहित देश के 98% से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय है। इसने कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर की दायर लंबित जनहित याचिका के संबंध में हलफनामा दायर किया है, जिसमें कक्षा छह से 12 तक की छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड देने और सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा आवासीय स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय के वास्ते निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया है। केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया है कि 10 लाख से अधिक सरकारी स्कूलों में लड़कों के लिए 16 लाख और लड़कियों के लिए 17.5 लाख शौचालय बनाए गए हैं तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कों के लिए 2.5 लाख और लड़कियों के लिए 2.9 लाख शौचालय बनाए गए हैं।

## मप्र में ट्रक व बाइक की टक्कर में चार की मौत

**हरदा (मप्र)।** हरदा जिले में एक ट्रक और बाइककी टक्कर में दो भाइयों सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात को जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर टिमरनी क्षेत्र में उरा और खिड़कीवाला गांवों के बीच हुई। पुलिस उपमंडल अधिकारी आकंझा तलैया ने बताया कि गौतम कौशल (21), उनके भाई प्रीतम (19), जुनैद खान (18) और यशराज मंडलेकर (19) बाइक से हरदा की ओर जा रहे थे। तभी ट्रक दोपहिया वाहन से टकराकर पलट गया।



## एक नजर

### एसबीआई ने देबाशीष को दिल्ली का बनाया सीजीएम

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को कहा कि उसने देबाशीष मिश्रा को अपने नई दिल्ली मंडल का मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त किया है। एसबीआई ने कहा कि उनकी नियुक्ति एक नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। उन्होंने कल्पेश के अवसिया का स्थान लिया, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। मिश्रा के पास भारत और विदेश में ऋण, परिचालन, विदेशी मुद्रा, आईटी, मानव संसाधन और एमएसएमई क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है। एसबीआई के नयी दिल्ली मंडल में 1,700 से अधिक शाखाएं हैं।

### किशोर एसीआई के एशिया प्रशांत के नए अध्यक्ष

**मुंबई।** जीएमआर समूह के वरिष्ठ अधिकारी एसजीके किशोर को विश्व हवाई अड्डा परिचालकों की शीर्ष संस्था एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) का एशिया-प्रशांत और पश्चिम-एशिया का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी। जीएमआर कहा कि वर्तमान में जीएमआर एयरपोर्ट्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य नवाचार अधिकारी किशोर कंबोडिया एयरपोर्ट्स के बोर्ड निदेशक इमैनुएल मेनेटेउ का स्थान लेंगे। हांगकांग मुख्यालय वाले एसीआई-एपीएसी और एमआईडी के अध्यक्ष के रूप में वह इस क्षेत्र में वृद्धि को समर्थन देने के लिए काम करेंगे।

### एनएमडीसी ने किया 40 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन

नई दिल्ली। देश में सरकारी क्षेत्र की लौह अयस्क कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने 40.7 लाख टन अयस्क का उत्पादन और 40.3 लाख टन लौह अयस्क की बिक्री की। कंपनी ने शनिवार को बताया कि यह उसका अक्टूबर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 3.8% और बिक्री में 17.15% की वृद्धि को दर्शाता है।

# तेल और गैस क्षेत्र में सब्सिडी को भारत ने किया 85% कम

## एडीबी ने रिपोर्ट में की भारत के जीवाश्म ईंधन सब्सिडी सुधारों की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● भारत ने की हटाओ, लक्ष्यित करो और स्थानांतरित करो दृष्टिकोण से उल्लेखनीय प्रगति



भारत ने 2010 से जीवाश्म ईंधन सब्सिडी सुधार पर सुनियोजित हटाओ, लक्ष्यित करो और स्थानांतरित करो दृष्टिकोण से उल्लेखनीय प्रगति की है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की नई रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत तीन प्रमुख नीतिगत कारकों- खुदरा मूल्य, कर दरें और चयनित पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी के संयुक्त प्रभाव को सावधानी से संतुलित कर तेल और गैस क्षेत्र में राजकोषीय सब्सिडी को 85% तक कम किया, जो 2013 में 25 अरब डॉलर के अस्थिर शिखर से 2023 में 3.5 अरब डॉलर तक आ गया। अपनी एशिया-प्रशांत जलवायु रिपोर्ट में एडीबी ने कहा कि भारत ने पेट्रोल और डीजल पर सब्सिडी धीरे-धीरे समाप्त कर दी और करों में क्रमिक वृद्धि की, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकारी समर्थन बढ़ाने के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनी। 2014 से 2017 तक पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि से प्राप्त अतिरिक्त कर राजस्व को ग्रामीणों के बीच एलपीजी के उपयोग को बढ़ाने के लिए पहुंच में सुधार और लक्षित सब्सिडी के लिए पुनर्निर्देशित किया गया। एलपीजी के लिए सब्सिडी में वृद्धि हुई है और अब लक्ष्यीकरण में सुधार और गैर-जीवाश्म ईंधन खाना पकाने के विकल्पों को विकसित करने की जरूरत हो सकती है। 2010 से 2017 तक भारत ने कोयला उत्पादन और आयात पर उपकर लगाया। उपकर संग्रह का 30% राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण कोष में डाला गया, जिसने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं और अनुसंधान का समर्थन किया। भारत के सब्सिडी सुधारों और कराधान उपायों के परिणामस्वरूप, देश की जीवाश्म ईंधन सब्सिडी 2014 से 2018 तक कम हो गई।

# मनी मार्केट : सुरक्षित निवेश का स्मार्ट तरीका

मनी मार्केट फंड्स (एमएमएफ) एक अत्यधिक तरल और सुरक्षित निवेश साधन हैं, जो वित्तीय बाजार में स्थिरता और निश्चितता देता है। ये फंड कम अवधि वाले ऋण साधनों में निवेश करते हैं, जैसे सरकारी बॉण्ड और बैंकों के प्रमाण पत्र, जिससे निवेशकों को अपने पूंजी की सुरक्षा का आश्वासन मिलता है। मनी मार्केट के माध्यम से, आप सरलता से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं, जबकि जोखिम का स्तर बहुत कम होता है। ये फंड न केवल उच्च तरलता प्रदान करते हैं, बल्कि अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न भी देते हैं, जो इन्हें आकस्मिक खर्चों के लिए आदर्श बनाता है। चाहे आप नए निवेशक हों या अनुभवी, एमएमएफ आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में एक मूल्यवान जोड़ी हो सकते हैं। आइए जानें इनके लाभ, जोखिम और निवेश के सही तरीके....



### इसकी प्रमुख विशेषताएं

- **सुरक्षित निवेश :** एमएमएफ उन वित्तीय उपकरणों में निवेश करते हैं, जो उच्च रेटिंग के हैं, जैसे कि सरकारी बॉण्ड, बैंकों के प्रमाण पत्र, कॉर्पोरेट बॉण्ड आदि।
- **कम अवधि :** इनमें निवेश की अवधि छोटी ती है, जिससे जोखिम कम है।
- **तरलता :** एमएमएफ में निवेश करने वाले लोग अपने पैसे को जल्दी निकाल सकते हैं, जो इन्हें अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में अधिक लचीला बनाता है।
- **गैर-भिन्नता :** ये फंड आमतौर पर विभिन्न वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम का वितरण होता है।

### एमएमएफ के प्रकार

- **गवर्नमेंट :** ये फंड केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। इनमें निवेश करना बहुत सुरक्षित माना जाता है।
- **टैक्स-एक्सेम्प्ट :** ये फंड नगरपालिका बॉण्ड में निवेश करते हैं, जिन पर ब्याज आय कर-मुक्त होती है।
- **कॉर्पोरेट :** ये फंड उच्च गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट ऋण में निवेश करते हैं। ये सामान्यत: सरकारी फंड्स की तुलना में थोड़ा अधिक जोखिम लेते हैं।

### निवेश के लाभ

- **कम जोखिम :** एमएमएफ में निवेश की जोखिम स्तर कम होता है, खासकर गवर्नमेंट फंड्स में।
- **संपत्ति की सुरक्षा :** निवेशक की पूंजी आमतौर पर सुरक्षित रहती है, क्योंकि फंड में उच्च गुणवत्ता वाले ऋण साधनों का उपयोग होता है।
- **तरलता :** निवेशक अपने फंड में से पैसे को आसानी से निकाल सकते हैं, जिससे ये आकस्मिक खर्चों के लिए आदर्श होते हैं।
- **सुविधा :** एमएमएफ में निवेश करना आसान है और इसे किसी भी समय ऑनलाइन या फंड हाउस के माध्यम से किया जा सकता है।
- **संविधानिक रिटर्न :** एमएमएफ में निवेशकों को अपेक्षाकृत स्थिर व नियमित रिटर्न मिलता है, भले ही वह अन्य उच्च जोखिम वाले फंड्स की तुलना में कम हो।

### जोखिम का रखें विशेष ध्यान

- **कम रिटर्न :** एमएमएफ का रिटर्न अन्य उच्च जोखिम वाले निवेशों की तुलना में कम होता है, इसलिए यह लंबे समय में बेहतर पूंजी वृद्धि की उम्मीद नहीं कर सकते।
- **इन्फ्लेशन :** यदि महंगाई दर एमएमएफ के रिटर्न से अधिक हो, तो वास्तविक रिटर्न नकारात्मक हो सकता है।
- **फंड प्रबंधन :** फंड का प्रदर्शन उसके प्रबंधक की क्षमता पर निर्भर करता है। यदि प्रबंधक सही निर्णय नहीं लेते हैं, तो यह फंड के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।
- **लिक्विडिटी :** असामान्य परिस्थितियों में, कुछ एमएमएफ से निवेशकों को पैसे निकालने में कठिनाई हो सकती है।

## त्योहारी सीजन पर वाहनों की बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● 86,000 से अधिक नए वाहन किए गए पंजीकृत



त्योहारी सीजन में वाहनों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया है और दिवाली से पहले दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग में 86,000 से अधिक नए वाहन पंजीकृत हुए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने 30 अक्टूबर तक परिवहन विभाग में 86,000 से अधिक नए वाहन पंजीकृत किए गए, जिससे मोटर वाहन कर के रूप में 366 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। इस सीजन में स्कूटर और बाइक की बिक्री में पहले की तुलना में कमी आई लेकिन चार पहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी है। दिवाली से पहले तक कार और एसयूवी सहित बेचे गए हल्के वाहनों की संख्या 22,000 से अधिक रही। शेष 56,000 वाहन दोपहिया हैं। 2023 में में 80,854 नए वाहनों का पंजीकरण हुआ था, जिनमें 57,000 से अधिक दोपहिया और 18,635 कार शामिल थीं।

## अमेजन की त्योहारी सेल्स में नया रिकॉर्ड 85 प्रतिशत ग्राहक गैर-मेट्रो शहरों के

● ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 में इस बार 140 करोड़ ग्राहक आए जो सबसे बड़ी संख्या

**बेंगलुरु।** ऑनलाइन बाजार मंच अमेज़न इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसकी वार्षिक त्योहारी बिक्री अभियान अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 में इस बार 140 करोड़ ग्राहक आए जो अब तक की इसकी सबसे बड़ी संख्या है। अमेजन ने यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान बनाने वाली कुछ प्रमुख कंपनियों ने भारत में उपभोग मांग में नरमी की शिकायत शुरू कर दी है और उनका कहना है कि देश में मध्य वर्ग संकुचित हो रहा है। कंपनी ने कहा कि इस ऑनलाइन ग्राहकों में 85% से ज्यादा ग्राहक मेट्रो शहरों से बाहर के थे। उसके इस विशेष बिक्री उत्सव में पहले 48 घंटों में बिक्री ऐप के माध्यम से सबसे ज्यादा सिंगल डे प्राइम साइन-अप किए गए। इस बार 96% से ज्यादा प्राइम सदस्यों ने फेस्टिव सीज़न के दौरान खरीदारी की, जिसमें से लगभग 70% टीयर 2 और उससे छोटे शहरों के थे।

## कोल इंडिया को बढ़ाना होगा उत्पादन : कोयला मंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी**



कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से कोयला उत्पादन महत्वपूर्ण है और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को भविष्य में उत्पादन को उच्चस्तर तक बढ़ाना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई अपने 50वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है।

कोयला मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, रेड्डी ने कहा कि देश में कोयले का उत्पादन अभी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने सीआईएल से उत्पादन को और भी अधिक बढ़ाने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से उत्पादन महत्वपूर्ण है। कोल इंडिया को भविष्य में उत्पादन को और अधिक बढ़ाना होगा। सीआईएल एक नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोयला और गैर-कोकिंग कोयला खदानों की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी। बयान के अनुसार, 1975-76 के दौरान 8.9 करोड़ टन उत्पादन करने वाली महारत्न कोयला कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.7 गुना वृद्धि के साथ 77.36 करोड़ टन उत्पादन किया।

### कोल इंडिया हुई 50 साल की कोलकाता में समारोह आज

कोल इंडिया ने 50 स्वर्णिम वर्ष पूरे कर लिए हैं और तीन नवंबर (रविवार) को कोलकाता में इस उपलक्ष्य में समारोह आयोजित कर रही है। सीआईएल आज बीएसई और एनएसई शेयर बाजार में सूचीबद्ध है। कंपनी के 63% से कुछ अधित शेयर प्रवर्तकों, 12.04% घरेलू संस्थानों, 10.54% म्यूचुअल फंडों, 9.16% विदेशी संस्थानों और 5.13% खुदरा और अन्य निवेशकों के पास हैं। कंपनी नागरिकों को उचित मूल्य पर बिजली प्राप्त करने में योगदान देती है। सीआईएल के कर्मचारियों की संख्या राष्ट्रीयकरण के प्रारंभिक वर्षों में 6.75 लाख थी। आज इसमें 2.25 लाख कर्मचारी काम करते हैं पर आधुनिक प्रौद्योगिकी से उत्पादन में 8.7गुणा की वृद्धि हुई है।

# 2027 तक आरसीबी के साथ ही रहेंगे विराट



बेंगलुरु, एजेंसी

विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।

कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर

**• 20 साल पूरे करने के दिए संकेत 2008 से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ जुड़े हुए हैं कोहली**

लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने आरसीबी बोल्ड डायरीज में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता विशेष हो गया है। वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते।

कोहली ने कहा कि मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं। कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे।

# कोनस्टास टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं : डीकोस्टा

मेलबर्न, एजेंसी

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**



**• सैम में काफी क्षमता है पर अभी उसे घरेलू क्रिकेट ही खेलने देना चाहिए**

ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाजी कोच नील डीकोस्टा ने भारत के पृथ्वी शॉ का उदाहरण देते हुए ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे 19 वर्षीय बल्लेबाज सैम कोनस्टास को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल करने में जल्दबाजी न करें।

डीकोस्टा का मानना है कि कोनस्टास अभी पांच दिवसीय प्रारूप के लिए तैयार नहीं है। यह युवा बल्लेबाज भारत के खिलाफ श्रृंखला में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के दावेदारों में शामिल है। डीकोस्टा अतीत में माइकल क्लार्क और दिवंगत फिलिप ह्यूज को प्रशिक्षण दे चुके हैं। वह कोन्स्टास को भी बल्लेबाजी के गुर सिखा चुके हैं। उन्होंने कहा वह 100 टेस्ट खेल सकता है लेकिन अगर अभी उसे राष्ट्रीय टीम में चुना जाता है तो वह 10 टेस्ट तक ही सीमित रह सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसमें काफी क्षमता है लेकिन अभी उसे घरेलू क्रिकेट में खेलने देना चाहिए। हमारे सामने पृथ्वी शॉ का उदाहरण है। टीम में उनके चयन से पहले मैं उनकी कमजोरी बता सकता था।

## मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की पोंटिंग और हीली ने की वकालत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। वहीं, हीली ने कहा मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि वह मेरे क्लब से जुड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता भी उसके बारे में जानते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## खेल डायरी

### हॉकी इंडिया लीग : ओसली दिल्ली एसजी पाइपर्स से जुड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को इंग्लैंड महिला हॉकी की मिडफील्डर और सुपरस्टार लिली ओसली से हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए करार किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली 28 वर्ष की डच मिडफील्डर शान डि वार्ड की जगह लेंगी जिन्होंने निजी कारणों से नाम वापस ले लिया। ओसली ने रियो ओलंपिक 2016 में स्वर्ण और तोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम और 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता था। दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम की कोच डेव स्मोलेनार्स ने एक बयान में कहा शान डि वार्ड का नहीं होना टीम के लिये झटका है लेकिन उनकी जगह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली का आना राहत की बात है। उनके पास अपार अनुभव और नेतृत्व क्षमता है। टूर्नामेंट एक फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे से बाहर शाकिब-लिटन

**ढाका।** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिये बांग्लादेश की टीम में शाकिब अल हसन और लिटन दास को जगह नहीं मिली है। नजमुल हुसैन शान्तो 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करते रहेंगे, जबकि मेहदी हसन मिराज उप कप्तान होंगे। दिलचस्प बात यह है कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के स्वेच्छा से श्रृंखला से हटने के बाद उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है। इसके अलावा सूची से एक और बड़ा नाम लिटन दास का नहीं है। लिटन बुखार से उबर रहे हैं। इसके अलावा कंधे की चोट से जूझ रहे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद को टीम में शामिल नहीं किया है। अनामुल हक और तैजुल इस्लाम को भी टीम में जगह नहीं मिली है। बांग्लादेश ने 22 वर्षीय अनकैप्ड पेसर नाहिद राणा को शामिल किया है, जिन्होंने अब तक पांच टेस्ट खेले हैं। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को भी वापस बुला लिया है। जाकिर, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में अपना वनडे डेब्यू किया था, ने प्रारूप में सिर्फ एक मैच खेला है और नसुम ने आखिरी बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय मैच खेला था।

### रियाद में प्रणवी संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंची

**रियाद।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह अरामको टीम सीरीज में संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर पहुंच गई। प्रणवी ने दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाईं। उन्होंने 10वें होल से शुरुआत की तथा 15वें और 18वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी लगाईं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी दीक्षा डागर ने पहले दौर में इवन पार का स्कोर बनाने के बाद दूसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। स्लोवेनिया की पिया बबनिक 14-अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** भारत की सीनियर टीम ने यहां अंतिम चार के मुकाबले में स्वीडन को 195-129 से हराकर विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट और रवि गोयनका शामिल हैं। फाइनल में उनका मुकाबला अमेरिका से होगा। भारतीय टीम ने स्वीडन की टीम को कोई मौका नहीं दिया और अंतिम चरण का खेल शेष रहने से पहले ही हार स्वीकार कर ली। इससे पहले भारत ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को और प्री-क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड को हराया था।

### आयुष हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**सारब्रकेन (जर्मनी)।** गैर वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी शनिवार को हाइलो ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के चौथे वरीय क्रिस्टो पोपोव से हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने अच्छी शुरुआत की। लेकिन फिर लय खो बैठे जिससे उन्हें दुनिया के 28वें नंबर के फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी से 17-21 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहली भिड़ंत थी। अब छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड का सामना महिला एकल सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जूली डावल जैकबसेन से होगा।

**तीसरा टेस्ट : वानखेड़े की मुश्किल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों की होगी अग्निपरीक्षा, रोमांचक मोड़ पर आया मुकाबला**

# भारतीय गेंदबाजों ने कराई वापसी



**एजाज पटेल**
5 विकेट
103 रन
21.4 ओवर

**• भारत ने बनाए 263 रन, दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 171 तक पहुंची न्यूजीलैंड की टीम**

मुंबई, एजेंसी



विकेट की अपील करने के बाद तीसरे अंपायर के निर्णय का इंतजार करते भारतीय खिलाड़ी। • एजेंसी

वानखेड़े की मुश्किल पिच पर शनिवार का दिन भारत और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए कठिन परीक्षा का रहा जहां श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी के 263 रन के जवाब में मेहमान टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बना लिए थे। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे। इस लिहाज में मेहमान टीम की लीड 143 रन की हो चुकी है और उसके बचे हुए एकमात्र बल्लेबाज को पिच पर आना बाकी है। दिन का खेल खत्म होने के समय एजाज पटेल सात रन बना कर क्रीज पर जमे हुए थे। पहले दोनों मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला न्यूजीलैंड पहले ही अपने नाम कर चुकी है।

आज पूरे दिन के खेल में गेंदबाजों का बोलबाला रहा जहां कीवी गेंदबाजों ने छह भारतीय विकेट निकाले जबकि भारतीयों ने भी नौ मेहमान बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। भारत की कोशिश न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट जल्द निकालने की होगी जिसके बाद भी पिच के मिजाज को देखते हुए भारत के लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं दिख रहा है क्योंकि चौथी पारी में सिर्फ एक बार यह करिश्मा हुआ है जब किसी भी टीम ने यहां 163 रन का लक्ष्य हासिल किया है। पिच के रुख को भांपते हुए शुभमन गिल (90) और ऋषभ पंत (60) की जोड़ी ने अपनी टीम के कल के स्कोर चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलते हुए पहले सत्र में आक्रामकता का परिचय दिया। खासकर ऋषभ पंत ने क्रीज पर आते ही तेजी से रन बटोरने शुरु किए। उनके आउट होते ही रविंद्र जडेजा (14) और सरफराज खान (0) के रुप में भारत को जल्द ही दो करारे झटके लगे। बाद में क्रीज पर आए वशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ स्कोरबोर्ड को चलाने का प्रयास किया मगर गिल 90 के निजी स्कोर पर एजाज पटेल का शिकार बन गए। सुंदर (38) भी आक्रामक अंदाज में दिखे मगर दूसरे छोर पर समर्थन नहीं मिला। एजाज पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज बने।

आकाशदीप ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में कप्तान टाम लेथम (1) का विकेट जल्द ही निकाल कर अपनी टीम को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिला दी थी मगर पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करने वाले विल यंग (51) ने एक छोर पर खूंटा गाड़ कर भारतीय गेंदबाजों को परिश्रम कराया। उन्होने डेवन कॉन्वे (22), डैरिल मिचेल (21) और ग्लेन फिलिप्स (26) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कर टीम के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बनाने की भरपूर कोशिश की। यंग को अश्विन ने अपनी गेंद पर कैच कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा अब तक सर्वाधिक चार विकेट चटका चुके थे जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट झटके। आकाश और वशिंगटन सुंदर को एक-एक विकेट मिला था।

## स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (पहली पारी) 235 रन**

**भारत (पहली पारी) 263/10 (59.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो पटेल | 30 | 52 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का लैथम बो हेनरी | 18 | 18 | 3/0 |
| शुभमन गिल का मिचेल बो पटेल | 90 | 146 | 7/1 |
| मोहम्मद सिराज पगबाधा बो पटेल | 0 | 1 | 0/0 |
| विराट कोहली रन आउट | 4 | 6 | 1/0 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो सोढी | 60 | 59 | 8/2 |
| रविंद्र जडेजा का मिचेल बो फिलिप्स | 14 | 25 | 0/0 |
| सरफराज खान का ब्लंडेल बो पटेल | 0 | 4 | 0/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 38 | 36 | 4/2 |
| रविचंद्रन अश्विन का मिचेल बो पटेल | 6 | 13 | 1/0 |
| आकाशदीप रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : मैट हेनरी 8-1-26-1, ओरोउर्के 2-1-5-0, एजाज पटेल 21.4-3-103-5, ग्लेन फिलिप्स 20-0-84-1, रचिन रविंद्र 1-0-8-0, ईश सोढी 7-0-36-1

**न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 171/9 (43.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लैथम बो आकाश दीप | 1 | 4 | 0/0 |
| डेवोन कॉनवे का गिल बो सुंदर | 22 | 47 | 2/0 |
| विल यंग का और बो अश्विन | 51 | 100 | 2/1 |
| रचिन रविंद्र स्ट पंत बो अश्विन | 4 | 3 | 1/0 |
| डेरिल मिचेल का अश्विन बो जडेजा | 21 | 44 | 1/1 |
| टॉम ब्लंडेल बो जडेजा | 4 | 6 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो अश्विन | 26 | 14 | 1/3 |
| ईश सोढी का कोहली बो जडेजा | 8 | 14 | 1/0 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 10 | 16 | 0/1 |
| ऐजाज पटेल नाबाद | 7 | 14 | 0/1 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 17 रन, गेंदबाजी : आकाश दीप 5-0-10-1, सुंदर 10-0-30-1, अश्विन 16-0-63-3, जडेजा 12.3-2-52-4

# भारत हांगकांग सिक्सेस में यूएई और इंग्लैंड से हारा

हांगकांग, एजेंसी


भारत को शनिवार को यहां हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंग्लैंड से क्रमशः एक रन और 15 रन से हार का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पाकिस्तान से हारने के बाद भारत को क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए यूएई पर जीत की दरकार थी लेकिन टीम एक रन से हार गई। भारत को 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 32 रन चाहिए थे। आल राउंडर स्टुअर्ट बिन्नी (11 गेंद में 44 रन) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन वह रन आउट हो गए। इससे पहले रोबिन उथप्पा ने 10 गेंद में 43 रन बनाए। यूएई ने छह ओवर में पांच विकेट पर 130 रन का स्कोर खड़ा किया था।

वहीं, दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ भारत 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 105 रन ही बना सका और 15 रन से हार गया।

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पेरिस मास्टर्स से बाहर

पेरिस, एजेंसी



भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन यहां पुरुष युगल के कड़े मुकाबले में हार के साथ पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए।

बोपन्ना और एबडेन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इस एटीपी 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच की जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 46 मिनट तक चला। पहला सेट टाईब्रेकर में खिंचने से पहले दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। बोपन्ना और एबडेन को कुछ मौके मिले लेकिन कूलहोफ और मेक्टिच ने सेट प्वाइंट बचाकर टाईब्रेक जीता और 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन बोपन्ना और एबडेन ने 12वें गेम में डबल फॉल्ट किया जिसकी बदौलत कूलहोफ और मेक्टिच को ब्रेक प्वाइंट का मौका मिला। उन्होंने उसे भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी पहले ही सत्र के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

## रूने को हराकर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में ज्वेरेव

**पेरिस।** जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शनिवार को यहां पूर्व चैम्पियन होल्गर रूने को शिकस्त देकर दूसरी बार पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन के उपविजेता ज्वेरेव अब खिताब के लिए 2018 के चैंपियन कारेन खाचानोव और फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में 2022 के चैंपियन रूने को 6-3, 7-6 (4) से मात दी। रूस के 2018 के चैंपियन करेन खाचानोव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराकर उनकी एटीपी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका पहुंचाया। हम्बर्ट ने कार्लोस अल्काराज को बाहर का रास्ता दिखाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-2, 7-6 (4) से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

# 59 वर्ष के हुए सुपरस्टार शाहरूख खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान आज 59 वर्ष के हो गए। 02 नवंबर 1965 को दिल्ली में जन्में शाहरुख खान के पिता ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हुए थे। अभिनय से जुड़ने और संचार की विभिन्न विधाओं को नजदीक से समझने के लिए शाहरूख ने जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि ग्रहण की। वर्ष 1988 में शाहरूख खान ने बतौर अभिनेता छोटे पर्दे के धारावाहिक फौजी से अपने कैरियर की शुरूआत की। वर्ष 1991 में अपने सपनों को साकार करने के लिए शाहरुख मुंबई आ गए। अजीज मिर्जा ने शाहरुख खान की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें अपने धारावाहिक सर्कस में काम करने का मौका दे दिया। इस बीच शाहरुख को फिल्म दीवाना में काम करने का अवसर मिला। जिसके लिए फिल्म फेयर की ओर से उन्हें नए अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार भी मिला। 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर सुपरहिट साबित हुई और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गए।

## दीपिका-रणवीर ने बेटी का नाम रखा दुआ



**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के आंगन में 8 सितंबर को बेटी का आगमन हुआ। वहीं अब इस कपल ने अपनी बिटिया रानी की पहली तस्वीर शेयर कर दी है। तस्वीर में दीपिका-रणवीर की नन्ही परी शाइनी रेड कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंहने अपनी बेटी के आने की खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने बेटी का नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा है। दीपिका और रणवीर के अनुसार उनकी बेटी ईश्वर द्वारा उनकी प्रार्थनाओं के जवाब में भेजा गया आशीर्वाद है। इसीलिए, दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है जिसका अर्थ है प्रार्थना या रिक्वेस्ट। रणवीर सिंह ने बेटी की पहली तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, दुआ पादुकोण सिंह। दुआ जिसका मिनिंग है एक प्रेयर क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं दीपिका और रणवीर।

## रजनीकांत ने अमरन की टीम से मुलाकात की






**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत ने अमरन की टीम से मुलाकात की और फिल्म की सफलता पर शिवकार्तिकेयन और कमल हासन को बधाई दी। रजनीकांत ने हाल ही में अपने करीबी दोस्त और साथी अभिनेता कमल हासन द्वारा निर्मित नवीनतम फिल्म अमरन के पीछे की टीम से मुलाकात की। इस बैठक में मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, सिनेमैटोग्राफर सीएच साई और निर्माता आर महेंद्रन ने भाग लिया, जिसमें रजनीकांत ने फिल्म और इसके निर्माताओं के प्रति अपना समर्थन दिखाया। राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट में, चार तस्वीरों ने यादगार सभा को कैद किया, जिसमें रजनीकांत फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ गर्मजोशी से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट का शीर्षक था, रजनीकांत ने अपने दोस्त कमल हासन की प्रोडक्शन वेंचर, अमरन देखी, जिसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया था और अभिनय शिवकार्तिकेयन ने किया था।

# टेनिस समुदाय का अनादर नहीं करता, मैं इसका हिस्सा हूं : रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी



**• राजपाल ने स्वीकारा- मीडिया से बातचीत पर नहीं देनी चाहिए थी ऐसी प्रतिक्रिया**

भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने शट अप उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिए कहा था, देश के टेनिस समुदाय के लिए नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है।

राजपाल ने एक इंटरव्यू में कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिए और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे। आम तौर पर विवादों से परे रहने वाले राजपाल स्टॉकहोम में पिछले डेविस कप मुकाबले में स्वीडन के हाथों भारत की 0-4 से हार के बाद अपने आलोचकों को शट अप कहने के कारण विवादों में घिर गए थे। 54 वर्ष के राजपाल ने स्वीकार किया कि मीडिया से बातचीत में उकसाए जाने पर उन्हें उस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने बातचीत में कहा मैं खुद भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं। इतनी सारी चीजों से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है और मैं भारतीय टेनिस समुदाय को इस तरह कुछ बोलने के बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता, मैं ऐसा क्यूं करूंगा। राजपाल ने कहा मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता लेकिन मुझे इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी, लेकिन सवाल इतने बुरे तरीके से पूछा गया था और मेरी टीम साथ बैठी थी तो अपमानित सा महसूस हुआ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### नाटो महासचिव चार को जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे

**मॉस्को।** नाटो के नए महासचिव मार्क रुटे चार नवंबर को जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। यह जानकारी जर्मन सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेइट ने दी। हेबेस्ट्रेइट ने कहा, 04 नवंबर, 2024 को स्थानीय समयानुसार 14 :30 बजे, चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ नाटो महासचिव मार्क रुटे का स्वागत करेंगे, जो संघीय चांसलरी में सैन्य सम्मान के साथ अपनी पहली यात्रा पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि स्कोल्ज़ और रुटे यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में सुरक्षा पर चर्चा करेंगे।

### इंडोनेशिया: कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में आग से 9 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े शहर जकार्ता में कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण एजेंसी में पुनर्निर्माण और पुनर्वास इकाई के प्रमुख इधम खोलिद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बेकासी शहर के एक औद्योगिक परिसर में आग लग गयी। आग में नौ लोगों की मौत हो गयी और चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन फैक्ट्री के कर्मचारी थे जबकि एक अन्य दमकलकर्मी है।

### जापान में अक्टूबर में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया

**टोक्यो।** जापान में अक्टूबर में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया, जो 1898 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से सबसे गर्म महीना रहा। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे देश में अक्टूबर का औसत तापमान सामान्य तापमान से 2 .21 डिग्री सेल्सियस अधिक है। क्षेत्रीय आधार पर उत्तरी जापान में तापमान औसतन 1 .9 डिग्री अधिक रहा, जबकि पूर्वी और पश्चिमी जापान में तापमान में 2 .6 डिग्री की वृद्धि देखी गई। क्योटो शहर में 3 .2 डिग्री, नागानो में 3 .1 डिग्री और मध्य टोक्यो में 2 .6 डिग्री ज्यादा रहा।

### स्पेन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हुई

**मॉस्को।** स्पेन के गृह मंत्री फर्नांडो ग्रांडे मार्लास्का ने शनिवार को कहा कि देश में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 207 हो गई है तथा इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मैड्रिड ने बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अतिरिक्त 250 सैन्य कर्मियों को तैनात किया है, जिससे मलबे को हटाने में मदद करने वाले सैनिकों की संख्या 2,000 हो गई है।

### पाकिस्तान में पोलियो के दो नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आने के बाद पड़ोसी देश में इस साल पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज ने राष्ट्रीय आपातकालीन परिचालन केंद्र के हवाले से बताया कि नवीनतम मामले लक्की मरवात और डेरा इस्माइल खान प्रांतों में सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि ये मामले जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) के हैं।

# अफ्रीका में एमपॉक्स के मामले 500 प्रतिशत बढ़े

अदीस अबाबा, एजेंसी

• प्रभावित देशों की कुल संख्या बढ़कर 19 हो गई

अफ्रीका में एमपॉक्स के पुष्ट मामलों में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, साथ ही प्रभावित देशों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। यह जानकारी अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने दी।

अफ्रीका सीडीसी के चीफ ऑफ स्टाफ नगाशी नगोंगो ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से अफ्रीका में 48,093 एमपॉक्स मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 10,372 की पुष्टि हुई है और 1,048 से ज्यादा मौतें हुई हैं। नगोंगो ने कहा, जब हम (इस वर्ष रिपोर्ट किए गए पुष्टि किए गए मामलों) की तुलना 2023 से करते हैं, तो यह 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। मामले अभी भी आम तौर पर ऊपर जा रहे हैं। मॉरीशस एमपॉएक्स मामलों की रिपोर्ट करने वाला नवीनतम अफ्रीकी देश बन गया है, जिससे प्रभावित देशों की कुल संख्या 19 हो गई है। अफ्रीका सीडीसी के डेटा से यह भी पता चलता है कि मध्य अफ्रीकी क्षेत्र इस प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित है, जो सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से 85.7 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

## पाकिस्तान में हवाई अड्डों पर बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने देशभर के हवाई अड्डों पर बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि शुक्रवार को देश की संघीय जांच एजेंसी को बायोमेट्रिक मशीनें लगाने के संबंध में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन काउंटरों पर ये मशीनें लगायी जायेंगी, ताकि यात्रियों का प्रभावी सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। बयान में कहा गया है कि मशीनें लगने के बाद अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य हो जायेगा। इससे भगोड़ों और वांछितों के लिए घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करना असंभव हो जायेगा।

# सुनामी: एक भीषण प्राकृतिक आपदा



विश्व सुनामी जागरूकता दिवस हर साल 5 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य सुनामी के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को सुनामी के खतरों और उनके प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है। यह दिवस 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया था, ताकि लोग सुनामी से बचाव की तैयारी और प्रतिक्रिया के महत्व को समझ सकें।

**इतिहास :** 2004 का इंडियन ओशन सुनामी, जिसे अक्सर सुनामी ऑफ 2004 के रूप में जाना जाता है, 26 दिसंबर 2004 को हुआ। इस सुनामी का कारण इंडियन ओशन में एक बड़े भूकंप का होना था, जिसकी तीव्रता 9 .1 से 9 .3 मापी गई। यह भूकंप सुमात्रा के पश्चिमी तट के पास स्थित एक खाई में आया, जिसने विशाल जलाशयों को विस्थापित किया और सुनामी लहरों का निर्माण किया।

**प्रमुख कारण**

**भूकंप :** समुद्र के तले होने वाले भूकंप सबसे सामान्य कारण हैं।

**ज्वालामुखी विस्फोट :** ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान समुद्र में बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है।

**भूस्खलन :** समुद्र के किनारे पर बड़े भूस्खलन भी सुनामी का कारण बन सकते हैं।

**सुरक्षा उपाय**

**सुनामी चेतावनी प्रणाली :** कई तटीय क्षेत्रों में चेतावनी प्रणाली स्थापित की गई हैं।

**तटीय समुदायों में शिक्षा :** लोगों को सुनामी के संकेतों और प्रतिक्रिया के तरीकों के बारे में शिक्षित करना।

**ऊंचे स्थान पर जाना :** सुनामी की स्थिति में ऊंचे स्थान पर जाने की सलाह दी जाती है।

**प्रभाव**

**प्रभावित क्षेत्र :** सुनामी का प्रभाव कई देशों पर पड़ा, जिनमें इंडोनेशिया, श्रीलंका, भारत, थाईलैंड, मालदीव और अन्य तटीय क्षेत्र शामिल थे।

**जनहानि :** लगभग 2,30,000 से 2,80,000 लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।

**आर्थिक नुकसान :** इसकी लागत लगभग 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जिसमें बुनियादी ढांचे, कृषि और पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान शामिल था।

# कनाडा को रिश्ते बिगड़ने की चेतावनी

## गृह मंत्री पर आरोप और भारतीय राजनयिकों को धमकाने एवं उत्पीड़न का विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

• विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब में कहा



भारत ने कनाडा के एक उप मंत्री द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्री पर बिना सबूत आरोप लगाने और भारतीय राजनयिकों को धमकाने एवं उत्पीड़न पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कनाडा सरकार को चेतावनी दी कि उसकी इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर होंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में कनाडा से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब में कहा, हमने शुक्रवार को कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया था। उन्हें 29 अक्टूबर को ओटावा में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्थायी समिति की कार्यवाही के संदर्भ में एक राजनयिक नोट सौंपा गया है। नोट में बताया गया है कि भारत सरकार, कनाडा सरकार में उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों का कड़े शब्दों में विरोध करती है। जायसवाल ने कहा कि वास्तव में, यह रहस्योद्घाटन केवल उस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है जो भारत सरकार लंबे समय से वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार शैली के बारे में रखती है कि कनाडा के उच्च अधिकारी भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सुविचारित रणनीति के तहत जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में निराधार आक्षेप लीक करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को स्पष्ट कर दिया गया है कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। कनाडाई साइबर सुरक्षा रिपोर्ट में भारत को एक शत्रु देश के रूप में वर्गीकृत किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह भारत पर हमला करने की कनाडाई रणनीति का एक और उदाहरण प्रतीत होता है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, उनके वरिष्ठ अधिकारियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि वे भारत के खिलाफ वैश्विक धारणा को बदलना चाहते हैं। अन्य अवसरों की तरह, इस रिपोर्ट में भी भारत पर बिना किसी सबूत के आरोप लगाए गए हैं।" कनाडा की सरकार द्वारा भारतीय राजनयिकों एवं अन्य अधिकारियों पर निगरानी रखे जाने के बारे में पूछने पर जायसवाल ने कहा, हमारे कुछ कांसुलर अधिकारियों को हाल ही में कनाडाई सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं और बने रहेंगे। उनके संचार को भी इंटरसेप्ट किया गया है। इस पर हमने औपचारिक रूप से कनाडाई सरकार का विरोध किया है क्योंकि हम इन कार्यों को प्रासंगिक राजनयिक और कांसुलर प्रावधानों का घोर उल्लंघन मानते हैं।

### कनाडा ने साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में भारत को किया शामिल

**ओटावा।** कनाडा ने पहली बार भारत का नाम साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। इसके जरिये उसने यह संकेत देने की कोशिश की है कि (भारत) सरकार द्वारा प्रायोजित तत्वों के माध्यम से ओटावा के खिलाफ जासूसी किए जाने की संभावना है। दोनों देशों के मध्य जारी कूटनीतिक विवाद के बीच, कनाडा की राष्ट्रीय साइबर खतरा आकलन 2025-2026 (एनसीटीए 2025-2026) रिपोर्ट में चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया के बाद भारत को पांचवें स्थान पर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा आकलन है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित साइबर खतरा पैदा करने वाले तत्वों द्वारा जासूसी के मकसद से कनाडा सरकार के नेटवर्क के खिलाफ साइबर खतरा पैदा करने वाली गतिविधि संचालित किए जाने की संभावना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक साल पहले कहा था कि कनाडा के पास इस बारे में विश्वसनीय सबूत हैं कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। एनसीटीए 2025-2026 कनाडा में व्यक्तियों और संगठनों के समक्ष उत्पन्न हो सकने वाले साइबर खतरों पर प्रकाश डालता है।

## भारतीय कंपनियों ने नहीं किया कानून का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका द्वारा भारत की 19 कंपनियों पर रूस को प्रतिबंधित सामग्री के निर्यात के आरोप में प्रतिबंध लगाये जाने पर आज स्पष्ट किया कि भारतीय कंपनियों ने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया है और भारतीय अधिकारी इस मुद्दे पर अमेरिकी अधिकारियों से बात कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रिपोर्टें देखी हैं।

भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं - वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के भी सदस्य हैं, और हम अप्रसार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रतिबंधों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 1540 को भी प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा, हमारी समझ यह है कि स्वीकृत लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं कर रही हैं।

# ईरान के सर्वोच्च नेता ने इजराइल और अमेरिका को धमकाया

दुबई, एजेंसी

• ईरानी अधिकारी इजराइल के खिलाफ एक और हमला करने की बात कर रहे



ईरान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को ईरान और इसके सहयोगियों पर हमलों को लेकर इजराइल तथा अमेरिका को करारा जवाब दिए जाने की धमकी दी। अयातुल्लाह अली खामेनेई ने यह धमकी ऐसे समय दी, जब 26 अक्टूबर को इस्लामिक गणराज्य पर हुए हमले के बाद ईरानी अधिकारी इजराइल के खिलाफ एक और हमला करने की बात कर रहे हैं। इस हमले में इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों और अन्य स्थानों को निशाना बनाया था, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे।

दोनों ओर से कोई अन्य हमला इस मंगलवार को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले पश्चिम एशिया को व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में उलझा सकता है, जो पहले से ही गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल के जमीनी अभियान से झुलस रहा है। खामेनेई ने ईरान के सरकारी मीडिया द्वारा जारी वीडियो में कहा, दुश्मन, चाहे यहूदी शासन हो या अमेरिका, वे जो कर रहे हैं उसका करारा जवाब निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने जवाबी कार्रवाई के समय या दायरे के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी सेना पूरे पश्चिम एशिया में सक्रिय है। इसके कुछ सैनिक अब इजराइल में 'टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस' (थाड) वायु रक्षा प्रणाली का प्रबंधन कर रहे हैं। खामेनेई (85) ने पहले की टिप्पणियों में अधिक सतर्क रुख अपनाया था और कहा था कि अधिकारी ईरान की कार्रवाई का मूल्यांकन करेंगे तथा इजराइल के हमले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए और न ही कम करके आंका जाना चाहिए। हालांकि, हमले के प्रभाव को छिपाने की ईरान की कोशिश विफल हो गई।

## हिजबुल्ला के शीर्ष सदस्य को पकड़ा गया : इजराइली सेना

**बातरुन (लेबनान)।** इजराइल की नौसेना ने उत्तरी लेबनान में हिजबुल्ला के एक शीर्ष सदस्य को पकड़ लिया है। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम बताए बिना बताया कि यह कार्रवाई उत्तरी लेबनान के बातरुन शहर में हुई। इससे पहले शनिवार को लेबनानी अधिकारियों ने कहा था कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या इजराइल ने लेबनानी समुद्री कप्तान को पकड़ लिया है, जिन्हें शुक्रवार को बातरुन के तट पर उतरे हथियारबंद लोगों के एक समूह अपने साथ ले गये थे। अधिकारी ने बताया, पकड़े गये शीर्ष सदस्य को इजराइली क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है और वर्तमान में उससे पूछताछ की जा रही है।

# पश्चिम एशिया में अतिरिक्त सैन्य सामग्री की तैनाती

वाशिंगटन, एजेंसी

• अमेरिका के रक्षा विभाग ने कहा कि वह युद्धपोत, लड़ाकू जेट और बमवर्षक सहित अतिरिक्त सैन्य संपत्ति भेज रहा

अमेरिका के रक्षा विभाग ने शुक्रवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में युद्धपोत, लड़ाकू जेट और बमवर्षक सहित अतिरिक्त सैन्य संपत्ति भेज रहा है। रक्षा विभाग के प्रेस सचिव पैट राइडर ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने क्षेत्र में अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और कई अमेरिकी वायु सेना बी-52 लंबी दूरी के हमलावर बमवर्षक विमानों की तैनाती का आदेश दिया है। इन बलों के पास आने वाले महीनों में अतिरिक्त सैन्य साजो सामान पहुंचने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से नवीनतम तैनाती का आदेश ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप पश्चिम एशिया से प्रस्थान करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट (जिसे पहले तैनात किया गया था) इस क्षेत्र में रहेगी। राइडर ने बयान में कहा, रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने यह स्पष्ट करना जारी रखा कि यदि ईरान, उसके साझेदार या उसके प्रतिनिधि इस अवसर का उपयोग क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों या हितों को निशाना बनाने के लिए करते हैं, तो अमेरिका अपने लोगों की रक्षा के लिए हर संभव उपयुक्त कदम उठाएगा। उल्लेखनीय है कि ऑस्टिन ने यह आदेश एक सप्ताह पहले ईरान के विरुद्ध इजराइल द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद दिया है।

## मोदी और यूनान के समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूनान के उनके समकक्ष कायरियाकोस मित्सोताकिस ने हाल में उच्च स्तरीय मुलाकातों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई गति की सराहना की है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि दोनों नेताओं ने भारत एवं यूनान की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। फोन पर की गई बातचीत के दौरान मित्सोताकिस ने आम चुनावों में मोदी के पुनः निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस वर्ष के प्रारंभ में मित्सोताकिस की भारत यात्रा के बाद व्यापार, रक्षा, नौवहन और संपर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बयान में बताया गया कि दोनों नेताओं ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ब्रिटेन-अमेरिका व कनाडा के सिखों को मुफ्त वीजा

इस्लामाबाद, एजेंसी

• पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा- 30 मिनट में मुफ्त ऑनलाइन वीजा जारी होगा



पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा से आने वाले सिख श्रद्धालुओं को 30 मिनट के भीतर मुफ्त ऑनलाइन वीजा दिया जाएगा। नकवी की यह टिप्पणी गुरुवार को लाहौर में सिख तीर्थयात्रियों के 44 सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद आई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार मंत्री ने सिख तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान की यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नकवी ने कहा कि सरकार ने सिखों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को ऑनलाइन करके आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के पासपोर्ट धारक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और बिना किसी शुल्क के 30 मिनट के भीतर अपना वीजा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुविधा इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों को भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय को और अधिक सुविधाएं प्रदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

## ब्रिक्स के खिलाफ बहुत जोर लगा रहा है अमेरिका: एलेक्सी

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के रूस के लिए कार्यकारी निदेशक एलेक्सी मोझिन ने कहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देश ब्रिक्स देशों के खिलाफ बहुत जोर लगा रहे हैं, जिससे संघ के सदस्यों पर दबाव बढ़ रहा है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने यह जानकारी दी है। मोझिन ने एक नवंबर को अपना पद छोड़ने से पहले ब्रिक्स के विकास के बारे में पश्चिम की चिंताओं पर अपने साक्षात्कार में कहा, अमेरिका-ब्रिक्स देशों को पीछे से पकड़ने की बहुत कोशिश कर रहा है, जिससे देश भारी दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने दूतावासों के माध्यम से ब्रिक्स सदस्यों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। मोझिन ने कहा कि पश्चिमी देश ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच सहयोग के प्रगाढ़ होने पर चिंतित हैं, लेकिन इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं।

# ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी ने बेडेनॉच को नेता चुना

लंदन, एजेंसी

• चुनाव में हार मिलने पर पार्टी पुन: संगठित करने की कोशिश में जुटी



ब्रिटेन में 14 सालों तक सत्ता में रहने के बाद चुनाव में करारी हार मिलने पर अपने को पुनः संगठित करने की कोशिश में जुटी कंजरवेटिव पार्टी ने शनिवार को केमी बेडेनॉच को अपना नया नेता चुना।

बेडेनॉच ने दक्षिण मध्यमार्गी पार्टी के लगभग 100,000 सदस्यों द्वारा किये गये मतदान में प्रतिद्वंद्वी सांसद रॉबर्ट जेनरिक को हराया। वह किसी प्रमुख ब्रिटिश राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। बेडेनॉच ने ऋषि सुनक की जगह ली है जिनके ही नेतृत्व में जुलाई में कंजरवेटिव पार्टी की करारी हार हुई थी। कंजरवेटिव पार्टी को 200 से अधिक सीट गंवानी पड़ी और वह 121 पर सिमट गयी। यह 1832 के बाद से इस दल की सबसे बुरी हार थी। वर्षों के विभाजन, घोटाले और आर्थिक उथल-पुथल के बाद पार्टी की प्रतिष्ठा को बहाल करने, अर्थव्यवस्था और आव्रजन सहित प्रमुख मुद्दों पर लेबर प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की नीतियों की खामियां उजागर करने और 2029 तक होने वाले अगले चुनाव में कंजर्वेटिव को सत्ता में वापस लाने की कोशिश करना नये नेता की चुनौती है।

अमेरिकी चुनाव

राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने लगाया आरोप

# अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे ट्रंप

वाशिंगटन,एजेंसी



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं।

अगले सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप जो पेशकश कर रहे हैं, अमेरिका उससे बेहतर का हकदार है। अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है जो आदर्श बनने की हमारे लोगों और बाकी दुनिया के प्रति हमारी जिम्मेदारी एवं भूमिका को समझे। हैरिस ने विस्कॉन्सिन में संवाददाताओं से कहा, जैसा कि आपने मुझे कई बार कहते सुना है, अमेरिकी लोगों के प्रति मेरा संकल्प यह है कि मैं सामान्य ज्ञान के आधार पर समाधान निकालूंगी, उन लोगों की भी सुनूंगी जो मुझसे असहमत हैं, विशेषज्ञों की बात सुनूंगी और सभी अमेरिकियों की राष्ट्रपति बनूंगी। उन्होंने कहा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं। वह अमेरिकियों को एक-दूसरे पर उंगली उठाने के लिए उकसाने में पूरा समय बिताते हैं। वह अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने का षड्यंत्र रचने में बहुत समय बिताते हैं। हैरिस ने कहा कि ट्रंप तेजी से एक ऐसे व्यक्ति बनते जा रहे हैं जो अपने राजनीतिक विरोधियों को अपना दुश्मन मानते हैं, हमेशा बदला लेने की फिराक में रहते हैं। हैरिस ने कहा, मेरा नजरिया एकदम स्पष्ट है। मैं हमारे लोकतंत्र में विश्वास करती हूं। लोकतंत्र अद्भुत लेकिन जटिल होता है, हमें बहस पसंद होती है। हम मतभेदों को स्वीकार करते हैं। मैं अपने मंत्रिमंडल में रिपब्लिकन नेता को शामिल करूंगी और इसका एक कारण यह है कि मैं विभिन्न लोगों के विचार जानना चाहती हूं।

### आर्थिक आपदा को समाप्त कर नया आर्थिक चमत्कार करूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले सप्ताह होने वाले आम चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की आर्थिक नीतियों को आपदा बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि वह चुनाव जीत जाते हैं तो वह नए आर्थिक चमत्कार करेंगे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी उत्पादों के निर्माण एवं उनकी खरीद को बढ़ावा देने और अमेरिकी लोगों को नौकरी देने का वादा किया। ट्रंप ने मिशिगन के डेट्रॉयट में एक चुनावी रैली में कहा, हम कमला द्वारा लाई गई आर्थिक आपदा को समाप्त करेंगे और एक नए ट्रंप आर्थिक चमत्कार की शुरुआत करेंगे।

# लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में 52 की मौत

बेरुत, एजेंसी

पूर्वी लेबनान के बाल्बेक शहर और आसपास के कस्बों और गांवों पर हुए इजराइली हवाई हमलों में शुक्रवार को 52 लोग मारे गए और 72 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी।

इजराइली बलों ने नागरिकों के ले चेतावनी जारी करने और क्षेत्र के पूरे शहरों, गांवों और कस्बों को खाली करने का आह्वान करने के बाद पिछले दिनों पूर्वी लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। अधिकांश हताहत बालबेक, अल-अलक, यूनिन, बदनयेल, अल-बज़ालियाह, अम्हाज़, इयाट, लबवेह, हरबता, नहले, तराया और हौश एन नबी सहित इलाकों में हुए। इज़राइली सेना सितंबर के अंत से हिज़्बुल्लाह के साथ संघर्ष में वृद्धि होने के कारण लेबनान पर गहन हमले कर रही है। अक्टूबर की शुरुआत में, इज़राइल ने लेबनान में उत्तरी सीमा पर एक जमीनी अभियान शुरू किया।

### लेबनान से आने वाले 3 प्रोजेक्टाइल की पहचान की

**यरूशलम।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने लेबनान से इजराइल में उड़ान भरने वाले तीन प्रोजेक्टाइल की पहचान की है, जिनमें से कुछ को रोक दिया गया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, मध्य इज़राइल में बजने वाले सायरन के बाद, लेबनान से इज़राइली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई।